CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 14°C

नई दिल्ली, शनिवार 8 नवम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 217 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश से मिले आजम खां, बोले 'अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग' पेज 2



ब्रिस्बेन में सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार खेल टाइम्स




परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है सम्पादकीय



पाकिस्तान एटमी हथियारों की तस्करी कर रहाः भारत पेज 12

# मोदी से चल रही अच्छी बात, जल्द करूंगा भारत का दौरा: ट्रम्प

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिका के राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत बेहद अच्छी चल रही है और वे जल्द ही भारत दौरे पर आ सकते हैं। ट्रम्प ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा हमारे बीच बातचीत बहुत अच्छी चल रही है। उन्होंने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद कर दिया है।

मोदी मेरे दोस्त हैं, हम बात करते रहते हैं और उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है। हम तारीख तय करेंगे, प्रधानमंत्री मोदी एक महान व्यक्ति हैं और मैं भारत जाऊंगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे अगले साल भारत का दौरा करेंगे, तो ट्रम्प ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, हो सकता है, हां। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर बातचीत अभी जारी है। ट्रम्प ने कहा कि ट्रेड के कुछ मुद्दों पर मतभेद हैं, लेकिन हमारी टीम इस पर काम कर रही है। हालांकि दोनों देशों के बीच बीते कुछ समय से व्यापार को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। अमेरिका चाहता है कि भारत अपने बाजारों को और अधिक खोलने पर विचार करे, जबकि भारत कृषि और तकनीकी क्षेत्र में अमेरिकी रियायतों की उम्मीद कर रहा है। ट्रम्प के कार्यकाल के दौरान भी दोनों देशों के बीच कई व्यापारिक समझौतों पर बात हुई थी, लेकिन कुछ मतभेदों के कारण वे अधूरे रह गए थे। ट्रम्प ने हाल ही में भारत-रूस तेल व्यापार को लेकर भी बयान दिया था। उनका कहना था कि भारत अब रूस के साथ तेल व्यापार को सीमित करेगा। पिछले महीने से ट्रम्प इस मुद्दे पर कई दावे कर चुके हैं। इससे पहले भी ट्रम्प ने अपने भाषण के दौरान भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए थे।

**टैरिफ विवाद के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति का बड़ा ऐलान**
**कहा- भारत ने रूस से तेल खरीदना काफी हद तक बंद किया, मोदी मेरे दोस्त हैं, उन्होंने मुझे भारत आने का न्योता दिया है**



## सीबीआई ने अकील अख्तर की संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने पंजाब के पूर्व डीजीपी मोहम्मद मुस्तफा और पंजाब की पूर्व लोक निर्माण विभाग मंत्री रजिया सुल्ताना के बेटे अकील अख्तर की गत 16 अक्टूबर को पंचकूला में हुई संदिग्ध मौत के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली। सीबीआई ने शुक्रवार को बताया कि अकील अख्तर की संदिग्ध मौत का मामला सबसे पहले 20 अक्टूबर को पंचकूला के मनसा देवी कॉम्प्लेक्स पुलिस थाने में दर्ज किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### गायिका-अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का हुआ अंतिम संस्कार



**मुंबई।** हिंदी फिल्मों की प्रसिद्ध पार्श्व गायिका और अभिनेत्री सुलक्षणा पंडित का शुक्रवार को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर परिवार के सदस्य और करीबी लोग मौजूद थे। सुलक्षणा पंडित का गुरुवार शाम लंबी बीमारी के बाद 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। सुलक्षणा पंडित 1970 और 1980 के दशक के आरंभ में लोकप्रिय गायिका एवं अभिनेत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई और उन्होंने उस समय हिंदी फिल्में के बड़े सितारों जितेन्द्र, संजीव कुमार, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना, शशि कपूर और शत्रुघ्न सिन्हा के साथ फिल्में की। उन्होंने अपने अभिनय की शुरुआत 1975 की सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म 'उलझन' में संजीव कुमार के साथ की और उन्होंने क्लासिक उपन्यास परिणीता पर आधारित अनिल गांगुली की फिल्म 'संकोच' (1976) में लोलिता की भूमिका के लिए प्रशंसा अर्जित की। उनकी फिल्मों में हेरा फेरी, अपनापन, खानदान, चेहरे पे चेहरा, धरम कांटा और वक्त की दीवार जैसे लोकप्रिय फिल्में शामिल हैं।

### 68 करोड़ के बैंक गारंटी मामले में रिलायंस पावर का संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर लिमिटेड से जुड़ी जाली ऋण गारंटी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के नवीनतम घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को एक और संदिग्ध अमरनाथ दत्ता को गिरफ्तार किया। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दत्ता को रिलायंस पावर लिमिटेड की एक सहायक कंपनी द्वारा सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसईसीआई) को 68 करोड़ रुपये से अधिक की जाली बैंक गारंटी (बीजी), फर्जी बैंक गारंटी अनुमोदन और एसएफएमएस जमा करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने व्यापार के लिए वित्तीय सेवा उपलब्ध कराने के नाम पर परामर्श सेवाएं प्रदान करने का दावा किया था। दत्ता ने पहले गिरफ्तार किए गए अशोक पाल और पार्थसारथी बिस्वाल के साथ मिलकर फर्जी बैंक गारंटी प्रदान करने में सक्रिय भूमिका निभाई थी। अमरनाथ दत्ता को नई दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 नवम्बर तक ईडी की हिरासत में भेज दिया गया।

### अतीक के बहनोई, वकील, ड्राइवर और नौकर की जमानत अर्जी खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी रहे अतीक अहमद के बहनोई डा. अखलाक अहमद, वकील विजय मिश्रा, ड्राइवर व नौकर नियाज की जमानत अर्जी खारिज कर दी। पिछली सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया। शुक्रवार को हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। सभी आरोपियों की ओर से दाखिल अपराधिक अपील पर न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकल पीठ सुनवाई कर रही थी। मेरठ निवासी अतीक के बहनोई डा. अखलाक अहमद पर हत्याकांड के बमबाज गुड्डू मुस्लिम को शरण देने का आरोप है। जबकि, बाकी मुल्जिमों पर हत्या की साजिश रचने का आरोप है। हत्याकांड के बाद से फरार बमबाज गुड्डू मुस्लिम पांच लाख का इनामी है। पुलिस का दावा है कि घटना को अंजाम देने के बाद इसने डा. अखलाक के मेरठ स्थित घर पर शरण ली थी। मेरठ से गिरफ्तार एकलाख ने जमानत पर रिहाई के लिए सितम्बर 2023 में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। डा. अखलाक के अधिवक्ता ने दलील दी थी कि उनका नाम एफआईआर में नामजद नहीं है। वह पेशे से डाक्टर हैं। अपराध की दुनिया से उसका कोई वास्ता नहीं है। उसे केवल अतीक के रिश्तेदार होने के कारण फंसाया गया है। अतीक के वकील विजय पर उमेश पाल हत्याकांड में मुखबिरी करने का आरोप है।

# आवारा कुत्तों को सड़कों-हाईवे से हटाएं

## सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को जारी किया अहम निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अहम निर्देश जारी किया है। कोर्ट ने कहा है कि सभी आवारा पशुओं को सड़कों, राज्य के हाईवे और राष्ट्रीय राजमार्गों से हटाया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर राज्यों के साथ-साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और नगरपालिकाओं को भी निर्देश जारी किया है।

इतना ही नहीं कोर्ट ने निर्देश दिया है कि आवारा पशुओं को हटाने के लिए हाईवे निगरानी टीमें बनाई जाएं जो उन्हें पकड़ कर सड़कों से हटाएंगी और शेल्टर होम्स में रखेंगी। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में आगे आवारा कुत्तों के मुद्दे पर भी आदेश जारी किया। कोर्ट ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों, बस और रेलवे स्टेशनों से आवारा कुत्तों को हटाया जाए और उन्हें शेल्टर होम में जगह दी जाए। साथ ही उन्हें टीकाकरण के बाद भी उसी इलाके में न छोड़े जाने के निर्देश दिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान कुत्तों के काटने के मामलों में चौंकाने वाली बढ़ोतरी की बात कही और आदेश दिया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के बाद उन्हें शेल्टर में टीके दिए जाएं। इसके बाद उन्हें पुरानी जगहों पर न छोड़ा जाए। इसके अलावा सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों के दोबारा न घुसने देने के इंतजाम भी तय हों। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 13 जनवरी को करेगी। पीठ ने आवारा कुत्तों को सार्वजनिक रूप से भोजन कराने पर भी रोक लगाई और उनके लिए भोजन स्थल बनाने का निर्देश दिया। पीठ ने मामले का दायरा दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से आगे बढ़ाकर इसे पूरे भारत में लागू कर दिया है। पीठ ने शुक्रवार को स्वत: संज्ञान लेकर आवारा कुत्तों के मामले में यह आदेश पारित किया।



**राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और नगर पालिकाओं को भी शीर्ष अदालत ने निर्देश किया जारी**

### विमान हादसा: पायलट के पिता की याचिका पर केंद्र- डीजीसीए से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए पायलट के पिता की स्वतंत्र जांच की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और डीजीसीए से जवाब तलब किया है। वहीं इस मामले में कोर्ट ने मृत पायलट के पिता से साफ कहा कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में भी पायलट के खिलाफ कोई आरोप नहीं है। कोर्ट ने पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल के 91 वर्षीय पिता से कहा कि उनके बेटे को हादसे के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है और उन्हें खुद पर इसका बोझ नहीं लेना चाहिए।पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को नोटिस जारी किया है।


### SIR: DMK की याचिका पर सुनवाई को तैयार हुआ कोर्ट

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की डीएमके सरकार ने राज्य में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। अब सुप्रीम कोर्ट 11 नवम्बर को इस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। डीएमके की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील विवेक सिंह ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की, जिसके बाद पीठ ने याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने की बात कही। डीएमके के संगठन सचिव आरएस भारती ने चुनाव आयोग द्वारा तमिलनाडु में एसआईआर कराने के फैसले के खिलाफ 3 नवम्बर को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# 1937 में विभाजन के बीज बोए गए, वही सोच आज भी देश के लिए बड़ी चुनौती: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव का शुभारंभ किया है।

इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया, लेकिन दुर्भाग्य से 1937 में इसकी आत्मा का एक हिस्सा, वंदे मातरम के महत्वपूर्ण पदों को अलग कर दिया गया। वंदे मातरम को खंडित किया गया, उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए। वंदे मातरम के इसी विभाजन ने देश के विभाजन के बीज भी बोए... आज की पीढ़ी के लिए यह जानना जरूरी है कि यह अन्याय क्यों हुआ, क्योंकि वही विभाजनकारी सोच आज भी देश के लिए चुनौती बनी हुई है। वंदे मातरम, ये शब्द एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है, एक संकल्प है। वंदे मातरम, ये शब्द मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। वंदे मातरम, ये शब्द हमें इतिहास में ले जाता है, ये हमारे वर्तमान को नए आत्मविश्वास से भर देता है और हमारे भविष्य को ये नया हौसला देता है कि ऐसा कोई संकल्प नहीं जिसकी सिद्धि न हो सके, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं जिसे हम भारतवासी पा न सकें।



**कहा: आजादी की लड़ाई में वंदे मातरम की भावना ने पूरे राष्ट्र को आलोकित किया**

# दिल्ली हवाई अड्डे पर एयर ट्रैफिक कंट्रोल समस्या, 300 उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली/मुंबई।** दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार को हवाई यातायात नियंत्रण प्रणाली में तकनीकी खामी के कारण लगभग 300 घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ। सैकड़ों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसका असर मुंबई के हवाई अड्डे पर भी देखा गया है।

मुंबई में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुंबई एयरपोर्ट की तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया कि दिल्ली स्थित स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में आई एक तकनीकी समस्या के कारण मुंबई हवाई अड्डे पर भी उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। एयर ट्रैफ़िक कंट्रोल (एटीसी) में इस प्रणाली से मदद मिलती है। संबंधित अधिकारी इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

**यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा**

# दिल्ली में सीजन की सबसे ठंडी रात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी राज्यों में ठंड ने दस्तक दे दी है। दिल्ली में गुरुवार को इस मौसम की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। दिल्ली का न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री तक गिर गया।

इस सर्दी सीजन में पहली बार है जब तापमान 15 डिग्री से नीचे चला गया। इससे पहले, इस साल का न्यूनतम तापमान 26 अक्टूबर को 15.8 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 48 घंटों में मप्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान, दिल्ली सहित मध्य और उत्तर भारत के राज्यों में तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक और गिर सकता है। तापमान में गिरावट के साथ ठंडी हवाएं भी चलेंगी। इससे कड़ाके की ठंड का एहसास होगा। राजस्थान के 3 शहरों में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। फतेहपुर में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज हुआ। नागौर में 9.4 और बीकानेर के पास लूणकरणसर में 8.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। मध्य प्रदेश के औसत तापमान में गुरुवार रात 6.1 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। राज्य के राजगढ़ में सबसे कम 11 डिग्री तापमान रहा। इंदौर में 12.1 डिग्री और भोपाल में 13 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।



**अगले दो-तीन दिन में कड़ाके की ठंड का अनुमान जताया**

## वंदे मातरम की ध्वज वाहक है कांग्रेस: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को अपने एक बयान में कहा कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के अवसर पर खड़गे ने कहा कि वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया। वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है। खड़गे ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है। साल 1896 में कलकत्ता में कांग्रेस के अधिवेशन के दौरान तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष रहमतुल्लाह सयानी के नेतृत्व में गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार सार्वजनिक रूप से वंदे मातरम गाया था। उस पल ने आजादी की लड़ाई में नई जान फूंक दी।

# पूरा चुनाव ही चोरी कर लिया गया: राहुल गांधी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा पर वोट चोरी के आरोप लगाए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पूरा चुनाव चोरी किया गया और नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं।

हालांकि भाजपा ने राहुल गांधी के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि राहुल गांधी अपनी नाकामी को छिपाने के लिए देश के लोकतंत्र को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया, हमारे पास बहुत सारा मैटेरियल है। हम वोट चोरी का पर्दाफाश करने की प्रक्रिया जारी रखेंगे। हम भारत के जेन जी, युवाओं को साफ तौर पर दिखाएंगे कि नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं और भाजपा चुनाव चोरी करती है। बुधवार की अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह एक सामान्य सी बात है। मैंने अपनी प्रेजेंटेशन में दिखाया कि हरियाणा चुनाव, चुनाव नहीं था, और बड़े पैमाने पर चोरी हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि मेरे द्वारा लगाए गए सभी आरोपों पर चुनाव आयोग की ओर से कोई जवाब नहीं आया है और भाजपा लगातार चुनाव आयोग का बचाव कर रही है, लेकिन वे मेरी कही बात को गलत नहीं बता रहे हैं। राहुल गांधी ने दावा किया था कि हरियाणा चुनाव के दौरान मतदाता सूची में 25 लाख एंट्री फर्जी थीं और चुनाव आयोग ने पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए भजापा के साथ मिलीभगत की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि मीडिया ब्राजीली मॉडल के मुद्दे को उठा रहा है।

**कांग्रेस नेता का पीएम मोदी पर तीखा हमला**
**कहा: नरेंद्र मोदी, चुनाव चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं**



# 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के रौनापार क्षेत्र में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और आजमगढ़ स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश मार गिराया गया।

पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह ने बताया कि जोकहरा गांव के पुल के पास हुई इस मुठभेड़ में तीन अन्य बदमाश मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए। मारे गए बदमाश की शिनाख्त वाकिब उर्फ वाकिफ (27) निवासी थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ के रूप में की गई है । सिधारी क्षेत्र में हुई छिनैती की घटना के सुराग के लिए स्वाट टीम एवं थाना सिधारी पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ हुई।

**मारे गए बदमाश की पहचान वाकिफ के रूप में हुई**

## संक्षिप्त समाचार

### एससी-एसटी एक्ट की आड़ में झूठी शिकायत पर हाईकोर्ट पर सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/एसटी एक्ट की आड़ में झूठी शिकायत कर सरकारी मुआवजा प्राप्त करने के मामले में सख्त टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि यह कानून कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए बनाया गया है, न कि इसे निजी लाभ या दबाव बनाने के साधन के रूप में इस्तेमाल करने के लिए। अदालत ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रयागराज की रामकली और उसकी दो बहुएं कविता और सविता ने पहले कोर्ट में कहा था कि उन्होंने ही एफआईआर कराई है और उन पर अत्याचार हुआ है। इसके आधार पर इन्हें सरकार से मुआवजा भी दिया गया, लेकिन बाद में हाईकोर्ट में बयान बदलते हुए कहा गया कि उनके अंगूठे के निशान खाली कागज पर लिए गए थे और उन्होंने जानबूझकर शिकायत नहीं की थी।

### मतदाताओं ने विकसित बिहार के मुद्दे पर लगाई मुहर: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के बाद बिहारवासियों की सराहना करते हुए कहा है कि लोगों ने विकसित बिहार पर अपनी मुहर लगा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- बिहार ने प्रथम चरण के मतदान में भाजपा-एनडीए सरकार के संकल्प 'विकसित बिहार' पर अपने विश्वास और आशीर्वाद की मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज सत्याग्रह और राष्ट्रवाद की तीर्थभूमि पूर्वी चंपारण एवं पश्चिमी चंपारण की सुशासनप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा।

# एसआईआर को लेकर भाजपा ने 75 जिलों में बनाए वॉर रूम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विधानसभा क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने की अपनी रणनीति के तहत, भारतीय जनता पार्टी ने बूथ स्तर पर समर्पित वॉर रूम और कार्यकर्ताओं की विशेष टीमें स्थापित की हैं।

पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि मुख्य रूप से जिला और क्षेत्रीय स्तर पर गठित इन वॉर रूम का संचालन 75 जिलों और छह क्षेत्रों (पश्चिमी उत्तर प्रदेश, ब्रज, अवध, काशी, गोरखपुर और कानपुर-बुंदेलखंड) में से प्रत्येक में 11 लोगों की एक टीम द्वारा किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि ये टीमें पार्टी के जिला और विधानसभा स्तर के समन्वयकों से रोजाना फीडबैक ले रही हैं। पार्टी ने टीमों को कार्यकर्ताओं के कामकाज पर नज़र रखने और बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। बूथ जीतना ही चुनाव जीतना है। हम बूथ स्तर पर तैयारियों के तहत इसी मंत्र पर काम कर रहे हैं। एक वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी ने कहा कि एसआईआर के मामले में भी, पार्टी ने मतदाता सूचियों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग के साथ समन्वय स्थापित करने की विस्तृत योजना बनाई है।

विशेषज्ञों ने कहा कि भाजपा वॉर रूम, एसआईआर के दौरान वास्तविक समय में डेटा निगरानी और जवाबदेही को औपचारिक रूप देने की पार्टी की रणनीति को रेखांकित करते हैं।

### अगर वोटर घर पर नहीं, तो ऐसे भरेगा एसआईआर का फॉर्म: यूपी सीईओ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से अपील की है कि शुद्ध निर्वाचक नामावली मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। यूपी में चार नवंबर से मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण शुरू हो चुका है, जिसके बाद से बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हम प्रत्येक मतदाता से अनुरोध करते हैं कि वे गणना फॉर्म को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को वापस दे दें। यदि मतदाता घर पर नहीं हैं, तो परिवार का कोई भी वयस्क सदस्य सभी सदस्यों की जानकारी भरकर हस्ताक्षर सहित फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फॉर्म बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे, उनके नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में सम्मिलित किए जाएंगे, जिसका प्रकाशन 9 दिसंबर 2025 को होगा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सभी मतदाता समय पर अपना फॉर्म भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि किसी का नाम सूची से छूटे नहीं। उन्होंने बताया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, उनके लिए दूसरा चरण चलेगा।

# विद्युत संशोधन विधेयक वापस ले सरकार

लखनऊ, वार्ता

**एआईपीईएफ ने की सरकार से मांग**

ऑल इंडिया पावर इंजी. नियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को ड्राफ्ट विद्युत (संशोधन) विधेयक 2025 पर अपनी टिप्पणियां सौंपते हुए विधेयक को तत्काल वापस लेने की मांग की है। इंजीनियरों का कहना है कि विधेयक का उद्देश्य पूरे बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना है, जो किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए आत्मघाती साबित होगा।

एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने बताया कि यदि यह विधेयक लागू हुआ, तो दशकों में बनी एकीकृत और सामाजिक रूप से संचालित बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी और बिजली वितरण व उत्पादन के सबसे लाभदायक हिस्से निजी कंपनियों के हाथ सौंप दिए जाएंगे जबकि घाटा और सामाजिक दायित्व सार्वजनिक क्षेत्र को ही उठाने पड़ेंगे।

दुबे ने कहा कि यह विधेयक सार्वजनिक हित में क्षेत्र को सहारा देने के बजाय बड़े पैमाने पर निजीकरण, व्यावसाईकरण और भारतीय बिजली प्रणाली के केंद्रीकरण का रास्ता साफ करने के लिए बनाया गया है। यह सार्वजनिक उपयोगिताओं की वित्तीय स्थिरता, उपभोक्ताओं के लोकतांत्रिक अधिकारों, भारतीय राज्य की संघीय संरचना और देशभर में लाखों बिजली क्षेत्र कर्मचारियों की आजीविका को खतरे में डालता है। उन्होंने कहा कि लागत-प्रतिबिबी टैरिफ (कास्ट रिफ्लेक्टिव टैरिफ) का प्रावधान और क्रॉस-सब्सिडी की वापसी से किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ असहनीय हो जाएगा। दुबे ने बताया कि पहले भी वर्ष 2014, 2018, 2020, 2021 और 2022 में केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने विद्युत (संशोधन) विधेयक पेश किए थे, लेकिन कर्मचारी-विरोधी, किसान-विरोधी और उपभोक्ता-विरोधी प्रावधानों के कारण तथा बिजली इंजीनियर्स, बिजली कर्मचारी, किसान संगठन, उपभोक्ता मंच और कई राज्य सरकारों के कड़े विरोध के चलते ये विधेयक पारित नहीं हो सके।

# पर्यटन नीति-2022 के तहत यूपी में खुलेंगे वेलनेस सेंटर

लखनऊ, वार्ता




उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने पर्यटन नीति-2022 के अंतर्गत व्यक्तियों, संस्थाओं और उद्यमियों को प्रदेशभर में वेलनेस सेंटर स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया है। इस पहल का उद्देश्य योग, प्राकृतिक चिकित्सा और पारंपरिक भारतीय उपचार पद्धतियों के माध्यम से आध्यात्मिकता और पर्यटन को एक सूत्र में जोड़ना है।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में लोग तेजी से वेलनेस आधारित जीवनशैली अपना रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में वेलनेस सेंटरों की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक वेलनेस पद्धति से जोड़ना है। इससे पर्यटकों को आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी जैसी आयुष पद्धतियों का अनुभव प्राप्त होगा। पर्यटन नीति-2022 के अनुसार वेलनेस सेंटरों को अनुभव आधारित पर्यटन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया है। प्रत्येक वेलनेस सेंटर में कम से कम पांच थेरेपी कक्ष होना अनिवार्य होगा, जहां आयुष पद्धतियों पर आधारित विशेष उपचार और सेवाएं प्रदान की जाएंगी। वहीं वेलनेस रिज़ॉर्ट के लिए कम से कम एक एकड़ भूमि और 20 कमरे आवश्यक हैं, साथ ही थेरेपी और योग गति. विधियों के लिए अलग परिसर भी होना चाहिए। पर्यटन विभाग का मानना है कि ऐसे वेलनेस सेंटर उन पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करेंगे, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और समग्र जीवनशैली सुधार की तलाश में रहते हैं। मंत्री ने बताया

## सपा मुखिया अखिलेश से मिलने के बाद बोले आजम खान

# अब भी जिंदा हैं पत्थर से मजबूत लोग

शाह टाइम्स ब्यूरो



मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं: आजम खान



जब आजम हमारे घर आए न जाने कितनी यादें अपने संग लेकर आए: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान ने शुक्रवार को लखनऊ में पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर पहुंच कर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ बेटे अब्दुल्ला आजम भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं के बीच करीब 45 मिनट तक चली यह बैठक राजनीतिक रूप से काफी अहम मानी जा रही है, जिससे राजधानी के राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है।

आजम खान से मुलाकात के बाद अखिलेश यादव ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा कि न जाने कितनी यादें संग ले आए, जब वो आज हमारे घर पर आए। ये जो मेलमिलाप है यही हमारी साझा विरासत है। वहीं बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में आजम खान ने कहा कि आज मेरे आने का मकसद सिर्फ इतना था कि लोगों को बता सकूं कि आज भी इस धरती पर कुछ ऐसे लोग जिंदा हैं, जिनकी सहनशीलता किसी पत्थर और पहाड़ से ज्यादा मजबूत है। अपने सादे जीवन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे घर में कल भी जनरेटर नहीं था, आज भी नहीं है, और जब तक मेरे समाज के हर व्यक्ति के घर में जनरेटर नहीं लग जाएगा, मैं भी जनरेटर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा कि आज ऐसा दौर है, जब लोग हजारों किलोमीटर चलकर मिलने आते हैं और गले लगते हैं, उनमें से कई मेरे धर्म के भी नहीं हैं। यही असली बदलाव है और यह बदलाव महसूस भी हो रहा है। जेल में बिताए समय को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि अगर मुझे कभी इतना वक्त मिला कि मैं कुछ लिख सकूं, तो मैं दावा करता हूं कि आप उसे पढ़ नहीं सकेंगे। बिहार के मौजूदा चुनावी माहौल पर तंज करते हुए आजम खान ने कहा कि यहां बादशाह से लेकर वजीर तक कहते हैं कि बिहार में जंगलराज है, लेकिन जंगल में कौन रहता है, इंसान तो नहीं। अगर मैं उस 'जंगलराज' में चला जाऊं, तो देख लेना, मैं अपना सिर रेल की पटरी पर नहीं रखूंगा। आजम खान ने कहा कि लोग कह रहे हैं कि बिहार में बदलाव आने वाला है और जब लोग कहते हैं, तो शायद सही कहते हैं। अपने ऊपर दर्ज मामलों को लेकर उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि अगर 'तनखइया' कहने पर मेरी सदस्यता जा सकती है, मुर्गी चोरी पर 21 साल की सजा और 30 लाख का जुर्माना हो सकता है, तो फिर दूसरे लोग क्यों माहौल खराब करें।

### नई पीढ़ी कट्टर विचारों के खिलाफ: सपा

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर बिना नाम लिए भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी किसी भी तरह के कट्टर विचारों के खिलाफ होती है। यादव ने लिखा कि 'नई पीढ़ी' इसीलिए नई कही जाती है, क्योंकि उसकी सोच नई होती है, पुरानी नहीं। नई पीढ़ी आने वाले कल की ओर खुले नज़रिए से देखती है। वह पिछली पीढ़ियों की तुलना में अधिक प्रगतिशील होती है और उसका सोचने का दायरा बहुत बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी दुनिया भर को न केवल अनुभव करना चाहती है, बल्कि गले भी लगाना चाहती है। नई पीढ़ी का नेचर इंक्लूसिव और एकमोडेटिंग होता है। उसमें भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होती। वह हर धर्म, पंथ और विचार के प्रति सहनशील होती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि नई पीढ़ी के विचार 'फ्लेक्सिबल और मानवीय' होते हैं। वह सबको सुनना, समझना चाहती है।



सेंसेक्स 83311.01
निफ्टी 25492.30



सोना रु. 120231
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 148010
प्रति किलो



# सेंसेक्स और निफ्टी में रही हल्की गिरावट

मुंबई, वार्ता



वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं और विदेशी संस्थागत निवेशकों के बीच शुक्रवार को शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के साथ स्थानीय शेयर में नरमी का सिलसिला बना रहा और बीएसई-30 सेंसेक्स और निफ्टी-50 हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। वाहन, वित्तीय सेवा और बैंकिंग क्षेत्र के शेयरों ने बाजार को बड़ी गिरावट से बचा लिया। प्रमुख सूचकांकों में गुरुवार को भी गिरावट दर्ज की गई थी।

बीएसई संसेक्स सूचकांस 83,311.01 के पिछले बंद की तुलना में आज सुबह तेजी से गिरावट के साथ 83,150.15 पर खुला और नीचे में 82,670.95 तक गिरने के बाद अपराह्न के कारोबार में काफी हद तक संभल गया और कारोबार के अंत में 83,216.28 पर बंद हुआ। यह कल की तुलना में 94.73 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी) का 50 प्रमुख शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 50 भी उतार चढाव भरे कारोबार में 17.40 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,492.30 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 25,433.80 पर तेजी से गिरावट के साथ खुल कर 25,318.45 तक नीचे चला गया था। अपराह्न के सत्र में यह एक बार 25,551.25 के स्तर तक चढ़ गया था। बीएसई में आज लाभ और हानि में रहे शेयरों की संख्या बराबर रही और बैंकिंग तथा प्रौद्योगिकी शेयरों में मिलाजुला रुख दिखा। लाभ में रहे 15 शेयरों में बजाज फाइनेंस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, अडानी पोर्ट्स, बीईएल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, पावर ग्रिड, कोटक बैंक, सन फार्मा, मारुति, एटर्नल और एलएंडटी शामिल हैं। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स 0.76 प्रतिशत सुधर कर 27,238.75, निफ्टी बैंक 0.56 प्रतिशत सुधर कर 57,876.80 और व्यापक आधार वाला निफ्टी- 100, 0.04 प्रतिशत की हल्की गिरावट के साथ 26144.20 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 में 0.63 प्रतिशत और निफ्टी ऑटो में 0.57 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। ब्रोकरेज फर्म जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू शेयर बाज़ार शुरुआती गिरावट से उबर गए, क्योंकि शुरुआती गिरावट के बाद कारोबार के दौरान विभिन्न स्तरों पर खरीदारी बढ़ गई थी। नायर की राय में कंपनियों के मिश्रित तिमाही नतीजों, सतर्क वैश्विक संकेतों और लगातार विदेशी संस्थागत निवेशकों की निक. ासी के बीच इसे रुझान में बदलाव कहना अभी जल्दबाजी होगी।

### आज फिर लुढ़की सोना और चांदी की कीमत

**नई दिल्ली।** सोना और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव हो रहे हैं। कभी कीमतें बढ़ती हैं, तो कभी घटती हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार शुक्रवार दोपहर तक 24 कैरेट सोने की कीमत घटकर 1,20,231 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। वहीं चांदी का भाव घटकर 148,010 रुपये प्रति किलो हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव बढ़कर 1,21,133 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दूसरी ओर चांदी की वायदा कीमत 1,598 रुपये बढ़कर 1,48,667 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक व्यापारियों की ताजा लिवाली और मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत दो दिनों की गिरावट के बाद गुरुवार को 600 रुपये बढ़कर 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता (23 कैरेट) वाले सोने की कीमत भी 600 रुपये बढ़कर 1,24,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

# यात्री वाहनों, दुपहिया की खुदरा बिक्री ने बनाया नया रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** त्योहारी मांग और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नई पीढ़ी के सुधारों के कारण अक्टूबर में यात्री वाहनों और दुपहिया की खुदरा बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। वाहन डीलरों के संगठन फाडा द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अक्टूबर 2025 में यात्री वाहनों की बिक्री 11.35 प्रतिशत बढ़कर 5,57,373 इकाई पर पहुंच गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर अक्टूबर में 51.76 प्रतिशत बढ़कर 31,49,846 इकाई दर्ज की गई। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विग्नेश्वर ने कहा कि वाहनों की खुदरा बिक्री के मामले में अक्टूबर 2025 मील के पत्थर के तौर पर याद किया जाएगा।

जीएसटी सुधारों, ग्रामीण मांग बढ़ने और त्योहारी मांग रहने से रिकॉर्डतोड़ परिणाम सामने आए हैं। यात्री वाहनों और दुपहिया दोनों की बिक्री अब तक के उच्चतम स्तर पर दर्ज की गई जो उपभोक्ता विश्वास में नई ऊर्जा और अर्थव्यवस्था में अंदरूनी लहर को दिखाता है। तिपहिया की बिक्री 5.43 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,29,517 इकाई दर्ज की गई, हालांकि इसमें ई-रिक्शा की बिक्री में 15.60 प्रतिशत की गिरावट रही। ट्रैक्टरों की बिक्री 14.22 फीसदी की वृद्धि के साथ 73,577 पर और वाणिज्यिक वाहनों की 17.69 प्रतिशत बढ़कर 1,07,841 पर पहुंच गई। वाहनों की कुल बिक्री में 40.53 फीसदी का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 40,23,923 इकाई रही।

फाडा ने बताया कि अक्टूबर में ग्रामीण भारत मांग में वृद्धि का नया ईंजन बनकर उभरा है। उसने अनुकूल मानसून, कृषि आय में वृद्धि और सार्वजनिक बुनियादी ढांचों में सुधार को इसकी वजह बताई है। मौजूदा वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में अप्रैल से अक्टूबर तक वाहनों की कुल बिक्री में 10.73 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह 1,63,91,421 इकाई पर पहुंच गई। इसमें दुपहिया की बिक्री 12.63 प्रतिशत बढ़कर 1,19,94,390 इकाई और यात्री वाहनों की 5.76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 25,19,348 इकाई हो गई।

# भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ताओं का चौथा दौर पूरा

**मंत्रिस्तरीय भागीदारी हुई, दोनों देश समझौता शीघ्र सम्पन्न करने को तत्पर**

**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ताओं का चौथा दौर शुक्रवार को न्यूजीलैंड में समाप्त हुआ, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से मंत्रिस्तरीय भागीदारी हुई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हम भारत और न्यूजीलैंड के बीच बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक सहयोग के अनुरूप, एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते के शीघ्र समापन की दिशा में काम करने के लिए तत्पर हैं।

चौथे दौर की यह बातचीत तीन सितम्बर को ऑकलैंड में शुरू हुई थी। इसी सिलसिले में अधिकारियों के दल के साथ पीयूष गोयल भी न्यूजीलैंड के दौरे पर थे। इस दौरान भारत के वाणिज्य एवं उद्योग जगत का एक शिष्टमंडल भी वहां गया हुआ था। गोयल ने चौथे दौर की समाप्ति पर कहा कि वार्ताओं का यह दौर दोनों देशों की ओर से एक दूसरे के सामान को अपने बाजारों में मुक्त प्रवेश देने, सेवा व्यापार के उदारीकरण, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर केंद्रित था। गोयल ने इस दौरे में न्यूजीलैंड के व्यापार मंत्री कैक्ले और अन्य अधिकारियों के अलावा एयर न्यूजीलैंड के सीईओ निखिल रविशंकर और वहां के उद्योग व्यापार जगत के शीर्ष प्रतिनिधियों के साथ साथ प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलकात की। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष मेरे मित्र और समकक्ष, टॉड मैक्ले के साथ बैठक के साथ न्यूजीलैंड की मेरी उपयोगी यात्रा समाप्त हुई। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए वार्ता का चौथा दौर वस्तु बाजार में प्रवेश, सेवाओं, आर्थिक और तकनीकी सहयोग और निवेश के अवसरों पर कें. द्रित था। गोयल ने कहा कि उन्होंने इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों के साथ बैठकें कीं और कई कार्यक्रमों में भाग लिया। ए बैठकें और कार्यक्रम दोनों देशों के बीच मज़बूत जन-जन और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाते हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का कहना है दोनों देश एक एक संतुलित, व्यापक और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं।

# कभी देश को झकझोर देने वाले गीत वंदे मातरम की धुनों से गूंजे साउथ ब्लॉक के गलियारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर देश भर में मनाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान रक्षा मंत्रालय यानी 'साउथ ब्लॉक' के गलियारे भी शुक्रवार को 'सुजलाम, सुफलाम, मलयज शीतलाम, शस्यश्यामलम, मातरम, वंदे मातरम' की शाश्वत पंक्तियों से गूंज उठे।

राजपूत रेजिमेंटल सेंटर, फतेहगढ़, उत्तर प्रदेश के सैन्य बैंड ने इस अवसर पर एक विशेष प्रस्तुति में अपनी मधुर धुनों से इस भावपूर्ण गीत को जीवंत कर दिया। इस समारोह में सेना उप प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह और साउथ ब्लॉक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बाद में सभी उपस्थित लोग राष्ट्रीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण में शामिल हुए, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक वर्ष तक चलने वाले स्मरणोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साउथ ब्लॉक में प्रस्तुति देने वाले सैन्य बैंड में 2 जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) और 23 अन्य रैंकों सहित 25 सदस्य शामिल थे। इससे पहले 2014 में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के जन्मदिन समारोह में भी यह बैंड प्रस्तुति दे चुका है। आज की प्रस्तुति में इस बैंड का नेतृत्व नायब सूबेदार लक्ष्मण सिंह ने किया। साल भर चलने वाले समारोह के दौरान आकाशवाणी, दूरदर्शन और एफएम रेडियो चैनलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### अल्पसंख्यक आयोग ने मनाया 'वंदे मातरम' का स्मरणोत्सव समारोह

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को बताया गया कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने यहां राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मरणोत्सव उद्घाटन समारोह का आयोजन किया। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सचिव अलका उपाध्याय ने आयोग के अधिकारियों के साथ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' के गायन में भाग लिया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# कबाड़ मार्केट में आग, मशक्कत के बाद काबू



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गौतमपुरी मैन रोड स्थित कबाड़ी मार्केट, जिसे लोग डायपर मार्केट के नाम से भी जानते हैं, शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े दो बजे भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कुछ ही देर में इलाके में धुआं फैल गया और अफरातफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार आग एक केमिस्ट की दुकान में लगी, जिससे आसपास रखे कबाड़ और पैकिंग सामग्री ने आग को और भड़का दिया। फिलहाल किसी जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की करीब चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। देर शाम तक आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाने की कोशिश जारी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि गौतमपुरी मैन रोड गली नंबर १० में अवैध कबाड़ की दुकानें और गोदाम बड़ी संख्या में बने हैं। यहां दुकानों की संख्या जितनी अंदर है, उससे कहीं ज्यादा सड़क पर फैली रहती हैं, जिस वजह से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों का कहना है कि जिस तंग गली से पैदल निकलना मुश्किल होता है, वहां फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का पहुंचना अपने आप में एक चुनौती थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें जांच में जुटी हैं। स्थानीय प्रशासन ने आसपास की दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करवाया है ताकि कोई अप्रिय घटना दोबारा न हो।

## एक्यूआई 350 के पार सांसों पर खतरा बरकरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में दो दिनों के मामूली सुधार के बाद राजधानी की वायु गुणवत्ता फिर से बिगड़ गई। शुक्रवार को दिल्ली का एक्यूआई श्बहुत खराबश् श्रेणी में पहुंच गया। सुबह सात बजे आनंद विहार का AQI 329 दर्ज किया गया। इसके अलावा दिल्ली के और इलाकों में भी स्थिति बहुत खराब है, जिससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। आइए बताते हैं कि आज दिल्ली-एनसीआर में कहां कितना एक्यूआई रहा है? केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, दिल्ली के बवाना में सुबह सात बजे एक्यूआई ३६६ रिकॉर्ड किया गया, जबकि आईजीआई एयरपोर्ट पर AQI २६६ दर्ज किया गया है। वहीं, जहांगीरपुरी में एक्यूआई ३३६ रिकॉर्ड किया गया, जबकि मुंडका में भी स्थिति बेहद खराब रही। मुंडका में सुबह सात बजे एक्यूआई ३३६ दर्ज किया गया। सोनिया विहार में एक्यूआई ३२६ पाया गया, जबकि पंजाबीबाग में AQI रिकॉर्ड किया गया है। दिल्ली के अलावा गुरुग्राम के सेक्टर-५१ में आज सुबह सात बजे एक्यूआई २९० दर्ज किया गया है। वहीं, गाजियाबाद के इंडिरापुरम में सुबह एक्यूआई २५० रिकॉर्ड किया गया है, जबकि गाजियाबाद के लोनी में ३११ एक्यूआई पाया गया है। वहीं, अगर नोएडा की बात करें तो के सेक्टर-११६ में सुबह सात बजे २६६ एक्यूआई दर्ज किया गया, जबकि सेक्टर-६२ में २७५ एक्यूआई पाया गया।

# दिल्ली सरकार का बड़ा कदम, आमजन के लिए शुरू होगी 'अटल कैंटीन' योजना

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** गरीबों, श्रमिकों और आम नागरिकों के जीवन में राहत लाने के उद्देश्य से दिल्ली की रेखा सरकार एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल शुरू करने जा रही है। राजधानी में जल्द ही 'अटल कैंटीन योजना' लागू की जाएगी, जिसके अंतर्गत नागरिकों को मात्र 5 रुपये में स्वच्छ, गरम और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए राहत का माध्यम बनेगी, बल्कि सामाजिक समानता और गरिमा के सिद्धांत को भी सशक्त करेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि शुरुआती दौर में राजधानी के १०० स्थानों पर अटल कैंटीन खोली जाएंगी। इसके लिए स्थानों का चयन कर लिया गया है। इन कैंटीन का उद्घाटन पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि चुने गए केंद्रों के संचालन की जिम्मेदारी चयनित संस्थाओं को सौंपी जा रही है। इसके लिए एक अंतर-विभागीय समिति द्वारा स्थान चयन, मेन्यू, वितरण प्रणाली और प्रबंधन ढांचे आदि की अनुशंसाओं को लागू किया गया है। मैन्यू में दाल- चावल, सब्जी व रोटी का प्रावधान किया गया है। हर स्थल पर सुबह-शाम ५००- ५०० थाली परोसी जाएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार भोजन की क्वॉलिटी कायम रखने के लिए सरकार सब्सिडी अदा कर रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि भोजन वितरण की संपूर्ण प्रक्रिया को डिजिटल टोकन प्रणाली से संचालित किया जाएगा, ताकि किसी भी स्तर पर अनियमितता की संभावना समाप्त हो सके। मैनुअल कूपन की अनुमति नहीं होगी। सभी वितरण केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिनसे ड्यूसिब के डिजिटल प्लेटफार्म से रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

रसोई में सभी आधुनिक उपकरण, एलपीजी आधारित कुकिंग सिस्टम, इंडस्ट्रियल आरओ जल व्यवस्था और ठंडा भंडारण की सुविधा अनिवार्य की गई है। भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए FSSAI NABL मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं द्वारा भोजन और कच्चे माल के नमूने जांच के लिए लिए जाएंगे। एजेंसी को भोजन वितरण का मासिक लेखा-जोखा, कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाणपत्र, अग्नि सुरक्षा प्रमाणपत्र तथा खाद्य सुरक्षा लाइसेंस (FSSAI) नियमित रूप से जमा करना होगा।

# ट्रांसजेंडर्स के लिए सरकार शुरू करने जा रही निःशुल्क बस सेवा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** वंचित वर्गों के सम्मान और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए दिल्ली सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए विशेष पहल करने जा रही है। जल्द ही ट्रांसजेंडर्स को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और क्लस्टर बसों में 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' के माध्यम से निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।

**■ डीटीसी और क्लस्टर बसों में 'पिंक सहेली स्मार्ट कार्ड' के माध्यम से निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराई जाएगी।**

समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने बताया कि यह निर्णय समाज के सबसे वंचित वर्गों को समान अवसर और गरिमा के साथ जीवन जीने में मदद करेगा। इसके लिए परिवहन विभाग को कहा गया है कि सेवा शुरू होने से पहले ड्राइवरों, कंडक्टरों और मार्शल्स को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि ट्रांसजेंडर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका सम्मान' के संकल्प के तहत समाज के हर वंचित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पहले भी समाज कल्याण और एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण विभागों को निर्देश दिए जा चुके हैं कि आवेदन प्रपत्रों में 'ट्रांसजेंडर' का विकल्प अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थी सरकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त कर सकें। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि यह पहल न केवल ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगी, बल्कि समाज में समानता और सम्मान की भावना को भी मजबूत करेगी।



छतरपुर मंदिर से शुरू हिंदू एकता पदयात्रा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता साथ में मंत्री कपिल मिश्रा।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में युवक पर चलाई गोली

**नई दिल्ली :** नरेला इलाके में बीती रात शादी समारोह में आपसी रंजिश में एक युवक पर गोली चला दी। युवक गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नरेला पुलिस को बीती रात करीब तीन बजे कुरैनी गांव में एक शादी समारोह में गोली चलने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि गांव के ही रहने वाले अरबाज को गोली लगी थी। जिसको नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद अरबाज की हालत स्थिर बताई। अरबाज के गोली का छर्रा लगा था। पुलिस ने अरबाज के बयान पर दो आरोपियों को उनके ठिकानों पर छापेमारी करके गिरफ्तार कर लिया। पता चला कि अरबाज की हमलावरों से काफी पहले से किसी बात को लेकर रंजिश चल रही है। दोनों अपने दोस्त की शादी में आए हुए थे। आमने सामने आने पर पुरानी रंजिश को लेकर बहसबाजी व हाथापाई हुई थी। पुलिस ने शादी समारोह के वीडियो भी जब्त कर कुछ लोगों के बयान भी दर्ज किये हैं।

### स्टैम सैल ट्रांसप्लांट के जरिए इलाज में सफलता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय हेल्थकेयर में ऐतिहासिक प्रगति दर्ज करते हुए एफएमआरआई, गुरूग्राम के डॉक्टरों ने बोन मैरो (स्टैम सैल) ट्रांसप्लांट के जरिए सिकल सैल रोग से पीड़ित बच्चों के इलाज में जबरदस्त सफलता हासिल की है। यह विकास भारत को आधुनिक पीडिएट्रिक ट्रांसप्लांट के परिणामों में अग्रणी देशों में शामिल करता है। एक दशक तक चले इस अध्ययन का विवरण इंटरनेशनल जर्नल हीमोग्लोबिन में प्रकाशित किया गया। इस अध्ययन के तहत 2015 से 2024 के बीच 100 पीडिएट्रिक मामलों का विश्लेषण किया गया। डॉ स्वाति भयाना, अध्ययन की मुख्य लेखिका और पीडिएट्रिक हीमेटोलोजी, ओंकोलोजी एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट कन्सलटेन्ट, फोर्टिस गुरूग्राम ने कहा, ''यह उन परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है जो सिकल सैल रोग के साथ जीने को मजबूर हैं। हमारे रीसर्च में साफ हो गया है कि भारत जैसे विकासशील देशों एवं अफ्रीका में अगर इन बच्चों को समय पर आधुनिक इलाज मिले तो इनके जीवित रहने की दर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ सेंटरों की तुलना में भी अधिक हो जाती है। इन परिणामों से साफ है कि सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों में भी मरीजों का इलाज संभव है।''

### छात्रवृत्ति योजना की घोषणा

**नई दिल्ली।** फेडरल बैंक ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए फेडरल बैंक होर्मिस मेमोरियल फाउंडेशन छात्रवृत्ति योजना की घोषणा की है और छात्रों से इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बैंक के दूरदर्शी संस्थापक स्वर्गीय के. पी. होर्मिस की स्मृति में शुरू की गई यह छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली छात्रों को व्यावसायिक और उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। फेडरल बैंक के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी राजनारायणन एन. ने कहा, शिक्षा अवसरों के व्दार खोलती है, असमानताओं को दूर करती है और एक ऐसे भविष्य का निर्माण करती है, जहां परिस्थितियां नहीं, बल्कि प्रतिभा ही सफलता का एकमात्र निर्धारक होती है।

### वाहनों की बिक्री में उछाल

**नई दिल्ली।** श्रीराम मोबिलिटी बुलेटिन का अक्टूबर संस्करण भारत के परिवहन और गतिशीलता परिदृश्य में एक निर्णायक पुनरुद्धार का संकेत देता है, जो उत्सव की खपत, ग्रामीण माल ढुलाई गतिविधि और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने से प्रेरित है। सभी सेगमेंट में वाहनों की बिक्री में वृद्धि हुई, जो मजबूत रिटेल विश्वास और बेहतर लिक्विडिटी को दर्शाती है। एनसीआर में ट्रकों की उपलब्धता कम होने और उत्तर भारत में बारिश की बाधा के बावजूद प्रमुख मार्गो पर ट्रकों के किराए स्थिर रहे । ईंधन की मांग ने त्योहारी उछाल को प्रतिबिंबित किया, पेट्रोल और डीजल की खपत में क्रमशः 8% और 12% मासिक वृद्धि हुई।

### एक्सपीरियन ने शुरू किया ग्रामीण स्कोर

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी क्रेडिट ब्यूरो में से एक, एक्सपीरियन क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया ने एक्सपीरियन ग्रामीण स्कोर लॉन्च किया है जो ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए औपचारिक ऋण तक पहुँच को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया नया क्रेडिट स्कोरिंग मॉडल है। यह नई स्कोरिंग प्रणाली वित्तीय समावेशन के विस्तार की भारत सरकार की परिकल्पना और अल्पसेवित समुदायों के लिए ऋण तक पहुँच को बढ़ाने के भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश के अनुरूप है। यह ऋण प्रदान करने वाली संस्थाओं को ग्रामीण ग्राहकों को आत्मविश्वास और जिम्मेदारी से सेवा देने में सक्षम बनाता है, जिससे अधिक परिवारों को औपचारिक ऋण तक पहुँचने की यात्रा में सहायता मिलती है। इस स्कोर पर टिप्पणी करते हुए, एक्सपीरियन क्रेडिट इंफॉर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया के चेयरमैन मनीष जैन ने कहा, एक्सपीरियन ग्रामीण स्कोर भारत के समावेशी विकास के एजेंडे के अनुरूप है।

### स्कूल से लापता छात्र मिला गुरुद्वारे में

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अपने स्कूल के मुख्य द्वार से लापता हुआ १४ वर्षीय एक लड़का नानक पियाओ गुरुद्वारा के अंदर पाया गया, जहां वह खराब शैक्षणिक प्रदर्शन के कारण कक्षाएं छोड़ने के बाद आश्रय और भोजन की तलाश में गया था। इसकी जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि रूप नगर क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में दसवीं कक्षा का छात्र सोमवार को लापता हो गया था। दयालपुर निवासी उसके पिता ने शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने लगभग ६० सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की और पाया कि लड़के को आखिरी बार राणा प्रताप बाग में नानक प्याऊ गुरुद्वारा के पास देखा गया था। पुलिस ने बताया कि गहन तलाशी के बाद, लड़का गुरुद्वारे के अंदर सुरक्षित पाया गया।

# फांसी घर मामले में केजरीवाल व सिसोदिया को किया तलब

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राजनीति में हलचल मचाने वाले फांसी घर मामले की जांच अब विधानसभा की विशेष समिति करेगी। इस मामले में समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत चार प्रमुख नेताओं को १३ नवम्बर को तलब किया है।

दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने बृहस्पतिवार को जारी नोटिस में कहा है कि विशेषाधिकार समिति (कमीटी ऑफ प्रिविलेज) की बैठक १३ नवंबर को दोपहर ३ बजे पुराने सचिवालय स्थित एमएलए लाउंज-१ में होगी। बैठक में ९ अगस्त २०२२ को दिल्ली विधानसभा परिसर में उद्घाटन हुए फांसी घर की प्रामाणिकता पर विचार-विमर्श किया जाएगा। नोटिस के मुताबिक, समिति की अध्यक्षता प्रद्युम्न सिंह राजपूत करेंगे, जबकि समिति के सदस्य अभय कुमार वर्मा, अजय महावर, नीरज बसोया, राम सिंह नेताजी, रवि कांत, सतीश उपाध्याय, सुरेंद्र कुमार और सूर्य प्रकाश खत्री भी मौजूद रहेंगे।

समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल को १३ नवम्बर को शाम ३:३० बजे, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को ३:४५ बजे, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को ४ बजे और पूर्व उपाध्यक्ष राखी बिड़ला को ४:१५ बजे पेश होने का निर्देश दिया है। विधानसभा सचिवालय के उप सचिव (विधायी) सदानंद साह द्वारा जारी इस नोटिस में संबंधित अधिकारियों को बैठक की तैयारी करने के निर्देश भी दिए हैं। विधानसभा में फांसी घर उद्घाटन का मुद्दा लंबे समय से विवादों में रहा है और इसके पीछे की प्रामाणिकता को लेकर कई सवाल उठे थे। अब विधानसभा समिति की यह जांच तय करेगी कि इसका उद्घाटन वैध था या नहीं। दिल्ली विधानसभा के पिछले मानसून सत्र में फांसी घर का मुद्दा सामने आया था। सबसे पहले विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता और अगले दिन मुख्य सचेतक अभय वर्मा ने सदन में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने इस जगह की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा किया। इसके बाद विधानसभा में इस मुद्दे पर पक्ष विपक्ष में तीखी नोक झोंक भी हुई थी।

# हिंदू एकता पदयात्रा में शामिल हुई सीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** छतरपुर मंदिर से बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा शुरू हो गई है। इस पदयात्रा में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल हुईं। उन्होंने अपने एक्स हेंडल पर एक पोस्ट साझा किया है और साथ ही कुछ तस्वीरें भी साझा की । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित सांसद मनोज तिवारी और मंत्री कपिल मिश्रा ने बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा में भाग लिया, जो ७ नवंबर को कात्यायनी मंदिर से शुरू हो गई है और अब १६ नवंबर को वृंदावन पहुंचेगी। सीएम रेखा गुप्ता ने पोस्ट साझा कर लिखा कि छतरपुर स्थित कात्यायनी शक्तिपीठ में आयोजित सनातन हिंदू एकता पदयात्रा 2025 "श्री बागेश्वर बालाजी का श्री बांके बिहारी से मिलन" में सम्मिलित होना एक अत्यंत अलौकिक और भावनात्मक अनुभव रहा।

बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी द्वारा प्रारंभ यह पदयात्रा छतरपुर के कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर से आरंभ होकर वृंदावन स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर तक पहुंचेगी। यह यात्रा सनातन संस्कृति की आत्मा को पुनः जाग्रत करते हुए पूरे देश में एकता, श्रद्धा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दे रही है। इस आध्यात्मिक यात्रा के माध्यम से हमारे आस्था और एकत्व के संस्कार पुनः पुष्ट हो रहे हैं।





पालिका केंद्र में आयोजित वंदे मातरम मुख्य स्मरणोत्सव कार्यक्रम में एनडीएमसी अध्यक्ष केशव चंद्रा प्रतिष्ठित ध्वज स्तंभ के पास वंदे मातरम के सामूहिक गायन का नेतृत्व करते हुए।

# दलित छात्रों को शिक्षा देना सरकार की जिम्मेदारी: भाजपा



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और महामंत्री एवं सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि यह वास्तव में दुखद है कि आम आदमी पार्टी के नेता लगभग हर दूसरे दिन भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम का इस्तेमाल अपनी तुच्छ राजनीतिक स्वार्थपूर्ति और अस्तित्व बनाए रखने के लिए करते हैं।

दिल्ली में १० वर्षों की सरकार के दौरान आम आदमी पार्टी ने दलित समुदाय या शिक्षा के क्षेत्र में कोई ठोस कार्य नहीं किया, बल्कि केवल 31 राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालयों का नाम बदलकर उन्हें डॉ. बी.आर. अम्बेडकर स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कर दिया। लेकिन इन्हें नए बने दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन से संबद्ध कर दिया गया, जिसकी कोई साख नहीं थी। परिणामस्वरूप, इन विद्यालयों से कक्षा १२ उत्तीर्ण कई छात्र किसी भी उच्च शिक्षा विश्वविद्यालय में प्रवेश नहीं पा सके और उनका करियर बर्बाद हो गया। इस कारण अनेक छात्रों को इन विद्यालयों से नाम वापस लेना पड़ा।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गरीब एवं वंचित छात्रों के लिए विशेष शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया, हमने देखा की दिल्ली सरकार के लगभग ७०% स्कूलों में वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर विज्ञान या वाणिज्य विषय की पढ़ाई की सुविधा नहीं की गई। दिल्ली भाजपा नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को यह समझना चाहिए कि दलित उत्थान का कार्य केवल बाबा साहेब के चित्र लगाने से पूरा नहीं हो सकता। बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब सभी सरकारें दलित छात्रों को उचित शिक्षा, समान रोजगार अवसर और समाज में पूर्ण सामाजिक एकीकरण प्रदान करने के लिए कार्य करें।

# एनडीएमसी ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** वंदे मातरम की १५०वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद ने एनडीएमसी मुख्यालय, कार्यस्थल कार्यालयों, बाजारों, आवासीय कॉलोनियों, अस्पतालों, औषधालयों और स्कूलों सहित अपने सभी प्रतिष्ठानों में वंदे मातरम का सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किए।

**■ 45 स्कूलों के 28,000 से ज्यादा छात्रों ने अपने-अपने विद्यालय परिसरों में वंदे मातरम् गायन में भाग लिया**

वंदे मातरम का मुख्य स्मरणोत्सव कार्यक्रम, एनडीएमसी मुख्यालय-पालिका केंद्र में आयोजित किया गया, जहाँ एनडीएमसी के अध्यक्ष - केशव चंद्रा ने प्रतिष्ठित ध्वज स्तंभ के पास वंदे मातरम के सामूहिक गायन का नेतृत्व किया। सभी विभागाध्यक्षों (एचओडी) और सैकड़ों कर्मचारियों ने देशभक्तिके उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और भारतीयों की पीढ़ियों को प्रेरित करने वाले राष्ट्रगीत के प्रति अपनी आवाज एकजुट की। वंदे मातरम के केंद्रीय कार्यक्रम के अलावा, एनडीएमसी के ४५ स्कूलों के २८,००० से ज्यादा छात्रों ने अपने-अपने विद्यालय परिसरों में वंदे मातरम गायन में भाग लिया और इस अवसर को उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया।एनडीएमसी के विद्युत, सिविल इंजीनियरिंग, बागवानी और जन स्वास्थ्य विभागों के हजारों कर्मचारियों ने भी अपने-अपने कार्यस्थलों पर वंदे मातरम गायन समारोहों में भाग लिया, जबकि अस्पतालों, औषधालयों और विद्युत सबस्टेशनों की टीमों ने भी उत्साहपूर्वक इस समारोह में भाग लेकर वंदे मातरम का सामुहिक गायन किया।

एनडीएमसी के सफाई और सड़क विभागों ने विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के साथ मिलकर एनडीएमसी क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में विशेष वंदे मातरम सत्रों का आयोजन किया, जिससे नागरिकों में देशभक्तिका जोश और बढ़ गया।

### एयरपोर्ट से गायब हुआ एक ब्रिटिश नागरिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** आईजीआई एयरपोर्ट से एक ब्रिटिश नागरिक के भागने से अफरातफरी मच गई। ब्रिटिश नागरिक बैंकाक से दिल्ली पहुंचा था और यहां से उसे एयर इंडिया की कनेक्टिंग फ्लाइट से लंदन जाना था। विमान के उड़ान नहीं भरने से वह पूरे दिन ट्रांजिट जोन में बैठा रहा। अगले दिन वह एयरपोर्ट से भाग गया।

दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां उसे तलाश रहीं हैं लेकिन उसका सुराग नहीं मिला है।नियम के मुताबिक वीजा नहीं होने पर विदेशी नागरिक ट्रांजिट जोन से बाहर नहीं निकल सकता है। ऐसे में ब्रिटिश नागरिक फिट्ज के बाहर निकलने के मकसद को लेकर दिल्ली पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं।

# सांसद रशीद की याचिका पर सुनाया खंडित फैसला

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जेल में बंद जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल रशीद शेख की एक याचिका पर शुक्रवार को खंडित फैसला सुनाया।

उन्होंने याचिका में उस आदेश में संशोधन का अनुरोध किया था, जिसमें उन्हें हिरासत में रहते हुए संसद सत्र में शामिल होने के लिए जेल अधिकारियों के पास लगभग चार लाख रुपये जमा करने को कहा गया था। न्यायमूर्ति विवेक चौधरी ने रशीद की याचिका खारिज कर दी, जबकि न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने इसे स्वीकार कर लिया। दोनों न्यायाधीशों ने फैसला सुनाते हुए कहा, ''हम एक-दूसरे से सहमत नहीं हो पाए हैं। हमने दो अलग-अलग फैसले दिए हैं। उचित आदेश के लिए इसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जायेगा। न्यायमूर्ति चौधरी ने कहा, ''मेरे भाई (जे भंभानी) ने आवेदन स्वीकार कर लिया है। मैंने इसे अस्वीकार कर दिया।'

उच्च न्यायालय रशीद की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें २५ मार्च को एक समन्वय पीठ द्वारा पारित उस आदेश में संशोधन का अनुरोध किया गया था, जिसमें उन्हें हिरासत में रहते हुए संसद सत्र में भाग लेने के लिए जेल अधिकारियों के पास लगभग चार लाख रुपये जमा करने के लिए कहा गया था।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्रों किया संसद भवन शैक्षणिक भ्रमण



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज, एंड लिबरल आर्ट्स के द्वारा बीए (ऑनर्स) तृतीय सेमेस्टर के छात्रों के लिए को भारत की संसद नई दिल्ली का एक शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारतीय संसद की कार्यप्रणाली, कानून निर्माण की प्रक्रिया तथा संसद सदस्यों और समितियों की भूमिकाओं की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करना था।

इस भ्रमण के दौरान छात्रों ने संसद के पुराने और नए भवनों का अवलोकन किया और उनके वास्तुशिल्प, ऐतिहासिक तथा सांकेतिक महत्व के बारे में जाना। छात्रों को संसद सदस्यों, संसदीय समितियों और विधायी प्रक्रिया से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पक्षों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की गहन समझ प्राप्त हुई। भ्रमण के दौरान छात्रों ने लोकसभा सचिवालय के उप सचिव से भी बातचीत की, जिन्होंने संसद की कार्यवाही, सत्र, प्रश्नकाल, शून्यकाल और मतदान जैसी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इस शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों को न केवल संसदीय अध्ययन के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का अवसर दिया, बल्कि उन्हें भारत की संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली की व्यापक और गहन समझ भी प्रदान की। भ्रमण का संचालन मिस हनीशा बत्रा (असिस्टेंट प्रोफेसर) एवं अनुराग चौबे (असिस्टेंट प्रोफेसर) द्वारा किया गया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के सफल आयोजन पर चांसलर महेन्द्र अग्रवाल, प्रो-चांसलर पीयूष श्रीवास्तव तथा वाइस चांसलर प्रो (डॉ) प्रसेनजीत कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान के साथ वास्तविक कार्यक्षेत्र की समझ प्रदान करते हैं।

डॉ. अवदेश प्रताप सिंह (डायरेक्टर इंचार्ज) ने कहा कि एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास और व्यवहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## गुरु नानक देव जी के उपदेश अलौकिक व सर्वमान्य: जग्गी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** साहिब श्री गुरु नानक देव साहिब जी के 556 साला प्रकाश पर्व को समर्पित महान कीर्तन दरबार गुरुद्वारा दरबार दशमेश प्रताप विहार में श्रद्धा और सिमरन के साथ मनाया गया है। जिसमें दिल्ली शीश गंज साहिब से ज्ञानी अजीत सिंह व दशमेश दरबार के हजूरी रागी ज्ञानी प्रभजोत सिंह ने कीर्तन गायन किया। इस कीर्तन दरबार में हजारों श्रद्धालु शामिल होकर अपने जीवन को सफल बनाया। कीर्तन उपरांत गुरु का अटूट लंगर प्रसाद वितरित हुआ व दीपमाला हुई। सरदार हरप्रीत सिंह जग्गी ने सभी को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बताया कि गुरु नानक देव सर्व समाज के साझा पीर हैं, जिनके उपदेश अलौकिक व सर्व मान्य है, गुरुद्वारा साहिब के अध्यक्ष हरजीत सिंह बिट्टू, जुझार सिंह व महासचिव सुखविंदर सिंह ने सम्मानित व निष्काम सेवा करने वाले लोगों को सिरोपा प्रदान किया इस अवसर पर सरदार रवींद्र सिंह जोली के दयाल सिंह, संदीप सिंह, रामवीर सिंह, हरविंदर सिंह, जगमोहन सिंह, जतिन, ललित, गोल्डी, गुरप्रीत सिंह आदि से उपस्थित रहे।

## देव दीपावली के अवसर पर 1008 दीप किए प्रजवल्लित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर हरनन्दी (हिण्डन) जागृति अभियान के लोकप्रिय देव दीपावली महोत्सव का कार्यक्रम विगत 13 वर्षों से चले आ रहे दीपदान उत्सव पर (स्व: नवनीत सिंह हिण्डन पश्चिम घाट नदी) गाजियाबाद की टीम के द्वारा आयोजित देव दीपावली के द्वारा 1008 दीप सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रज्वलित किये कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परम पूज्य अरविंद भाई ओझा, कथा व्यास श्री हनुमान कथा, विशिष्ट अतिथि परम पूज्य महंत वरुण शर्मा, श्रीमरघट वाले हनुमान बाबा मंदिर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम संयोजक अंकित गिरि ने बताया कि विगत 12 वर्षो से निरंतर देव दीपावली कार्यक्रम हरनन्दी घाट पर आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम मे संजय कश्यप, गैल निदेशक (प्रदेश सहसंयोजक, एनजीओ प्रकोष्ठ), विहिप के पूर्व मीडिया प्रभारी घनश्याम लाल शर्मा, सनी शर्मा, पप्पू पहलवान, अमित पाराशर, सुसज्जित कुमार, तेजपाल सिंह राणा, रविभूषण श्रीवास्तव, ओमप्रताप सिंह, ज्योति चौहान, मधु गोस्वामी, मंजू सिंह, सीमा चौहान, मंगल गिरि, राकेश गुप्ता, अवधेश ठाकुर, अजय गुप्ता, सुदीप साहू, संदीप त्यागी रस्म, कृष्णन्दू गुप्ता, योगिता कश्यप, श्याम कश्यप, रवि कटारिया आदि उपस्थित रहे।

# श्याम भक्तों ने मनाया भक्ति और रंगों का उत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल द्वारा वार्षिक उत्सव के मौके पर अम्बेडकर नगर स्थित नेहरू युवा केन्द्र में भव्य संकीर्तन एवं वार्षिकोत्सव श्री श्याम भजनांजली कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उत्सव की पूर्व संध्या गुरुवार को आयोजित बाबा श्याम की मेंहदी और राधा माधव संकीर्तन ने सभी श्याम भक्तों को भक्ति और रंगों के संगम में डुबो दिया।

मेंहदी कार्यक्रम में भक्तों ने बाबा श्याम की विशेष मेंहदी अपने हाथों में लगाई और भक्ति भाव में डूबकर मन को आध्यात्मिक आनंद से भर लिया। यह कार्यक्रम केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्तों के लिए आध्यात्मिक अनुभव और सामाजिक मेलजोल का अवसर भी बन गया। इस मौके पर भक्तजन उत्साह और श्रद्धा के साथ उपस्थित रहे। उत्सव के मुख्य दिन में श्याम जगत के भजन सम्राट नंदू भैया एवं प्रसिद्ध पार्श्व गायक कन्हैया मित्तल अपने मधुर भजनों से उपस्थित भक्तों को मंत्रमुग्ध कर देंगे। इनके साथ कोमल शर्मा (जयपुर), अनिल जानी (मेरठ), विशाल शैली (पटियाला) और मयूर (सोनीपत) भक्ति संगीत से समां बांधेंगे। आयोजन स्थल पर भक्तजन बाबा श्याम की भक्ति में मग्न रहेंगे और उनके चरणों में समर्पित भजनों का आनंद लेंगे। बाबा श्याम के लिए आयोजन स्थल पर विशाल और आकर्षक पंडाल तैयार किया गया है। कोलकाता के विशेष कारीगरों द्वारा बाबा का विशेष बागा निर्मित किया जा रहा है। बाबा श्याम को रंग-बिरंगे पुष्पों से सजाया जाएगा और 56 प्रकार के भोग अर्पित किए जाएंगे। आयोजन स्थल पर इत्र वर्षा की व्यवस्था की गई है और सभी भक्तों के लिए प्रसाद एवं भोजन की भी पूरी व्यवस्था की गई है।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन ए के तिवारी अध्यक्ष सौरभ गर्ग, मीडिया प्रभारी सौरभ जायसवाल, अमित अरोड़ा, रामकृपाल शर्मा, दीपक अग्रवाल, मुकेश बंसल, विजय गर्ग, जितेंद्र यादव, राजा ओबेरॉय, के. के. स्वामी सुखविंदर सिंह सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने आयोजन की सफलता और भक्तों की भागीदारी को सराहा और कहा कि यह आयोजन न केवल भक्ति का संदेश देता है, बल्कि सामाजिक मेल-जोल और समुदायिक सहयोग को भी बढ़ावा देता है।

मित्र मंडल के अधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल उत्सव का आयोजन नहीं है, बल्कि युवा पीढ़ी में धार्मिक और सामाजिक चेतना का संवर्धन करना भी है। बाबा श्याम के प्रति श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामा. जिक एकता और प्रेम का संदेश फैलाना इस आयोजन की प्रमुख विशेषता है।

# रालोद अर्बन बॉडी प्रबंधन समिति होने पर इंद्रजीत सिंह टीटू का किया गया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी के द्वारा स्वागत समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इंद्रजीत सिंह टीटू को जो जिम्मेदारी केंद्रीय ऑफिस के द्वारा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की सहमति पर एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई। जिससे पूरे गाजियाबाद का सम्मान बड़ा है पंजाबी समाज को बहुत बड़ा सम्मान मिला है। पूरे उत्तर प्रदेश में पांच काबिल बुद्धिमान पार्टी के प्रति निष्ठावान पार्टी को समर्पित पांच लोग चिन्हित किए गए उनमें एक इंद्रजीत सिंह टीटू की भी चुने गए हैं यह पूरे गाजियाबाद के लिए सम्मान का विषय है। कार्यक्रम की शुरुआत इंद्रजीत सिंह ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह जी को माल्या अर्पण करके की गई पूरी सभा का संचालन प्रदेश के महामंत्री रविंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी ने की पूरे जिले से काफी लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे कार्यालय पहुंचने पर ढोल नगाड़े के साथ इंद्रजीत सिंह टीटू का स्वागत किया गया। सभी ने फूल माला और गुलदस्ता देकर कार्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। जो जिम्मेदारी इंद्रजीत सिंह टीटू को दी गई है इसका मुख्य उद्देश्य है जहां पार्टी कमजोर है वहां पर पार्टी को खड़ा करना जिस समाज का व्यक्ति भी अभी तक पार्टी से नहीं जुड़ पाया है उसको पार्टी से जोड़ना जो पार्टी में जिस रूप में जिम्मेदारी लेना चाहते हैं उनको जिम्मेदारी दिलवाना जिला और महानगर का आपस में कोऑर्डिनेशन करके पार्टी को मजबूत करना आने वाले पंचायत चुनाव में कौन अच्छे कैंडिडेट बढ़िया चुनाव लड़ सकते हैं उनको पार्टी के साथ जोड़ना अर्बन क्षेत्र में पार्टी को खड़ा करना। इंद्रजीत जी लगातार पिछले 10 वर्ष से राष्ट्रीय लोकदल में विभिन्न बड़े पदों पर काम करते आए हैं उनकी कार्यशैली को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का यह निर्णय है। इस निर्णय को ऑथेंटिक राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी जी ने किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित यह सभी लोग पार्टी के उपस्थित रहे। स्वागत करने वालों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यचौधरी तेजपाल सिंह खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कौशिक सत्यवीर घिस्सा प्रदेश महासचिव रविन्द्र चौहान महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ पूनम गर्ग प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र डबास किशन राघव क्षेत्रीय महासचिव लोकेश चौधरी राजेंदर चंदेला युवा जिलाध्यक्ष जयदीप सिंह युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौसिक किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष तेजवीर दबाना खेल प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष संजीव अरोड़ा नीरज नवीपुर सतपाल सलेमाबाद हिंडन पार अध्यक्ष सुधीर तोमर तरुण चौधरी मोमिन मलिक शेर सिंह मौर्य सुमन अग्रवाल दीपा सिरो. ही सुमन दुबे प्रभा वर्मा प्रदीप त्यागी दिनेश शर्मा मयंक अरोड़ा वासु वासिद तोमर वरुण शर्मा नवाब बाल्मीकि विजय आदि उपस्थित रहे।

## गायत्री दिव्य ज्योति कलश यात्रा का हुआ मोदीनगर में आगमन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** परम पूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य जी व परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्माजी के सूक्ष्म संरक्षण में और गायत्री माता के परम आशीर्वाद से ज्योति कलश रथ का मोदीनगर में आगमन हुआ। यह रथ यात्रा सम्पूर्ण भारत वर्ष के साथ ही ग्यारह देशों में सम्पन्न की जा रही है इस कलश यात्रा में चौबीस सौ तीर्थों का जल व रज समाहित है। कलश यात्रा का मोदीनगर क्षेत्र के ग्राम सैदपुर डीलना चूड़ियाला मुरादाबाद ढिंढाला गून सारा सिखेड़ा मवी निवाड़ी पतला खिंदौड़ा भनेड़ा सुहाना नंगला अक्खु पूठड़ी डिडोली सौंदा पेंगा फतेहपुर मोहम्मदपुर कद्दीम सिखेड़ा हजारी फफराना सूरत सिटी में आगमन हो गया है! इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से वीरेंद्र गौड़ धर्मवीर वर्मा स्वराज सिंह जिले सिंह अशोक गुप्ता विकास गुप्ता रामनाथ त्यागी राजेंद्र मलिक सुशील बिन्दल सुरेश शर्मा ओडी शर्मा सहित सैंकड़ो अनुयायी शामिल हो रहे हैं! परम वंदनीया माताजी के जन्म शताब्दी समारोह वर्ष के उपलक्ष में दिनांक 12 नवंबर दिन बुधवार शाम 5 बजे गायत्री शक्तिपीठ गोविंदपुरी मोदीनगर में विशाल दीप यज्ञ कार्यक्रम होगा।

## सुरेविन स्कूल के छात्र हुए रोबोक्वेस्ट चैंपियनशिप 2025 के अंतिम चरण में चयनित



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** रोबोक्वेस्ट रीजनल चैंपियनशिप क्रिएटिविटी लीग 2025 गुरुकुल द स्कूल (गाजियाबाद) में प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने भिन्न-भिन्न वर्ग में प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। जिसमें सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि वे नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं हैं। विद्यालय की तीन सीनियर टीमों ने क्रिएटिविटी लीग द्वारा आयोजित रोबोक्वेस्ट सीनियर चैम्पियनशिप में भाग लिया, जिनमें से दो टीमों (छः विद्यार्थी) - आकांक्षा, दिशा, तनन्या, स्वाति, अनोखी और चंचल - ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर आईआईटी दिल्ली में आयोजित होने वाले नेशनल के अंतिम चरण के लिए चयनित हुए। वहीं, रोबोक्वेस्ट जूनियर चैम्पियनशिप में विद्यालय की पाँच जूनियर टीमों ने भी अपनी रचनात्मक सोच, तकनीकी समझ और प्रस्तुति कौशल से निर्णायकों को प्रभावित किया। इनमें से एक टीम (तीन विद्यार्थी) - आयान, रेहान और भाव्या - ने भी नेशनल के अंतिम चरण में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डॉक्टर सरिता सिंधु ने अपने विचारों को सांझा करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि गर्व का विषय है।

## श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय का सीबीएसई स्केटिंग क्लस्टर में रहा जोरदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**गाजियाबाद।** सीबीएसई क्लस्टर 19 नार्थ जोन-1 का आयोजन पी. एन मोहन पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें हरिद्वार नोएडा मुजफ्फरनगर बुलंदशहर रुद्रपुर गाजियाबाद मेरठ देहरादून के 3000 बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, जिसमें ठाकुरद्वारा स्कूल की तरफ से शिक्षा ने अंडर 19 में शिक्षा ने रोड रेस और 500 मीटर में गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी के साथ अंडर 17 गर्ल्स कैटेगरी में ठाकुरद्वारा की सोनिया ने 500 मीटर रेस में ब्रोंज मेडल जीता, कनिका ने अंडर 19 में 1000 मीटर रेस में सिल्वर मेडल, अंशिका त्रिपाठी ने 300 मीटर रेस में ब्रोंज मेडल व 1000 मीटर रेस में सिल्वर मेडल। इसी के साथ शिक्षा, कनिका और अंशिका त्रिपाठी ने नेशनल के लिए क्वालीफाई किया जो गुड़गांव के एच एस वी ग्लोबल स्कूल हरियाणा 13 नवंबर से 16 नवंबर के बीच आयोजित की जाएगी।

# थाने पर धरना प्रदर्शन करने पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

### लापता महिला के परिजनों ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** बृहस्पतिवार को गुमशुदा महिला की बरामदगी की मांग को लेकर पुलिस थाने में किए गए धरना प्रदर्शन करने वाले लोगों के खिलाफ मोदीनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है मुकदमे की जानकारी मिलने पर धरना प्रदर्शन करने वाले लापता महिला के परिजनों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे पुलिस की तानाशाही बताया। गौरतलब है कि ग्राम सीकरी खुर्द से विवाहित महिला 8 दिन से लापता है जिसकी गुमशुदगी भी मोदीनगर थाने में दर्ज है इसी मुकदमे में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लापता महिला के परिजनों ने बृहस्पतिवार को ग्रामीणों के साथ जिनमें महिलाएं भी थी मोदीनगर थाने में धरना प्रदर्शन किया था। परिजनों का आरोप था कि पुलिस महिला की तलाश करने में लापरवाही बरत रही है इसी बात को लेकर पुलिस से महिला के परिजनों की बहस भी हुई थी, कई घंटे धरना देने के पश्चात एसीपी के आश्वासन पर सभी लोग धरना खत्म कर चले गये थे। बाद में पुलिस ने 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ कानून विरुद्ध इक्कठा होने व सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का मुकदमा दर्ज कर दिया। मुकदमे की जानकारी मिलते ही महिला के परिजनों व साथ आए ग्रामीणों ने इसे पुलिस की तानाशाही व अपनी लाप. रवाही को छुपाने का प्रयास बताया। समाजसेवी डॉ बबली गुर्जर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक तो पुलिस महिला को बरामद करने में पूरी लापरवाही बरत रही है और अब आमजन की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है शीघ्र ही इसके खिलाफ जनांदोलन चलाया जायेगा।

## तीर्थ यात्रा का किया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मोदीनगर।** सीकरी फाटक स्थित पूर्व सभासद दीपक वत्स के कार्यालय पर भगवान परशुराम कुंड व माता कामाख्या तीर्थ यात्रा का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा, वरिष्ठ डॉक्टर विनोद शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर किया मुख्य रूप से भाजपा नेता अपराजिता सिंह भाजपा नेता हेमंत पालीवाल प्रवक्ता संतोष पांडे, प्रदेश महामंत्री पंडित दीपक वत्स, मुकुल शर्मा मोंटी राजपूत निखिल वत्स तरुण सोनी अनुराग शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में नेशनल टूथब्रशिंग डे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुरादनगर।** नेशनल टूथब्रशिंग डे मौखिक स्वास्थ्य के लाभों के लिए जश्न मनाने, बूढ़े और युवा सभी के लिए मौखिक स्वच्छता को दुनिया भर मे बढावा देने का दिन है, ताकि मौखिक स्वास्थ्य के महत्व को और दंत विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गये अच्छे टूथब्रशिंग की आदतों को बढ़ावा दिया जा सकें।

यह कार्यक्रम 2015 मे माता-पिता और बच्चों को शिक्षित करने के लिये शुरू किया था, जिसके माध्यम से बताया गया है कि व्यक्ति को कम से कम 2 मिनट के लिये प्रतिदिन 2 बार ब्रश करना चाहिए।

इस अवसर पर आई.टी.एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर, गाजियाबाद ने संस्थान और शि. विर स्थल पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया।

संस्थान की डेन्टल ओ.पी. डी में आने वाले टैगोर पब्लिक स्कूल के बच्चों और मरीजों को निशुल्क ओरल हेल्थ किट का वितरण किया गया। इसके साथ ही सभी स्कूली बच्चों एवं मरीजों को संस्थान के दंत विशेषज्ञों द्वारा उचित टूथब्रश करने की तकनीक का प्रदर्शन ब्रशिंग मॉडल और टूथब्रश की मदद से किया गया।

इसके साथ ही मौखिक स्वास्थ्य शिक्षा के तहत ग्राम डासना में और विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविर स्थल पर आये मरीजों को मौखिक स्वास्थ्य की देखभाल के बारे मे जानकारी दी गई और सभी मरीजों को आवश्यक उपचार भी बताया गया।

अंत में मरीजों के बेहतर उपचार के लिए आईटीएस डेंटल कॉलेज में रेफर किया गया। इस सफल कार्यक्रम के लिये सभी ने आई.टी.एस. - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

### संबंध विच्छेद

मैं जमीला पत्नी युसुफ निवासी- म.नं- 399, प्रेमनगर लोनी थाना- लोनी जिला- गाजियाबाद अपने पुत्रों नसीम, शौकीन व पुत्रवधुओं चमन व शौकीन की पत्नी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों के ये स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम जमालुद्दीन से बदलकर जमील अहमद रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नए नाम जमील अहमद से जाना व पहचाना जाए।

**जमील अहमद पुत्र मुनीर खां**
**निवासी जी- 96 सेक्टर-12**
**विजय नगर गाजियाबाद।**

# सरकार ने एनसीसी के विस्तार को स्वीकृति दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने एनसीसी निदेशालय, दिल्ली द्वारा 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर वॉर मेमोरियल के पास, के जी मार्ग पर आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर एनसीसी के अधिकारियों और कैडेट को संबोधित कर युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया तथा वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व पर कैडेट्स के साथ अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में एनसीसी के वरिष्ठ अधिकारी तथा कैडेट भी उपस्थित थे।इस अवसर पर सूद ने कहा की मेरे सामने वे युवा हैं...जो भारत की ताकत, भारत का अनुशासन और भारत का भविष्य हैं। जब बंकिमचंद्र चटर्जी ने "वंदे मातरम्" लिखा था, तब वह उस भारत को आवाज दे रहे थे जो गुलामी की अँधेरी रात छोड़कर नई सुबह की तलाश में था। इस गीत में हिम्मत, क्रांति और एकता की भावना थी।

उन्होंने यह भी कहा की दिल्ली सिर्फ एक शहर नहीं यह भारत का दिल है। यह वह राजधानी है जहाँ ३ करोड़ से अधिक लोग रहते हैं हर भाषा, हर संस्कृति, हर सपने को साथ लेकर।लेकिन आज 2025 में दिल्ली कई बड़े समहंबल पेनमे से जूझ रही है। प्रदूषण की समस्या हमारे सामने खड़ी है। यमुना जी को फिर से निर्मल बनाने की चुनौती है। पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना समय की माँग है। बढ़ता ट्रैफिक दिल्ली की रफ्तार को रोकता है। और जगह- जगह फैला कूड़ाख्रकचरा हमें हर दिन याद दिलाता है कि बदलाव जरूरी है।उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा की आप सिर्फ यूनिफॉर्म नहीं पहनते आप एकता, अनुशासन और सेवा को जीते हैं।

आप देश की सीमाओं के रक्षक भी हैं और विकसित भारत के निर्माता भी। आपका हर ड्रिल, हर परेड हर सेवा कार्य यह साबित करता है कि भारत का भविष्य अब सुरक्षित हाथों में है।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने दोषी की फर्लो की अर्जी पर सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को १९८४ के सिख विरोधी दंगों के एक मामले में दोषी ठहराए गए पूर्व कांग्रेस पार्षद बलवान खोखर की उस याचिका पर दिल्ली सरकार से जवाब मांगा, जिसमें सामाजिक संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए जेल से फर्लो पर रिहाई की मांग की गई थी।खोखर को मौत की सजा सुनाई गई थी।

न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने खोखर की याचिका पर सरकार और जेल अधिकारियों को नोटिस जारी किया और अगली सुनवाई से पहले स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। अदालत को १६ दिसंबर को खोखर की याचिका पर सुनवाई करनी थी। अदालत ने शीघ्र सुनवाई की अर्जी स्वीकार कर ली और आज ही मुख्य मामले पर सुनवाई शुरू कर दी।

दोषी ने जेल अधिकारियों के ४ सितंबर के उस आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसमें फर्लो की अर्जी इस आधार पर खारिज कर दी गई थी कि रिहाई से सार्वजनिक शांति और व्यवस्था को खतरा हो सकता है।

खोखर ने अदालत से अधिकारियों को निर्देश देने की मांग की कि उन्हें अपने परिवार के सदस्यों और समाज के साथ अपने सामाजिक संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए २१ दिन की फर्लो के पहले दौर में जेल से रिहा किया जाए। फर्लो जेल से अस्थायी रिहाई होती है, न कि पूरी सजा का निलंबन या छूट, और आमतौर पर लंबी अवधि के कैदियों को यह राहत दी जाती है जिन्होंने अपनी सजा का एक हिस्सा पूरा कर लिया हो।खोखर को चार अन्य लोगों के साथ २०१३ में एक अधीनस्थ अदालत ने हत्या और दंगा फैलाने के अपराधों के लिए दोषी ठहराया था। हालांकि, पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को इसी मामले में बरी कर दिया गया था। यह मामला एक नवंबर, १९८४ का है, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद गाजियाबाद के राज नगर में पांच सिख व्यक्तियों की हत्या कर दी गई थी।

# जहरीली हवा में बढ़ी एयर प्यूरीफायर की बिक्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जहरीली हवा में सिर्फ एयर प्यूरीफायर लगाना समाधान नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि इसकी समय-समय पर मेंटेनेंस जरूरी है वरना स्वच्छ हवा देने वाली मशीन प्रदूषण की वजह बन जाती है। प्यूरीफायर की सर्विसिंग कराने पहुंचे ग्राहक ने बताया कि बीती रात से प्यूरीफायर काम नहीं कर रहा है। पता चला फिल्टर में जमा मोटी धूल की परत ने इसकी कार्यक्षमता घटा दी और बाद में इसने काम करना बंद कर दिया।

प्यूरीफायर खरीदते समय कंपनी का ध्यान रखें क्योंकि कई छोटी कंपनियों के पार्ट्स बाजार में उपलब्ध नहीं हैं, जिसकी वजह से नया प्यूरीफायर खरीदना पड़ता है। एयर प्यूरीफायर जादुई डिवाइस नहीं है। यह तभी तक असरदार है जब उसका फिल्टर समय पर बदला या साफ किया जाए। गंदा फिल्टर हवा को और खराब भी कर सकता है। एयर प्यूरीफायर से हवा अंदर जाती है और हेपा-कार्बन फिल्टर से गुजरती है तो प्रदूषक, धूलकण, धुआं और एलर्जी पैदा करने वाले तत्व छानकर शुद्ध हवा बाहर छोड़ी जाती है।

फिल्टर की भूमिका बेहद अहम होती है। प्यूरीफायर का फिल्टर बाहर निकालें और सूखे या गीले कपड़े से साफ करें। अगर फिल्टर धोने लायक है तो गुनगुने पानी से हल्के हाथों से धोकर पूरी तरह सूखने दें। वैक्यूम क्लीनर या सॉफ्ट ब्रश से भी इसकी सफाई की जा सकती है। दिल्ली में सर्दी की दस्तक के साथ ही हवा जहरीली होती जा रही है और दमघोटूं हवा में सांस लेना तक भारी हो गया है। ऐसे में लोग एयर प्यूरीफायर पर निर्भर हो रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में एयर प्यूरीफायर की बिक्री में अचानक कई गुना इजाफा हो गया है। कई दुकानदारों का कहना है कि मांग इतनी तेज है कि स्टॉक दो-दो बार खत्म हो चुका है। इनकी ऑनलाइन बिक्री में भी इजाफा हुआ है। भागीरथ पैलेस में लगभग २,००० से अधिक बिजली की दुकानें हैं।

गफ्फार मार्केट में करीब ५०० दुकानें हैं। करोल बाग, लाजपत नगर, चांदनी चौक, लक्ष्मीनगर, नजफगढ़, प्रीत विहार और नेहरू प्लेस नामी जैसे इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि रोजाना लगभग ५-१० प्यूरिफायर बिक रहे हैं। औसतन प्रत्येक दुकानों से रोजाना दो प्यूरिफायर की बिक्री हो रही है। ऐसे में लगभग ३००० दुकानों से तकरीबन ६००० प्यूरिफायर प्रत्येक दिन खरीदे जा रहे हैं।

# दिल्ली से जम्मू-कश्मीर मार्ग पर 31 मार्च तक निरस्त रहेंगी ट्रेनें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारी बारिश और बाढ़ के कारण जम्मू कश्मीर जाने वाले यात्रियों की परेशानी बनी हुई है। अभी इसके दूर होने की संभावना भी नहीं है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कई स्थानों पर रेलवे ट्रैक के साथ ही रेलवे पुल को भी नुकसान पहुंचा है जिसकी फिलहाल मरम्मत की जा रही है।

कठुआ व माधोपुर, ऊधमपुर के नजदीक और पठानकोट के नजदीक पुल का मरम्मत कार्य करने के लिए नई दिल्ली-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (२२४३९/२२४४०), जम्मूतवी- काठगोदाम गरीब रथ एक्सप्रेस और काठगोदाम-कानपुर सेंट्रल लिंक गरीब रथ एक्सप्रेस, सराय रोहिल्ला- जम्मूतवी दुरंतो एक्सप्रेस, ऊधमपुर- सराय रोहिल्ला एसी एक्सप्रेस सहित ११ जोड़ी ट्रेनें ३१ मार्च तक निरस्त रहेंगी। वहीं, शालीमार-मलाणी एक्सप्रेस, नई दिल्ली-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा श्री शक्तिएक्सप्रेस, बलिदानी तुषार महाजन ऊधमपुर-पठानकोट डीएमयू का परिचालन भी इस माह के बाद शुरू होगा। अधिकांश ट्रेनें निरस्त होने के कारण जम्मू कश्मीर जाने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।चल रही ट्रेनों में लोगों को कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की परेशानी दूर करने के लिए बीच-बीच में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं।



शिक्षा मंत्री आशीष सूद एनसीसी निदेशालय, दिल्ली द्वारा 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर के. जी मार्ग पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# लूटने के आरोप में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के आनंद पर्वत इलाके में व्यक्तिपर हमला करने और चाकू के बल पर उससे लूटपाट करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान पवन उर्फ पव्वा (२४) और पंकज (१९) के रूप में हुई तथा ये दोनों आनंद पर्वत निवासी हैं।

पुलिस के अनुसार, चार नवंबर की रात साढ़े १० बजे काम के बाद पीड़ित के अपने घर लौटते समय यह घटना हुई। पीड़ित को रास्ते में तीन लोगों ने रोक लिया और उसमें से एक व्यक्तिने कथित तौर पर चाकू दिखाकर उसे धमकाया जबकि दूसरे ने उसे थप्पड़ जड़ दिए। पुलिस उपायुक्त(मध्य) निधिन वलसन ने बताया कि तीसरे आरोपी ने पीड़ित से २,००० रुपये नकद लूट लिए और मोबाइल फोन छीन लिया तथा तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए।पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने बताया कि आरोपी पवन और पंकज को अपर आनंद पर्वत में गोल पार्क के पास से पांच नवंबर को पकड़ लिया गया।

अधिकारी के अनुसार,पूछताछ के दौरान दोनों ने स्वीकार किया कि उन्होंने हर्ष नाम के एक अन्य साथी के साथ मिलकर जल्दी पैसा कमाने के लिए डकैती की योजना बनाई थी।

## गोदाम में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के टिकरी कलां स्थित पीवीसी मार्केट में प्लास्टिक सामान के एक गोदाम में आग लग गई। अग्निशमन अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार रात आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की १० गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा, ''लगभग पांच घंटे के अभियान के बाद आग पर काबू पा लिया और तड़के तीन बजे तक आग पूरी तरह बुझा दी गई।अधिकारी ने बताया कि बड़ी मात्रा में ज्वलनशील प्लास्टिक सामग्री वहां रखे होने के कारण अभियान में चुनौतियों का सामना करना पड़ा और आग बुझाने में देरी हुई।

## फिरोजपुर कैंट से दिल्ली जंक्शन के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे आठ नवंबर से फिरोजपुर कैंट से दिल्ली जंक्शन के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेलसेवा शुरू करेगा। इसके संचालन से यात्रियों आरामदायक सुविधा मिलेगी। यह ट्रेन फरीदकोट, बठिंडा जंक्शन, धूरी जंक्शन, पटियाला, अंबाला छावनी, कुरुक्षेत्र और पानीपत जंक्शन पर ठहरेगी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या ०२४६२/२६४६१ फिरोजपुर कैंट- दिल्ली जंक्शन फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन आज 8 नवंबर को किया जाएगा। इसी दिन विशेष रेलसेवा फिरोजपुर कैंट से दिल्ली जंक्शन तक चलेगी। इस आधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रियों को अत्याधुनिक कोच, बेहतर बैठने की व्यवस्था की जाएगी।

# एजुकेट गर्ल्स को मिला रेमन मैग्सेसे पुरस्कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत की गैर-लाभकारी संस्था एजुकेट गर्ल्स को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार संस्था को भारत की लाखों बालिकाओं की शिक्षा में असाधारण परिवर्तन लाने और सामुदायिक सहयोग के माध्यम से शिक्षा को जन-आंदोलन बनाने के लिए प्रदान किया गया है।



एजुकेट गर्ल्स यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय संस्था बन गई है। संस्था ने यह एशिया का सर्वोच्च सम्मान अपने 55,000 टीम बालिका स्वयंसेवकों, फील्ड कोऑर्डिनेटर्स और स्थानीय युवा सलाहकार को समर्पित किया है, जो हर दिन यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि भारत की हर बालिका को शिक्षा का अवसर मिले और वह अपने सपनों को साकार कर सके। पुरस्कार ग्रहण करते हुए एजुकेट गर्ल्स की संस्थापिका सफीना हुसैन ने कहा, यह पुरस्कार हमारी उन बालिकाओं के नाम है जो अपने साहस, हिम्मत और दृढ़ निश्चय से हमें हर दिन प्रेरित करती हैं। वे बालिकाएं जो घर के कामकाज के बीच देर रात तक पढ़ाई करती हैं ताकि स्वयं और अपने परिवार के लिए बेहतर भविष्य बना सकें।

यह सम्मान उन अभिभावकों, शिक्षकों, समुदाय के सदस्यों और 55,000 टीम बालिका स्वयंसेवकों के नाम है जो हर दिन इन बालिकाओं के साथ खड़े हैं। जब समुदाय एकजुट होकर बालिका शिक्षा के लिए आगे आते हैं, तो हर लड़की को अवसर, आवाज और अपनी पहचान मिलती है। रेमन मैग्सेसे पुरस्कार की घोषणा 31 अगस्त 2025को की गई थी और औपचारिक समारोह 7 नवम्बर 2025 को मनीला (फिलीपींस) के मेट्रोपॉलिटन थिएटर में आयोजित हुआ। एजुकेट गर्ल्स की 25 सदस्यीय टीम, जिसमें फील्ड कोऑर्डिनेटर्स, टीम बालिका स्वयंसेवक और प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थी इस समारोह में शामिल होने के लिए मनीला पहुंची। एजुकेट गर्ल्स की सीईओ गायत्री नायर लोबो ने कहा, "यह पुरस्कार हमें याद दिलाता है कि जब समुदाय, सरकारें, स्थानीय साझेदार, कार्मिक, स्वयंसेवक और दानदाता एक साथ आते हैं, तो शिक्षा के क्षेत्र में असंभव को संभव बनाया जा सकता है।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि के शालीमार कन्वेंशन सेंटर में "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" विषय पर एक ऐतिहासिक और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 'भारत रत्न' लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित था।

आयोजन का उद्देश्य सरदार पटेल के राष्ट्रीय एकता, जनसेवा और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार) और भारत भारती के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत भारती के उत्तर भारत क्षेत्र के प्रभारी मोहम्मद इरफान अहमद ने अपने प्रेरक संबोधन में सरदार पटेल के राष्ट्रनिर्माण के योगदान और उनकी एकता की भावना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहाकि सरदार पटेल ने देश को जोड़ा और आज हमें उसी भावना को जन-जन में जीवित रखना है। इरफान अहमद ने कहा कि भारत भारती सदैव सांस्कृतिक एकता के मार्ग पर अग्रसर रहा है।

उन्होंने SKUAST कश्मीर के कुलपति डॉ. नजीर अहमद नई, डीन स्टूडेंट्स वेल्फेयर प्रोफेसर सज्जाद गंगू भारत भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री जगन्नाथ कुंज बिहारी स्वैन और सभी उपस्थित गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानों में बढ़ी ठंड

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में सर्दी ने दस्तक दे दी है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी के बाद ठंडी हवाओं ने मैदानी क्षेत्रों में भी सिहरन बढ़ा दी है। सुबह-शाम तापमान में गिरावट के साथ हल्का कोहरा दिखने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट आएगी तथा सर्दी का असर तेजी से बढ़ेगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तरी पर्वतीय इलाकों में हाल में हुई बर्फबारी के कारण ठंडी हवाएं अब मैदानी इलाकों की ओर बढ़ रही हैं। इससे दिल्ली-एनसीआर,में सुबह और रात के समय तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।



'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष को दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा की उपस्थिति में देशभक्ति की भावना के साथ मनाते वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी।

# 'वंदे मातरम्' के 150वें वर्ष को देशभक्ति के साथ मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय गीत श्वंदे मातरमश के 150वें वर्ष को बड़े उत्साह और देशभक्तिकी भावना के साथ मनाया। इस ऐतिहासिक अवसर को चिह्नित करने के लिए, दिल्ली पुलिस के सभी जिलों और इकाइयों में राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन समारोहों के माध्यम से, दिल्ली पुलिस ने एकता, अखंडता और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में एक केंद्रीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ वरिष्ठ अधिकारी और पुलिसकर्मी दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा की उपस्थिति में वंदे मातरम के सामूहिक गायन के लिए एकत्रित हुए। दिल्ली पुलिस पीआरओ ने बताया कि इसके साथ ही दिल्ली भर के पुलिस थानों में वंदे मातरम के सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें पुलिसकर्मियों और जनता दोनों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया गया। कई पुलिस थानों और सामुदायिक पुलिस प्रकोष्ठों ने स्कूलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें स्कूली बच्चों को भी शामिल किया गया।मुख्य कार्यक्रम के अलावा, दिल्ली पुलिस बैंड और ऑर्केस्ट्रा ने दिल्ली भर में कई प्रमुख स्थानों पर सामूहिक गायन सत्र प्रस्तुत किए, जिससे नागरिकों को जोड़ा गया और पूरे शहर में देशभक्ति की भावना का प्रसार हुआ।

## अस्पतालों में दवाइयों की कमी नहीं: स्वास्थ्य मंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में एक समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट का खंडन करते हुए साफ किया है कि दिल्ली सरकार के सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों और मेडिकल साजो-सामान की कोई कमी नहीं है। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग का यह स्पष्टीकरण तब सामने आया जब दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने सभी सरकारी अस्पतालों में जरूरी दवाइयों की उपलब्धता पर प्रकाशित खबर पर खुद संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की तत्काल समीक्षा की।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा की शुरुआत

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा दिनांक 10.11.2025 से फिरोजपुर कैंट – दिल्ली जं. – फिरोजपुर कैंट के बीच नई वंदे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा शुरू करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :–

26462/26461 फिरोजपुर कैंट - दिल्ली जं. - फिरोजपुर कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस (सप्ताह में 6 दिन)

| रेलगाड़ी सं. 26462 ↓ | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 26461 ↑ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 07:55 | फिरोजपुर कैंट जं. | 22:35 | ---- |
| 08:23 | 08:25 | फरीदकोट | 22:03 | 22:05 |
| 09:10 | 09:15 | बठिण्डा जं. | 21:15 | 21:20 |
| 10:26 | 10:28 | धूरी जं. | 19:56 | 19:58 |
| 11:05 | 11:07 | पटियाला | 19:13 | 19:15 |
| 11:58 | 12:00 | अंबाला कैंट जं. | 18:30 | 18:32 |
| 12:28 | 12:30 | कुरुक्षेत्र जं. | 17:40 | 17:42 |
| 13:05 | 13:07 | पानीपत जं. | 17:00 | 17:02 |
| 14:35 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 16:00 |

चलने के दिन: 26462 फिरोजपुर कैंट जं. से और 26461 दिल्ली जं. से प्रतिदिन दिनांक 10.11.2025 से (बुधवार छोड़कर)।
स्थान : चेयर कार एवं एक्जीक्यूटिव चेयर कार।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

3469/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



समन वास्ते करार वाद, उमर तनकी तलब

(आदेश 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।**

मूलवाद सं0-460 सन् 2024

1. नगर पंचायत मीरापुर द्वारा अधिशासी अधिकारी / चौयरमैन मीरापुर तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ...वादीगण

**बनाम**

1. समीर गुप्ता पुत्र रामेश्वर दयाल गुप्ता निवासी मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी 4528/11 तीसरा फ्लोर श्रीनगर जयमाता मार्किट ओंकारनगर वेस्ट दिल्ली। 2. भाग सिंह पुत्र विधा मानू निवासी भूम्मा थाना मीरापुर तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी फ्लैट नम्बर 45 फलौर न0. 3 श्रीनगर जयमाता मार्किट ओंकारनगर वेस्ट दिल्ली-25। ....प्रतिवादीगण

आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त वाद वादी ने आपके विरूद्ध बाबत माननीय न्यायालय में योजित किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 10 नवम्बर सन् 2025 को प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुत्ताल्लिका मुकदमा / वाद का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा कर और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शहादत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे। अगर तारीख्र आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा /वाद बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज दिनांक 18 सितम्बर सन् 2025 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित विधिवत न्यायालय द्वारा जारी किया गया।

आज्ञा से

सिविल जज सीनियर डिविजन मुजफ्फरनगर।


# 15 साल पहले हुई महिला की हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पुलिस ने 15 साल पहले उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी में हुई महिला की हत्या के मामले को सुलझाते हुए उसके पति को गुजरात से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि राजस्थान निवासी नरोत्तम प्रसाद को गुजरात के छोटा उदयपुर से बुधवार को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी वहां झूठी पहचान बताकर रह रहा था और कपास के एक कारखाने में प्रबंधक के रूप में काम कर रहा था। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''प्रसाद ने २०१० में अपनी पत्नी (२५) की हत्या की और घटनास्थल पर इसे आत्महत्या का रूप दिया। घटना के बाद से वह फरार था। उसकी गिरफ्तारी के लिए १० हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। महेंद्र पार्क थाने में ३१ मई २०१० को पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) पर सूचना मिली कि जहांगीरपुरी स्थित एक बंद घर से दुर्गंध आ रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा तोड़ा तो वहां जमीन पर एक महिला का आंशिक रूप से सड़ चुका शव और 'एक सुसाइड' नोट मिला था। शुरुआती जांच में प्रसाद मुख्य संदिग्ध निकला, लेकिन घटना के तुरंत बाद से वह फरार था। पुलिस ने प्रसाद को भगोड़ा अपराधी घोषित किया, लेकिन एक दशक से भी ज्यादा समय बीतने के बावजूद मामला सुलझ नहीं पाया।

# अभी छूट कर आया हूं फिर चला जाऊंगा, दो दोस्तों पर चाकू से किए वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अभी छूट कर आया हूँ। फिर चला जाऊंगा,तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो। शाहबाद डेयरी इलाके में बीती रात नाबालिगों के गैंग ने दो दोस्तों पर चाकू से कई वारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद भी हो गई है।

पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। दोनों घायलों के परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने और उनके परिवार वालों उनको जान से मारने तक की धमकी दी है। जिसके बाद वो काफी दहशत में है। जिन्होंने वारदात को अंजाम दिया है। उनमें से कई नाबालिग बाल सुधार गृह जाने के कुछ ही दिन बाद वापिस इलाके में आकर दहशत मचाते हैं। हर वक्तवे चाकू रखते हैं।

शाहबाद डेयरी पुलिस को बीती रात करीब पौने १२ बजे ए ब्लॉक में दो लडकों को चाकू मारने की दो पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। गुलशन कुमार उसके दोस्त किशन सिंह को चाकू मारे थे। जिनको तुरंत नजदीक के महर्षि वाल्मिकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने दोनों के बयान पर हत्या की कोशिश आदि धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कुछ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया। जिसमें वारदात साफतौर पर दिखाई दे रही है। घायल गुलशन कुमार ने बताया कि उसके सीधे हाथ के पंजे में चाकू से कई वार किये गए थे। वह अपने दोस्त किशन सिंह के साथ घर के पास पार्क में बैठा था। वहां पर कुछ लडकों का आपस में झगड़ा होने लगा था। जिसको उसने छुड़ाने की कोशिश की थी। किशन उसको वहां से ले आया था। जब वह घर के पास बैठा था। इलाके में ही रहने वाले चार लडके आए,जिन्होंने बोला कि तु क्या दादा बन रहा था। बस इसी बात को लेकर थप्पड़ मारे विरोध करने पर एक ने चाकू निकालकर उसके हाथ पर कई वार किये और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

# पुलिस मुठभेड़ में दो गोकश घायल अवस्था में गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली पुलिस की चेकिंग के दौरान गौकशी करने की फिराक में घूम रहे कुख्यात गो. कश बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने बदमाशों को घायलावस्था में गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से दो अवैध तमंचे मय जिंदा खोखा कारतूस, एक अपाचे बाइक व गौकशी करने के उपकरण बरामद किए है।

गढ़मुक्तेश्वर सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस द्वारा झड़ीना नहर पटरी पर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस को बाइक सवार आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने जब उनका पीछा किया तो उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की बदमाशों के पैर में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। बदमाशों की पहचान इस्लामुद्दीन पुत्र शेरदीन निवासी राधना थाना किठौर जनपद मेरठ और आजाद उर्फ एजाज पुत्र जबरदीन निवासी जई नगला थाना भावनपुर जनपद मेरठ के रूप में हुई है। गिरफ्तार बदमाश इस्लामुद्दीन थाना गढ़मुक्तेश्वर से गौवध अधि. नियम और पशु क्रूरता अधिनियम में फरार चल रहा था। जो जनपद मेरठ के थाना किठौर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार दोनों बदमाश शातिर किस्म के गौकश है जिनमे से बदमाश इस्लामुद्दीन के खिलाफ गौकशी, हत्या का प्रयास, चोरी, गैंगस्टर आदि अपराधों के 24 मुकदमे दर्ज है जबकि आजाद उर्फ एजाज के खिलाफ 28 मुकदमें दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए बदमाश गौकशी करने की फिराक में घूम रहे थे। जिनके इरादों पर पुलिस ने पानी फेरते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से दो अवैध तमंचे मय जिंदा खोखा कारतूस, एक अपाचे बाइक व गौकशी करने के उपकरण बरामद किए है। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि गोकश बदमाशों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार को एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जब लोगों ने कोतवाली क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास ट्रैक पर शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ और थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मृतक के पास से कोई रेल टिकट आदि नहीं मिला ना ही कोई दस्तावेज ऐसे मिले जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है। साथ ही आसपास के लोगों से भी पुलिस पूछताछ कर रही है ताकि घटना से संबंधित और जानकारी प्राप्त हो सके। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत हादसे में हुई है या फिर मामला कुछ और है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टिया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है उसकी पहचान के भी प्रयास किया जा रहे हैं।

# 150 साल पूर्ण होने पर गूंजा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जिले के सभी थानो में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में की सभी पुलिस अधिक. ारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने पुलिसकर्मियों को वन्दे मातरम के ऐतिहासिक महत्व, इसकी रचना की पृष्ठभूमि और इससे जुड़ी देशभक्ति की भावना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह गीत देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान का प्रतीक है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से राष्ट्र को संबोधित किया। उनका लाइव संबोधन जिले के सभी पुलिस कार्यालयों व थानों में देखा व सुना गया। प्रधानमंत्री ने वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।

पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्रप्रेम अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा के साथ समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिले के सभी थानों के थाना प्रभारी सीओ सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय के उद्घोष के साथ हुआ, जिससे देशभक्ति का वातावरण बन गया। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम भारत की एकता, देशभक्ति और मातृभूमि के प्रति श्रद्धा का अमर प्रतीक है।

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए हापुड़ से कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश त्यागी नोएडा पहुंचे। जहां जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियो के साथ उन्होंने नोएडा कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी के कार्यालय पर जाकर जमकर सरकार के खिलाफ अपना धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा हैं कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर आज नोएडा में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों को नोएडा में वोट चोर गद्दी छोड़ के अभियान में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के वोटो की चोरी कर लो. कतंत्र का चीर हरण और संविधान की धज्जियां उड़ाने का काम कर रही है। जो कि कांग्रेस का पदाधिक. ारी और कार्यकर्ता कतई नहीं होने देगा। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र में वोट चोर गद्दी छोड़ के रजिस्टर में लोगों के हस्ताक्षर कर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भेजे हैं इन रजिस्टरों में लाखों की संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर केंद्र की भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की मिली भगत से जनता के कीमती वोटो की चोरी पर अपनी सहमति जताकर कांग्रेस पर अपना विश्वास जताया है। कार्यक्रम के प्रभारी सुरेश कुमार बंसल रहे, जिनके नेतृत्व में सभी जिला अध्यक्षों ने जिलाधिक. ारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में पिलखुवा नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, जिला महासचिव कपिल शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष भरतलाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विक्की शर्मा, जिला महासचिव इकबाल सैफी प्रधान, जिला सचिव अनूप कुमार कर्दम, शिवम कुमार, लाल बहादुर, मोहम्मद नफीज, आदेश शर्मा, सुधीर शर्मा आदि मौजूद रहे।



# महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए एसपी के निर्देशन में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला थाना हापुड़ नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित उर्मिला बैंक्विट हॉल में हुई, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।



कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी स्कूल की छात्राओं, एनजीओ कार्यकर्ताओं और अन्य महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पावर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, साइबर हेल्पलाइन-1930, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181 और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 के बारे में जानकारी दी गई और छात्राओं को पम्पलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के अंतर्गत नगर कोतवाली क्षेत्र के जदीद चौकी की महिला पिंक बूथ प्रभारी आशा सौदे द्वारा एक नई पहल खुशहाली के लिए पति-पत्नी के मधुर मिलन के अंतर्गत पति-पत्नी के विवाद में आपसी सुलह के बाद एक साथ रह रहे दंपतियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जगदीश चौकी प्रभारी अशोक तोमर, महिला सुरक्षा प्रभारी उप निरीक्षक रश्मि यादव, महिला पिंक बूथ जदीद चौकी प्रभारी आशा सौदे, अंशु रानी सीमा और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# खड़े ट्रक में अचानक लगी आग, दमकल विभाग ने पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र में दुकान पर खड़े एक ट्रक में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने की सूचना मिलती ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार गांव सादिकपुर के पास ट्रक मालिक अपने ट्रक को एक मिस्त्री की दुकान पर खड़ा करके ट्रक में वेल्डिंग का काम करवा रहा था। इसी दौरान खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ही आग ने एक विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने ट्रक में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस दौरान ट्रक खाली था जिससे कोई भारी नुकसान नहीं हुआ और कोई हताहत नहीं हुई। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में ट्रक में वेल्डिंग करवाते समय आग लगने का कारण माना जा रहा है। फिलहाल दमकल विभाग की टीम आग लगने के कारणों की जाँच कर रही है।



## एक नजर

### बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान, दर्जनों लोगों को पहुंचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गांव लुहारी से होकर पड़ोसी गांव डेहरा रामपुर में पहुंचे कटखने बंदर ने किसान के बाद शुक्रवार को चार अन्य ग्रामीणों को काटकर घायल कर दिया। जिससे पीड़ित ग्रामीणों की तादाद तीन दर्जन से अधिक हो गई है, परंतु इसके बाद भी वन विभाग और तहसील प्रशासन द्वारा कटखने बंदर को पकड़वाने के लिए कोई ठोस कदम उठाए जाने संभव नहीं हो पा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में अजीब सी दहशत व्याप्त होने के साथ ही नाराजगी भी बढ़ती जा रही है।

बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव लुहारी में करीब एक सप्ताह तक आतंक मचाने के बाद कटखना बंदर पड़ोस के गांव डेहरा रामपुर में पहुंचा हुआ है। जिसने बृहस्पतिवार को किसान नरेश शर्मा को काटने के बाद अगले ही दिन शुक्रवार में सोनू, केहर सिंह, लोकेश और अनस पर हमला कर उन्हें काटकर लहूलुहान कर दिया। कटखना बंदर अब तक दोनों गांवों में तीन दर्जन से भी अधिक ग्रामीणों को काटकर घायल कर चुका है। जिससे महिला बच्चे बुरी तरह भयभीत हो रहे हैं और ग्रामीण भी घर से बाहर आने जाने के दौरान हाथ में लाठी डंडा लेकर चलने को मजबूर हो रहे हैं। राजकुमार, अय्यूब, विनोद, राकेश का कहना है कि कटखना बंदर सड़कों पर आने जाने के साथ ही घरों के अंदर घुसकर भी हमले कर रहा है, जिससे लुहारी और डेहरा रामपुर समेत आसपास के कई गांवों में अजीब सी दहशत फैली हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि बंदर के काटने की घटना थम नहीं पा रही हैं, परंतु लगातार सूचना देने के बाद भी वन विभाग और तहसील प्रशासन द्वारा कटखने बंदर को पकड़वाने के लिए न तो कलंदर बुलाए गए हैं और न ही कोई जाल लगवाया जा सका है। ग्रामीणों का कहना है कि कटखने बंदर के आतंक से दोनों गांवों में दहशत फैलने के साथ ही वन विभाग के उदासीन रवैये को लेकर नारा. जगी भी बढ़ती जा रही है। एसडीएम श्रीराम यादव का कहना है कि कार्तिक पूर्णिमा गंगा स्नान मेले का समापन होने पर अब कटखने बंदर को पकड़वाने के लिए वन विभाग को कड़ी हिदायत दी गई है, जिसमें कोई भी ढिलाई अथवा लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जल्द ही बंदर को पकड़ लिया जाएगा।

### युवती पर प्रेम जाल में फंसाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** खादर क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने बताया कि उसके 17 वर्ष के भाई को एक महिला ने अपने झूठे प्रेमजाल में फंसा लिया। उसके बाद उसके भाई ने घर का सामान बेचना शुरू कर दिया है। पीड़ित ने बताया कि महिला ने उसके भाई से घर से जेवर समेत अन्य सामान बेचवा दिया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बाइक लूट की फर्जी सूचना देने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने बाइक लूट की फ़र्जी सूचना देने वाले दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बाइक भी बरामद कर ली है। थाना प्रभारी निरीक्षक श्योपाल सिंह ने बताया कि थाना हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव सरावा निवासी दिनेश और विकास पुत्र ईश्वर चंद द्वारा पुलिस को सूचना दी गई थी कि दोनों आरोपी बाइक पर सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में बदमाशों ने उनकी बाइक को लूट लिया और मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों की शिकायत पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया था और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई थी। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पुलिस को आरोपियों पर शक हुआ। ज़ब पुलिस ने आरोपियों से सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल लिया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि गर्भवती महिला को बाइक से टक्कर मारने के बाद बाइक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गए थे और पुलिस से बचने के लिए आरोपियों द्वारा पुलिस को बाइक की लूट की फर्जी सूचना दी गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने संबंधित मामले में बाइक लूट की फर्जी सूचना का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है और स्प्लेंडर बाइक बरामद कर ली गई है।

# समाजवाद से समाधान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी द्वारा संचा. लित जनजागरूकता अभियान के तहत 'समाजवाद से समाधान' कार्यक्रम का आयोजन ज़िलें में बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और सामाजिक न्याय, समानता एवं विकास के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समा. जवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि समा. जवाद ही वह विचारधारा है जो हर वर्ग, हर समुदाय और हर नागरिक को समान अधिकार और अवसर देती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आहवान किया कि वे समाजवादी मूल्यों को जनमानस तक पहुँचाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव ने कहा कि आज देश में असमानता और बेरोजगारी जैसे मुद्दों का समाधान केवल समाजवादी नीतियों के माध्यम से ही संभव है। समाजवाद से ही समाज का सर्वांगीण विकास हो सकता है। इस अवसर पर जिले के विभिन्न हिस्सों से सैकड़ों कार्यकर्ता, पदाधिक. ारी और समर्थक कार्यक्रम में पहुंचे। सभी ने समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में एकजुट होकर प्रदेश में सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। स्थानीय नेताओं ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और नौजवान के हक़ की आवाज़ बुलंद की है। इस अवसर पर आशुतोष शर्मा विधानसभा गढ़मुक्तेश्वर, अंकित भड़ाना, देवेंद्र जाखड़, अलीपुर सोसाइटी से राजेश देवी, शालू जोहरी प्रदेश सचिव महिला सभा, वाहिद चौधरी, विक्रम कसाना, श्रवण कुमार शर्मा, हिमांशु राणा आदि लोग मौजूद रहे।




# एसएसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



**मथुरा।** शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर साप्ताहिक परेड की सलामी ली। एसएसपी द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों, प्रशिक्षुओं के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात पुलिसकर्मियों एवं प्रशिक्षुओं में शारीरिक दक्षता विकसित करने के लिए दौड़ लगवाई गई तथा एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल भी करवाई गई। उसे और बेहतर तरीके से कराने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। परेड ग्राउंड पर पीआरवी के वाहनों व उपकरणों का निरीक्षण किया गया। परेड में विभिन्न थानों, कार्यालयों, शाखाओं एवं पुलिस लाइन के पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। पुलिस लाइन परिसर व भोजनालय आदि का निरीक्षण किया गया एवं आदेश कक्ष पर समस्त गार्द कमांडर के रजिस्टर का अवलोकन किया गया।

# मेला स्थल से बांस-बल्ली समेटने में लगे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कार्तिक पूर्णिमा पर गढ़ के खादर क्षेत्र में मेला समाप्त हो गया। मेला स्थल से तंबू, बांस की बल्लियों आदि समेटने में लोग लगे हुए हैं। कुछ लोग तंबू उठाकर चले भी गए। दो-चार दिनों में यह खादर क्षेत्र खाली हो जाएगा। लेकिन मेला स्थल पर फैली गंदगी, प्लास्टिक की थैलियां और बेकार पड़ी अन्य चीजें रह गई हैं। हालांकि हापुड़ के जिलाधिकारी और हापुड़ के कप्तान ने सफाई अभियान चलाकर खुद भी सफाई की। हर साल गढ़ मेले के बाद गंगा का यही हाल होता है। कार्तिक पूर्णिमा मुख्य स्नान के मौके पर लगभग 25 से 30 लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। पिछले 10 दिनों तक दूर-दराज से आए लोगों ने मेला स्थल पर तंबू लगाकर डेरा डाले रखा। तम्बुओं को इस तरह लगाया गया था जैसे कोई नगरी बसी हो। तंबुओं की इस नगरी में श्रद्धालुओं का खूब जमावड़ा लगा। इस दौरान खादर इलाके और गंगा के तट पर भारी मात्रा में गंदगी फैली। इसमें प्लास्टिक के रैपर, थैलियां और अन्य तरह के वर्ज्य पदार्थ फेंके गए थे। मेला क्षेत्र की सफाई ठीक से हो जाए इसकी निगरानी के लिए सहायक विकास अधिकारी पंचायत और ग्राम पंचायत सचिवों को लगाया गया है। इन अधिकारियों ने रिपोर्ट दी है कि काफी सीमा तक सफाई कर मौजूद गंदगी को दूर कर दिया गया है। और पूरी तरह से क्षेत्र को अच्छे से साफ कर दिया जाएगा।

**जमकर हुआ रेत खनन**

गंगा मेले में आए श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाने के साथ ही रेत खनन किया। प्रदेश सरकार द्वारा नदियों और नहरों से खनन प्रतिबंधित करने के बावजूद लोग नहीं चूके। गंगा मेले में आए श्रद्धालुओं ने प्रतिबंध को दर किनार कर जमकर खनन किया। इस समय बाजार में रेत की ट्रॉली 7 से 8 हजार रुपये की मिल रही है। श्रद्धालुओं ने ट्रॉली के नीचे डाले मे रेत भर कर ऊपर से समान भरलिया। भैंसा-बुग्गी और ट्रैक्टर ट्रॉल देखकर भी पुलिसकर्मी अनजान बने रहे। गढ़ गंगा मेला के समापन पर गंग तट पर हवन पूजन किया गया। जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर, उप जिलाधिकारी, विधायक हरेंद्र तेवतिया आदि ने हवन आहुतियां डाली और मां गंगा सामग्री का विसर्जन किया। इन अवसर पर उपस्थित लोगों ने माँ गंगा से देश में सुख-शांति व समृद्धि की कामना की।

# संस्कृति विवि में वक्ताओं ने कहा महिलाएं होंगी स्वस्थ तो देश होगा सशक्त

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति अभियान के तहत संस्कृति स्कूल आफ योग एंड नेचरोपैथी द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का विषय था, 'स्वस्थ महिला, सशक्त देश'। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आज देश की उन्नति में महिलाओं की बराबर से भागीदारी है। महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो सशक्त होंगी और महिलाएं सशक्त होंगी तो देश भी मजबूती से आगे बढ़ेगा।

बताते चलें कि मिशन शक्ति अभियान एक विशेष योजना है जो महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई है। यह अभियान महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें समाज में समान भागीदार बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर केंद्रित है। सरकार की इसी योजना के तहत संस्कृति विश्वविद्यालय में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। संस्कृति विश्वविद्यालय के सभागार में 'स्वस्थ महिला, सशक्त देश' विषय पर आयोजित कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महेश्वरी हास्पिटल मथुरा की निदेशक डा. अनुराधा महेश्वरी ने कहा कि महिलाओं के सर्वांगीण विकास की ओर हमें ध्यान देना होगा। विशेष रूप से महिलाओं के मान. सिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने की जरूरत है। डा. महेश्वरी ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि आप किसी भी समस्या से विचलित न हों। हो सकता है कि जो समस्या आपको बड़ी लग रही हो और जिसके कारण आप दबाव या निराशा महसूस कर रहे हैं वह उतनी बड़ी न हो। आपको इसका एहसास तब हो जाएगा जब आप अपनी समस्या को अपने परिवारीजन, काउंसलर या फिर अपने शिक्षकों से शेयर करेंगे। उन्होंने कहा कि हर विश्वविद्यालय में पूरा एक सिस्टम होना चाहिए जो समय समय पर विद्यार्थियों की काउंस. लिंग कर उनकी समस्याओं का निराकरण करे। उन्होंने कहा कि युवतियों की स्वावलंबी बनने की शुरुआत घर से होती है।

# बंद घरों में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

## फर्जी नंबर प्लेट लगाकर कार से करते थे रैकी, जूलरी, कैश, औजार बरामद




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** बंद घरों की रैकी करके चोरी करने वाले गैंग को थाना सेक्टर-24 पुलिस ने पकड़ा है। गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से घर से चोरी किया गया गहने, घड़ियां, कैश और कार बरामद की गई। इनके नाम गोपाल, पप्पू और मुकेश है। तीनों दिल्ली के त्रिलोक पुरी के वाले है। इसमें गोपाल 39 साल, पप्पू 55 और मुकेश 46 साल का है। ये लोग काफी लंबे समय से चोरी की घटनाओं में लिप्त है। इनकी जानकारी अन्य राज्यों और जनपदों में भेजी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि इन तीनों को सेक्टर-11 पास से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस ने थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तीन संदिग्ध लोगों की जानकारी मिली। इलेक्ट्रानिक सर्विलांस और मुखबीर से जानकारी मिली। इसके बाद घेरा. बंदी की गई। इनके पास से भारी मात्रा में जूलरी और 11 हजार 400 रुपए कैश, दो फर्जी नंबर प्लेट और ताला काटने के औजार बरामद किए गए।

**कार से करते थे रैकी:** ये लोग कार से बंद घरों की रैकी करते है। इसके बाद चोरी छिपे कटर से ताला तोड़कर सामान चोरी कर फरार हो जाते है। गिरफ्तार किए गए तीनों में एक सुनार है। इसका काम चोरी के गहने पिघलाकर उनकी सिल्ली बनाना है। जिससे अन्य गहने बनाकर या बेचकर पैसा कमाना था। फिलहाल पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। ये पता चल सके कि गिरोह में और कितने लोग शामिल है।

**फेस्टिव सीजन में होते एक्टिव:** ये लोग फेस्टिव सीजन में एक्टिव होते है। दरअसल इन दिनों दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोग अपने घर जाते है। ऐसे में रैकी करके घरों में चोरी की घटना करते है।

# ग्रेनो में लावारिस कुत्तों के लिए तीन शेल्टर बनाने का काम जल्द शुरू होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण लावारिस कुत्तों के लिए तीन शेल्टर होम बनाने जा रहा है। प्राधिकरण ने स्थान चिह्नित कर इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। एजेंसी का चयन कर इस माह के अंत तक निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। ग्रेनो में लावारिस कुत्तों के लिए कोई शेल्टर होम नहीं है। साथ ही टीकाकरण और नसबंदी केंद्र की संख्या एक से बढ़ाकर दो की जाएगी।

> लावारिस कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। कंपनी का चयन कर जल्द निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। जमीन की तलाश कर ली गई है। टीकाकरण/नसबंदी केंद्र की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।
> **- आरके भारती, महाप्रबंधक स्वास्थ्य, ग्रेनो प्राधिकरण**

लावारिस कुत्तों के संबंध में पूर्व में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश पर प्राधिकरण ने लावा. रिस कुत्तों के लिए शेल्टर बनाने की तैयारी शुरू कर दी थी। अधिकारी के मुताबिक, इसके लिए क्षेत्र के जलपुरा, पौवारी और चूहड़पुर में जगह चिह्नित कर निविदा जारी कर दी गई है।

कंपनी के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में चल रही है। उम्मीद है कि इस माह के अंत तक निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि अभी लावारिस कुत्तों को रखने के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। टीकाकरण और नसबंदी के बाद कुत्तों को उसी स्थान पर छोड़ दिया जाता है, जहां से उठाया गया था। प्राधिकरण के मुताबिक पिछले एक वर्ष में पांच हजार से अधिक लावारिस कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया गया। सेक्टर स्वर्णनगरी में एक निजी संस्था के सहयोग से केंद्र का संचालन किया जा रहा है। नसबंदी और टीकाकरण के कार्य में तेजी लाने के लिए चूहड़पुर में एक और टीकाकरण/ नसबंदी केंद्र जल्द खोला जाएगा। इसके लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। ग्रेनो में कुत्तों की बढ़ती संख्या लोग परेशान ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट में लावारिस कुत्तों के कारण लोग परेशान हैं। कुत्तों के काटने की घटनाएं आए दिन सुर्खियां में रहती हैं। इनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है। सेक्टर सोसाइटी के लोग शिकायत करते रहते हैं।

# बुजुर्ग की मौत के मामले में अस्पताल के कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** थाना दनकौर क्षेत्र में स्थित निम्स अस्पताल में एक बुजुर्ग व्यक्ति की गिरकर हुई मौत के मामले में उसके बेटे ने अस्पताल के कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को मामला दर्ज कराया।

थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शकील पुत्र शाहिद ने आज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि 31 अक्टूबर को कस्बा जेवर में निम्स अस्पताल द्वारा एक कैंप लगाया गया था जहां उसने अपने पिता शाहिद (85 वर्ष) व अपनी मां चमन को दिखाया।

शकील ने कहा है कि डॉक्टर के कहने पर उसने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिकी में शकील ने आरोप लगाया है कि चार नवंबर को उसके पिता वार्ड से गायब हो गए और उसकी मम्मी के अलावा वहां उपचार करा रहे अन्य लोगों ने उसे यह सूचना दी।

शकील का कहना है कि जब वह अस्पताल पहुंचा तो उसके पिता नहीं मिले। इसके बाद उसने पांच नवंबर को थाना दनकौर में अपने पिता की गुमशुदगी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई जिसके बाद पुलिस उसके पिता की तलाश कर रही थी।

शकील का आरोप है कि छह नवंबर की शाम जब वह अपने पिता को अस्पताल में ढूंढ़ रहा था, तभी उसने वार्ड के बाथरूम से नीचे झांक कर देखा तो बेसमेंट में एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। शकील के मुताबिक, जब उसने नीचे जाकर देखा तो पता चला कि वह उसके पिता का शव है जिसके सिर में काफी चोट के निशान थे।

पीड़ित का आरोप है कि निम्स अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यह घटना हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में निम्स अस्पताल के कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# निवेश के नाम पर सेवानिवृत्ति इंजीनियर से 71 लाख रुपये ऐंठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा होने का झांसा देकर सेवानिवृत्त इंजीनियर से 71 लाख रुपये की ठगी कर ली। मुनाफे के चक्कर में बुजुर्ग इंजीनियर ने लाखों रुपये का लोन भी ले लिया। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने एक कथित महिला ठग के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-78 स्थित एक सोसाइटी में रहने वाले 80 वर्षीय राकेश जैन ने बताया कि इसी साल एक अक्तूबर को सोशल मीडिया पर पूजा नाम की महिला ने उनसे संपर्क किया। जल्द ही दोनों व्हाट्सऐप के माध्यम से जुड़ गए और बातचीत होने लगी।




पूजा ने राकेश को निवेश कर मुनाफा कमाने की सलाह दी। उसने कहा कि अगर उसके बताए अनुसार निवेश किया जाए तो कम समय में ही दो से तीन गुना तक मुनाफा हो सकता है। कई दिन तक बातचीत करने के बाद जब इंजीनियर निवेश करने का विचार कर रहे थे, तभी महिला ने उन्हें एक व्हाट्सऐप ग्रुप पर जोड़ लिया। इंजीनियर को व्हाट्सऐप ग्रुप पर ही शेयर ट्रेडिंग का प्रशिक्षण मिलने लगा। ठगों ने फायर्स एसएनआई नाम का ऐप भी डाउनलोड करवा दिया। यह ऐप बेंगलुरु स्थित एक ब्रोकरेज फर्म फायर्स सिक्योरिटी के नाम से मिलता-जुलता था। संबंधित फर्म की पीड़ित को पहले से जानकारी थी, ऐसे में उसने महिला की बातों पर यकीन कर लिया। ऐप में कुछ नियम और शर्तें भी थीं, जिसमें ईपीओ में निवेश करने पर छूट की बात थी। पीड़ित ने डिस्काउंट के चक्कर में कुछ आईपीओ में निवेश करना शुरू कर दिया। शुरुआती चरण में निवेश करने पर इंजीनियर को मुनाफा हुआ। उनको मुनाफे समेत रकम निकालने की अनुम. ति भी दी गई। इसके बाद इंजीनियर को यकीन हो गया कि उनका धन सही जगह पर निवेश कराया जा रहा है। उन्होंने मुनाफे के चक्कर में 10 से अधिक बार में 71 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। अचानक पीड़ित को रुपये की आवश्यकता पड़ गई। ऐसे में उन्होंने मुनाफे समेत रकम निकालने का प्रयास किया। इस दौरान ठगों ने पीड़ित को लोन भी दिया। बताया गया कि विभिन्न करों और लोन का ब्याज चुकाने के बाद ही रकम निकल सकेगी। बार-बार रुपये वापस करने के लिए कहने पर ठगों ने इंजीनियर को ग्रुप से ही बाहर कर दिया। उस कथित महिला पूजा का नंबर भी बंद आने लगा। इसके बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। ग्रुप पर मुनाफे के स्क्रीनशॉट भेजे पीड़ित ने बताया कि उसे जिस ग्रुप में जोड़ा गया था, उसमें कई सदस्य पहले से ही जुड़े थे। वे निवेश पर होने वाले मुनाफे के स्क्रीनशॉट रोजाना ग्रुप पर ही साझा कर रहे थे। सदस्यों के मुनाफे के स्क्रीनशॉट को देखने के बाद ही इंजीनियर ने निवेश करने का सोचा। ठगी के बाद पीड़ित को इसकी जानकारी हुई कि ग्रुप के जो सदस्य थे, वे भी ठग गिरोह के ही थे। वे मुनाफे का स्क्रीनशॉट इसलिए साझा कर रहे थे ताकि नए सदस्य को निवेश के लिए उकसाया जा सके। पीड़ित का कहना है कि उसने जिंदगी भर की जमा पूंजी ठगी में गंवा दी।

रकम फ्रीज कराने की प्रक्रिया शुरू एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि ठगी की रकम जिन खातों में गई है, उनसे संबंधित बैंकों के अधिकारियों से संपर्क किया गया है ताकि ठगी की रकम को फ्रीज और होल्ड कराया जा सके। पुलिस को कुछ रकम फ्रीज कराने में सफलता मिल गई है। शेष रकम को भी होल्ड और फ्रीज कराने का प्रयास किया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि ठगी की रकम किराये के खातों में ट्रांसफर हुई। जिन खातों में ठगी की रकम गई, उन्हें देश के अलग-अलग हिस्से में खोला गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने के साथ ही एनसीआरपी पोर्टल पर भी की थी।

# पिता-पुत्र पर फायरिंग

**■ आरोपी से पुलिस ने बरामद की पिस्तौल, दो कारतूस मिले**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना पुलिस ने पिता-पुत्र पर फायरिंग करने के आरोपी विकास को कस्टडी रिमांड पर लेकर वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए हैं। यह मामला 25 अक्टूबर को सैनी गांव में हुआ था।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी विकास ने अपने साथी के साथ मिलकर स्वतंत्र नागर के घर में घुसकर उन पर और उनके पिता पर फायरिंग की थी। गोलीबारी में दोनों बाल-बाल बच गए थे। वारदात के बाद विकास अपने साथी की मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गया था।

घटना के कुछ दिन बाद विकास और उसका साथी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। पुलिस ने आरोपी को कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ की, जिसमें उसकी निशानदेही पर घर के सोफे के अंदर छिपाई गई पिस्तौल और कारतूस मिले।

ईकोटेक-3 थाना प्रभारी ने बताया कि बरामद हथियार को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है और साथी आरोपी से भी पूछताछ जारी है।

पुलिस का कहना है कि फायरिंग के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है।

## कैंटर ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचला, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** नवादा गोल चक्कर के समीप गुरुवार की शाम सड़क पार कर रहे युवक को कैंटर ने कुचल दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने कैंटर को कब्जे में लेकर आरोपी चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक मूलरूप से हमीरपुर का रहने वाला 27 वर्षीय नरेश नवादा गांव में परिवार के साथ किराये के मकान में रहता था। गुरुवार की शाम नवादा गोल चक्कर के समीप नरेश सड़क पार कर रहा था। इसी बीच कैंटर ने नरेश को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल नरेश को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और कैंटर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

# प्रदूषण नियंत्रण बैठक में अधिकारियों की गैरहाजिरी पर प्रिंसिपल सेक्रेट्री नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रदूषण की रोकथाम को लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति पर प्रिंसिपल सेक्रेट्री अनिल कुमार ने कड़ी नाराजगी जताई गई। अगली समीक्षा मेरठ में होगी, जहां सभी विभागों के अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए गए। प्रदूषण हॉटस्पॉट कम करने पर विशेष बल दिया गया और इनकी दिशा में कारगर कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया गया। बैठक में नोएडा से नवंबर 2026 तक 1.85 लाख से अधिक पुराने वाहनों को बाहर करने की योजना पर चर्चा हुई। दिल्ली में बीएस-4 के कम वर्ग के वाहनों पर पाबंदी लगाई जाएगी।

डीसीपी ट्रैफिक नोएडा ने 1 नवंबर से 6 नवंबर 2025 तक 9719 प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जानकारी दी। खुर्जा में एक्यूआई में 42 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर प्रमुख सचिव नाराजगी व्यक्त की गई, जबकि बुलंदशहर में विभागीय अधिकारियों के कामकाज में तालमेल की कमी उजागर हुई।

**प्रभावी डस्ट प्रबंधन से घटेगा प्रदूषण:** जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने गांवों में प्रदूषण, सफाई की कमी और गांवों को हॉटस्पॉट में शामिल न करने पर असंतोष जताया। उन्होंने कहा कि जेवर में विश्व का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है, यदि डस्ट प्रबंधन प्रभावी हो तो 50 प्रतिशत प्रदूषण पर अंकुश लग सकता है। बैठक में राज्य मंत्री डा अरुण कुमार सक्सेना सभी विभागों से समन्वय बढ़ाने और तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सुधर सके। इस मौके गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड़ और गाजियाबाद के तमाम आलाधिकारी मौजूद रहे। गौतमबुद्ध नगर जिले में डस्ट मैनेजमेंट के लिए 20 वाटर स्प्रिंकलर, 224 एंटी-स्मॉग गन और 94 एमआरएसएमएस मशीनें तैनात की गई हैं, जबकि गाजियाबाद में 14 वाटर स्प्रिंकलर, 41 एंटी-स्मॉग गन और 107 एमआरएसएमएस मशीनें लगाई गई हैं। प्रदूषण हॉटस्पॉट की बात करें तो गाजियाबाद में 5, हापुड़ में 2, गौतमबुद्ध नगर में 7 और बुलंदशहर में 5 हॉटस्पॉट चिह्नित किए गए हैं।

## एक नजर

### झुग्गियों में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र स्थित भगत चौक के पास शुक्रवार शाम कबाड़ और झुग्गियों में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते आधा दर्जन से अधिक झुग्गियां जलकर राख हो गईं। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। शुरुआत में मौके पर दो गाड़ियां भेजी गई थीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के स्टेशनों से और गाड़ियां बुलाई गईं। दमकल अधिकारी ने बताया कि आग कबाड़ से लगी और तेज हवा के कारण तेजी से फैलती गई, जिससे पास की कई झुग्गियां इसकी चपेट में आ गईं। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में दमकलकर्मियों की मदद की। राहत की बात यह है कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और न ही कोई व्यक्ति झुलसा है। फिलहाल आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया है। घटना में झुग्गियों में रखे घरेलू सामान और कबाड़ के जलने से हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। दमकल विभाग आग के कारणों की जांच कर रहा है। पुलिस ने एहतियातन आसपास के क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया है ताकि कोई पुन: हादसा न हो।

### पजल पार्किंग बनाने के लिए चार एजेंसी आगे आईं

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-63 में पजल पार्किंग बनाने के लिए चार एजेंसी आगे आई हैं। अब इनके कागजातों की जांच की जाएगी। इसके बाद फाइनेनशियल बिड खोली जाएगी। यह जिले की पहली पार्किंग है। नोएडा प्राधिकरण ने अक्तूबर महीने में पजल पार्किंग के लिए टेंडर जारी किया था। पहले इस टेंडर में आवेदन करने का समय 31 अक्तूबर था जिसके बाद तारीख बढ़ाते हुए 6 नवंबर कर दी गई थी। अब शुक्रवार को सेक्टर-63 के जी ब्लॉक पार्क के पास बनने वाली पजल पार्किंग का टेंडर खोला गया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि इसमें चार एजेंसियों के आवेदन आए हुए थे। अब सोमवार से इन एजेंसियों के कागजात की जांच शुरू की जाएगी। सभी एजेंसियों के कागजात सही पाए गए तो फाइनेनशियल बिड खोली जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया इस महीने के अंत तक पूरी कर ली जाएगी। अगर इसी टेंडर के तहत एजेंसी का चयन हो जाता है तो जनवरी 2026 से पार्किंग का काम शुरू करा दिया जाएगा। अगर इस टेंडर प्रक्रिया में काम नहीं हुआ तो फिर और वक्त लगेगा। इस पार्किंग का निर्माण 13 करोड़ 98 लाख 86 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा। यह पार्किंग चार मंजिल की होगी जिसमें हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के जरिए कार ऊपर-नीचे खड़ी की जाएगी। लोहे के स्ट्रक्चर पर इसे बनाया जाएगा और हाईड्रोलिक प्लेटफार्म लगाए जाएंगे। इसका निर्माण 800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में होगा। यहां पर पार्किंग बनाने के साथ ही दोनों तरफ वाहनों के आवागमन को फुटपाथ भी बनाया जाएगा। पार्किंग के सामने और दोनों तरफ प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग लगाने की भी जगह होगी।

# दोहरे हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा क्षेत्र के सैंथली गांव में हुए दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि तीन आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दीवाली के दिन नाली के पानी के विवाद को लेकर सैंथली गांव में पड़ोसियों में विवाद हो गया। इसके बाद चाचा अजयपाल और भतीजे दीपांशु की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

इस मामले में मृतक परिवार की ओर से मनोज, प्रिंस भाटी, बॉबी तौंगड़, सोनू और जितेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

इस दोहरे हत्याकांड में आरोपी मनोज ने गाजियाबाद, प्रिंस ने बुलंदशहर और बॉबी तौंगड़ ने अलीगढ़ कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। पुलिस ने सरेंडर करने का प्रयास कर रहे सचिन को कोर्ट से गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी जितेंद्र को आनन्दपुर गांव के ईंट के भट्ठे से गिरफ्तार किया। पुलिस अब इस दोहरे हत्याकांड के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

## सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 नवंबर से होंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित महात्मा गांधी कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में सेमेस्टर की परीक्षाएं 22 नवंबर से होंगी। कॉलेज प्रशासन ने परीक्षा के लिए समय सारिणी और निगरानी व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया है। इससे जुड़ी जानकारी कॉलेज की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्षाएं जारी नोएडा। सेक्टर-39 स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सेमेस्टर की परीक्षाएं 26 नवंबर से शुरू होंगी। कॉलेज प्रशासन अतिरिक्त कक्षाएं चला रहा है। इन कक्षाओं में शिक्षक विद्यार्थियों को कठिन विषयों की पुनरावृत्ति कराने के साथ-साथ परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।

# जमीन कब्जाने को लेकर किसानों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के रौनीजा गांव में किसानों ने एक निजी बिल्डर पर बिना अधिग्रहण राशि दिए जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। गुरुवार को राष्ट्रीय किसान यूनियन के नेतृत्व में सैकड़ों किसान मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि बिल्डर ने उनकी धान और गेहूं की फसलें नष्ट कर दीं और जबरन जमीन पर कब्जा कर लिया।

किसानों के अनुसार, प्राधिकरण ने बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन एक निजी बिल्डर को आवंटित कर दी। इसके बाद बिल्डर ने बाउंसरों और जेसीबी मशीनों की मदद से खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद कर दीं। साथ ही पशुओं के लिए रखे भूसे और बाड़े को भी तोड़ दिया गया। इस कार्रवाई से नाराज किसानों ने भारी संख्या में पहुंचकर हंगामा और नारेबाजी की। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस और प्राधिकरण पर बिल्डर से मिलीभगत का आरोप लगाया। बाद में रौनीजा गांव में किसानों की महापंचायत बुलाई गई, जिसमें बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सार्वजनिक माफी की मांग की गई। किसानों ने बताया कि कुछ दिन पहले भी बिल्डर ने इसी तरह फसल नष्ट कर जमीन पर कब्जा किया था, और शिकायत करने पर पुलिस ने किसानों को हिरासत में लेकर जबरन समझौते का दबाव बनाया था। हंगामे की सूचना मिलते ही जेवर विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने सदर तहसील और यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ पहुंचकर कब्जाई गई जमीन की पैमाइश कराई।

# 718 बीएलओ और 72 सुपरवाइजर ने ही एसआईआर का कार्य शुरू किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान की गति बेहद धीमी है। इस सुस्ती का कारण बीएलओ द्वारा अभियान में अपेक्षित भागीदारी न करना है। अबतक सिर्फ 718 बीएलओ व 72 सुपरवाइजर ने ही फार्म बांटने शुरू किए हैं, जबकि हजारों बीएलओ अबतक निष्क्रिय है। सदर एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ को कार्यभार सौंपा जा चुका है। इसके लिए एक समय सीमा भी निर्धारित की गई है। 4 नवंबर से जिले में यह अभियान जारी है, जोकि करीब एक माह तक चलेगा। लगातार दो दिनों से कार्य में लापरवाही बरतने पर करीब 300 बीएलओ व सुप. रवाइजर समेत अफसरों तक के वेतन रोके जा सके पर अभी तक अभियान ने गति नहीं पकड़ी है।

बताया कि जिले में कुल 1868 बीएलओ और 191 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए है, जिनमें से सिर्फ 718 बीएलओ व 72 सुपरवाइजर ने ही फॉर्म बांटने का काम शुरू किया है। बताया गया कि अभियान शुरू न करने वाले बीएलओ को फोन कॉल, व्हाट्सएप पर मैसेज समेत अन्य तरीकों से कार्य शुरू करने के लिए आदेश जारी किए जा चुके हैं, लेकिन उनकी तरह से अभी तक काम शुरू नहीं हुआ। सभी को एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी जारी की गई है।

**शाह टाइम्स**
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
**प्रवेश सिंह दतानियां**
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## ग्रेनो में महिला प्रो कबड्डी लीग कराने की तैयारी

**नोएडा।** जिले में महिला प्रो कबड्डी लीग (डब्लूकेएल) का आयोजन ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कराने की तैयारी है। इसके लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आयोजकों से संपर्क किया है। हालांकि, आयोजन से पहले आयोजकों की एक टीम स्टेडियम का निरीक्षण करने के लिए आएगी। देश की महिला कबड्डी खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए 2023 में यह लीग शुरू की गई थी। इसका पहला सीजन दुबई में खेला गया था। इसमें आठ टीमें बेंगलुरु हॉक्स, दिल्ली डायनामाइट्स, महान मराठा, उमा कोलकाता, हरियाणा हसलर्स, पंजाब पैंथर्स, राजस्थान राइडर्स, गुजराती देवदूत की टीम ने हिस्सा लिया था। जानकारी के अनुसार आयोजक महिलाओं की लीग को ग्रेटर नोएडा में करने पर विचार रहे है। आयोजक जल्द पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का दौरा कर सकते हैं।

# नोएडा प्राधिकरण ने गांवों में चलाया सफाई अभियान

**■ नालियों और सीवर की होगी डीप क्लीनिंग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं में सुधार के लिए नोएडा प्राधिकरण ने बड़ा अभियान शुरू किया है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) लोकेश एम. की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में 09 ग्रामों बरौला, सादापुर, छलेरा, भंगेल, सलारपुर, मोरना, राघुपुरा, झुंडपुरा और भट्टा में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करुणाकर, महेन्द्र प्रसाद, ए.के. अरोड़ा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों को गांवों की सीवर, नालियों, सड़कों और जल निकासी व्यवस्था की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में सीईओ ने निर्देश दिया कि सभी गांवों में सीवर लाइन और मेन होल की सफाई का एक माह का विशेष अभियान चलाया जाएगा।।जहां सीवर ओवरफ्लो की शिकायतें अधिक हैं, वहां छोटे पंप लगाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी।

छोटी सीवर लाइनों को बड़ी लाइनों से जोड़ा जाएगा, ताकि पानी का निकास सुचारु रूप से हो सके।।स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि सभी गलियों की सफाई एक माह में पूरी की जाए और इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन भेजी जाए। जिन जगहों पर नालियों में अवरोध के कारण जलभराव हो रहा है, वहां जेटिंग मशीन से सफाई कराई जाएगी। गांवों में कूड़े के ढेर हटाकर खाली स्थानों को हरा-भरा करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी वेंडिंग जोनों की सफाई और कचरे के निस्तारण की व्यवस्था प्रतिदिन सुबह-शाम की जाएगी। गांवों में टूटी नालियों और टूटे ढक्कनों की मरम्मत का कार्य एक माह में पूरा करने के आद. ेश दिए गए हैं। जहां नालियों पर रैंप या सीढ़ियां बनाकर पानी के प्रवाह को रोका गया है, वहां ग्रामवासियों के सहयोग से डीप क्लीनिंग कराई जाएगी।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अभियान की नियमित समीक्षा की जाएगी और प्रत्येक गांव में अधिकारियों की टीम निगरानी करेगी।

# सुभाष सिंह तोमर बने जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

## वरिष्ठ उपाध्यक्ष चांदवीर सिंह राणा तथा महामंत्री पद पर अजित सिंह ने की जीत दर्ज






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला बार एसोसिएशन बागपत की कार्यकारिणी को मतगणना शुक्रवार को लाइब्रेरी हॉल तथा चौधरी चरण सिंह सभागार में शांतिपूर्वक संपन्न हुई जिसमें सुभाष सिंह तोमर को अध्यक्ष पद पर जीत हासिल हुई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चांदवीर सिंह राणा कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सचिन कुमार शर्मा विजय हुए अध्यक्ष पद पर सुभाष सिंह तोमर को 410 वोट हासिल हुए। उन्होंने सतीश कुमार त्यागी को पराजित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चांदवीर सिंह राणा को 348 तथा अमितेश पूनिया को 338 वोट हासिल हुए महामंत्री पद पर अजित सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर सचिन कुमार ने विजय हासिल की महामंत्री पद पर अजित सिंह को 373 वोट हासिल हुए उनके प्रतिद्वंदी मनोज कुमार को 333 मत हासिल हुए कोषाध्यक्ष पद पर सचिन कुमार को 383 तथा उनके प्रतिद्वंदी मुन्ना खान को 308 मत हासिल हुए। इसके अलावा चार अन्य संयुक्त मंत्री पद तथा 6 कार्यकारिणी सदस्य पद पर हुए चुनाव की मतगणना का कार्य संपन्न हुआ। जिला बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चुनाव की मतगणना का कार्य एल्डर कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र पाल शर्मा की देखरेख में हुआ। जिला बार एसोसिएशन कार्यकारिणी के विभिन्न पदों के चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान हुआ था।

# आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एएसपी से मिले पीड़ित लोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौत तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में दीपावली पर्व पर बच्चों द्वारा पटाखे छूटाने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था जिसमें एक पक्ष में दूसरे पक्ष के घर में जाकर ताबड़तोड़ हमला बोला था जिसमें एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। इस मामले की कार्रवाई में अब तक छपरौली पुलिस द्वारा लगभग आधा दर्जन लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं बाकी बचे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को सुधीर खोखर बदरखा के नेतृत्व में एडिशनल एसपी प्रवीण चौहान को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें बाकी बचे आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई। बदरखा गांव में अभी भी पुलिस प्रशासन तैनात चल रहा है। ज्ञापन देने वालों में प्रवेंद्र खोखर बदरखा राजीव रविंद्र गुल्लू उदयवीर प्रांजल अनुज बिट्टू विजेंदर लकी सुधीर खोखर आदि मौजूद मौजूद रहे।

# नौवी की छात्रा की ट्रैक्टर की टक्कर लगने से मौत



मृतका का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** फजलपुर गांव में गुरुवार दे शाम टयूशन पढ़कर साइकिल से घर लौट रही छात्रा की ट्रैक्टर की टक्कर लगने मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। परिजनों ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

फजलपुर गांव की इशू पुत्री सुमित जिवाना गुलियान के सेंट आरवी कॉन्वेंट स्कूल में नौवीं की छात्रा थी। शाम को वह गांव में ही टयूशन पढ़कर साइकिल से वापस घर लौट रही थी। वह सामने से आ रहे ट्रैक्टर की टक्कर लगने से साइकिल सहित नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गई। ट्रैक्टर लेकर चालक मौके से फरार हो गया। परिजन छात्रा को लेकर बड़ौत के एक निजी हॉस्पिटल में गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को घटना की सूचना दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। छात्रा की मां स्नेहलता ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। हादसे से परिजन व ग्रामीणों में शोक व्याप्त है।

# हैदराबाद रेलवे वर्कशॉप में डयूटी के दौरान युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हैदराबाद रेलवे वर्कशॉप में डयूटी के दौरान एक युवक की हादसे में मौत हो गई। युवक पुसार गांव का निवासी था। उसका शव गांव पहुंचने पर अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक की पहचान 22 वर्षीय यतीत तोमर के रूप में हुई है, जो किसान सोराज का छोटा बेटा था। यतीत डेढ़ वर्ष पहले रेलवे के ग्रुप सी में इलेक्ट्रीशियन के पद पर भर्ती हुआ था और हैदराबाद के रेलवे वर्कशॉप में कार्यरत था। यतीत के बड़े भाई सोनू तोमर ने बताया कि यतीत हैदराबाद वर्कशॉप में डयूटी कर रहा था। अचानक चेन कूपी टूटने से यह हादसा हुआ, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना फोन पर परिजनों को दी गई। यतीत तोमर का शव गांव पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने पहुंचे। मृतक के परिवार में पिता सोराज सिंह, मां मुकेश देवी और बड़ा भाई सोनू तोमर हैं।

## एक नजर

# ज्ञानेन्द्र ढाका ने ढिकोली ग्राम प्रधान को दी जान से मारने की धमकी, मुकदमा कायम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललितपुर जेल में बंद कुख्यात बदमाश ज्ञानेन्द्र ढाका ने ढिकोली के ग्राम प्रधान को रंगदारी और जानसे मारने की धमकी दी है। ग्राम प्रधान ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए अपनी जान को खतरा बताया है। ढिकोली के वर्तमान ग्राम प्रधान संदीप ढाका ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि 4 नवम्बर को रात्रि के समय उसके पास एक फोन काल आयी पहले तो उसने फोन नही उठाया। दोबारा काल आने पर उसने मोबाइल फोन रिसिव किया तो आरोप है कि कुख्यात बदमाश ज्ञानेन्द्र ढाका ने उसे गाली देते हुए कहा कि वह प्रवीण की हत्या नही तेरी हत्या करने वाला था उसने संदीप से रंगदारी मांगी और अपना आदमी भेजने की बात कही वही संदीप ने बताया कि उस पर ज्ञानेंद्र की पत्नी की वोट बनवाने की भी बात कही जिससे वह ब्लॉक प्रमुख का चुनाव लड़ा सके। इसे लेकर ग्राम प्रधान संदीप ढाका ने थाना चांदीनगर पहुंच ज्ञानेन्द्र ढाका और एक अन्य के खिलाफ तहरीर देते हुए जान को खतरा बताया है और तहरीर के आधार पर कार्यवाही की मांग की है। उधर थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम किया जा रहा है।

# जनपद भर में वंदे मातरम् आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** इधर जनपद भर में बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ-साथ यूथ क्लबों में भी वंदे मातरम् आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। सुबह 10 बजे सामूहिक गान किया गया, विद्यार्थियों को वंदे मातरम् का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व समझाया गया। महाविद्यालयों में सेमिनार, निबंध व रंगोली प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं तथा छात्रों ने गीत के संदेश की व्याख्या को गंभीरता से आत्मसात किया। राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' मातृभूमि की शक्ति, समृद्धि और पवित्रता का प्रतीक है। इसे पहली बार बंकिमचंद्र चटोपाध्याय ने साहित्यिक पत्रिका 'बंग दर्शन' में अपने उपन्यास 'आनंदमठ' के प्रकाशन क्रम में प्रकाशित किया था। बाद में वर्ष 1950 में संविधान सभा ने इसे राष्ट्रगीत का दर्जा प्रदान किया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान यह गीत प्रभात फेरियों से लेकर क्रांतिकारियों के कंठ तक देश की सामूहिक चेतना का आधार बना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह गीत किसी जाति, धर्म या पंथ का नहीं, बल्कि कर्तव्य भावना का आहवान करता है। उन्होंने कहा जो शिक्षक संस्कार दे रहा है, जो सैनिक सीमाओं पर तैनात है, जो किसान धरती को सींच रहा है। वही वास्तविक अर्थों में 'वंदे मातरम' का गायक है। उन्होंने 1905 के बंग-भंग आंदोलन, आजादी के दीवानों के बलिदान, और कोविड काल में शासन एवं समाज द्वारा निभाई गई कर्तव्यपरायणता को भारतीयता की जीवंत शक्ति बताया। बागपत सहित पूरे देश में आगामी एक वर्ष तक वंदे मातरम् 150 वर्ष समारोहों की श्रृंखला जारी रहेगी। गांव से लेकर राज्य स्तर तक सामूहिक गान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ऐतिहासिक व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे, ताकि राष्ट्रगीत का संदेश नई पीढ़ी तक जीवंत रहे। मातृभूमि सर्वोपरि वंदे मातरम प्रेम, कर्तव्य और मातृभूमि की गरिमा का स्वर।

# तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** फाजलपुर के शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज में गुरुवार को तीन दिवसीय नौवी चौधरी हरबंश लाल स्मृति बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न स्पर्धाओं में आसपास के विद्यालयों की खिलाड़ियों ने दम दिखाया। चौधरी हरबंश लाल चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि शिक्षाविद सुरेश सिंह ने ध्वजारोहण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीनियर बालिका 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में धर्मसिंह सरस्वती बालिका विद्यालय बडका की नसरीन प्रथम, इसी विद्यालय की सोफिया द्वितीय तथा आर्य कन्या इंटर कालेज जिवाना की हिमानी तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ सीनियर वर्ग स्पर्धा में शांति देवी इंटर कालेज फजलपुर की आरजू प्रथम व हसराना द्वितीय तथा धर्म सिंह विद्यालय बडका की भूमि तृतीय रही। रस्साकशी स्पर्धा में शांति देवी कन्या इंटर कॉलेज की टीम विजेता व धर्मसिंह बालिका विद्यालय बड़का की टीम उपविजेता रही। जूनियर वर्ग कबड्डी स्पर्धा के फाइनल में शांति देवी कन्या इण्टर कालिज फजलपुर की टीम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय फजलपुर की टीम को 33/14 से हराकर खिताब जीता। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा जिला मंत्री रवि शास्त्री के निर्देशन में छात्राओं ने संगीत की धुनों पर योगा, पीटी व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# बीमार पशुओं की जांच को लेकर लगाया शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा गांव में पशुओं मे फैली खुरपका मुंहपका रोग के चलते हुई पशुओं की मौत के बाद एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमे पशुओं की जांच कर मुफ्त दवाईयां वितरित की गयी। लहचौड़ा गांव मे पशुओं मे खुरपका मुंहपका रोग के चलते पांच दिन मे पांच पशुओं की मौत हो गयी थी जिसके चलते ग्रामीणों ने शिविर लगवाने की मांग को प्रर्दशन किया था जिसके बाद पशु विभाग टीम शुक्रवार को गांव पहुंची और शिविर लगा पशुओं की जांच की जांच के बाद किसानों को जानकारी देते हुए डाक्टर संजय स्वरूप ने बताया कि पशुओं में खुरपका मुंहपका की बीमारी गम्भीर बीमारी नही है। बरसात के बाद यह बीमारी पशुओं मे आ जाती है। उन्होंने बताया कि पशुओं मे यह बीमारी दिखने पर सुहागा भूनकर उसमे फिटकरी मिलाकर मुंह के छालो फर लगाना चाहिए। वही खुरपका पर को नीम के पानी से धोना चाहिए। शिविर में डाक्टर राजकुमार, उमेश धामा आदि मौजूद रहे।

# महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाया ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप



मृतका का फाइल फोटो



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना क्षेत्र के कासिमपुर खेड़ी गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक महिला की पहचान गुड्डन के रूप में हुई है। उनके पिता रामपाल, निवासी ग्राम दादरी, ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन पर बेटी की मौत की सूचना मिली थी। रामपाल के अनुसार, जब वे मौके पर पहुंचे तो उनकी बेटी मृत मिली और उसकी गर्दन पर गहरे निशान थे। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष लगातार दहेज के लिए दबाव बना रहा था। रामपाल ने बताया कि उन्होंने गुड्डन की शादी में करीब 10 लाख रुपये खर्च किए थे, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे, जिसके चलते उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल, अधिकारी पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटे हैं। उधर, पीड़ित परिजनों ने ससुराल पक्ष के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# महिला ने लगाया अपने जेठ पर दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक महिला अपने जेठ पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगा रही है। पीड़िता का कहना है कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। वह आरोपी की गिरफ्तारी और न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रही है।

यह मामला सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र का है। पीड़िता की शादी एक वर्ष पूर्व मुजफ्फरनगर के एक युवक से हुई थी। महिला का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका जेठ उस पर गलत नीयत रखता था। लगभग एक महीने पहले वह अपने मायके आई थी। दस दिन बाद उसका जेठ उसे ससुराल ले जाने के लिए आया। पीड़िता के अनुसार, जब उसका जेठ घर आया, तब वह अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। दुष्कर्म के बाद पीड़िता ने स्थानीय लोगों से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक के आदेश पर इस मामले में मुकदमा दर्ज किया गया। अब पीड़िता लगातार आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी जेठ अब उस पर फैसले का दबाव बना रहा है और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। अधिकारियों ने मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज में सांस्कृतिक समिति द्वारा राष्ट्रभक्ति और एकता के भाव से ओत-प्रोत वातावरण में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना, भारतीय संस्कृति की महानता का बोध कराना तथा स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. वीरेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में हुआ सभी उपस्थितों ने एक स्वर में वंदे मातरम का गान किया, जिससे सभागार देशभक्ति के स्वर से गूंज उठा। कॉलेज प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारे समर्पण, श्रद्धा और त्याग की भावना का प्रतीक है। वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व एवं स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर चर्चा करते हुए डा. गीता रानी, सांस्कृतिक समिति की संयोजिका ने कहा कि वंदे मातरम् वह शक्ति है जिसने भारतवासियों को एक सूत्र में पिरोया और आज भी यह गीत हमारे अंदर राष्ट्र प्रेम की ज्योति प्रज्ज्वलित करता है। साथ ही अन्य वक्ताओं ने कहा कि आज के युवाओं को देश की संस्कृति, इतिहास और आदर्शों के प्रति गर्व अनुभव करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में डा.सत्येंद्र, डा.नीलम, डा.देवेंद्र, डा.अजय, डा. रविंद्र, डा.शिवपाल, डा.अजय, डा. योगेश, डा अम्बुज, डा.नेहा, संदीप आदि ने वंदे मातरम् का ऐतिहासिक महत्व बताया। साक्षी, वर्षा, मंतशा, अनुष्का, मुस्कान, सोनम, प्रिया, शिवम, प्रियांशु, वंशराज आदि ने भारत माता की जय के नारों से परिसर को गुंजायमान कर दिया।



# राज्य महिला आयोग ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सीएचसी का निरीक्षण करने पहुंची राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला का बड़ा बयान सामने आया है। प्रदेश की सभी सीएचसी में आई मशीन बंद पड़ी हुई है जिसे हटा देना चाहिए। पिछली सरकारों में महिलाओ पर अत्याचार होता था ओर महिलाये वर्ल्ड कप लेकर का रही हैं। पहले महिलाए बोलती नहीं थी ओर अब महिलाये बोलना जानती है। हमारी सरकार में हम ही आते है समस्याएं सुनकर निस्तारण करते है ओर पहली सरकारों में आते थे ओर चाय पीकर चले जाते थे। दरअसल आपको बता दें कि राज्य महिला आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला शुक्रवार को जनपद में महिला सुनवाई करने पहुंचे थी ओर सुनवाई से पहले मीनाक्षी भराला सीएचसी बागपत का ओचक निरीक्षण करने पहुँच गई ओर उन्होंने सीएचसी में मरीजो का हाल जाना ओर मशीनों की देखरेख के बारे में भी जाना। वही मीनाक्षी भराला का बड़ा बयान भी सामने आया है उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी सीएचसी में एक मशीन खराब पड़ी है जिसे कम्पनी ठीक नहीं करा रही है। इसलिए उस मशीन को हटा देना चाहिए। उन्होंने कहा पिछली सरकारों में महिलाओं पर अत्याचार होते थे ओर महिलाओं को न्याय नहीं मिलता था। इस सरकार में महिलाये आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाये बोलना जानती है ओर अब तो महिलाये वर्ल्ड कप लेकर आ रही हैं। हमारी सरकार में हम ही समस्याएं सुनने जाते है ओर निस्तारण कराते है पिछली सरकारों में आते थे ओर चाय पीकर चले जाते थे।



# नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर आयुष्मान नोडल अधिकारी डा.यशवीर सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी आयुष्मान आरोग्य मित्रों एवं DIU टीम द्वारा जिला अस्पताल की ओपीडी से प्राप्त पिछले 3 वर्षों के लगभग 2.5 लाख लाभार्थियों के डाटा का विश्लेषण कर 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के लगभग 8400 व्यक्तियों को चिन्हित किया गया। इनमें से लगभग 3200 यूनिक वरिष्ठ नागरिकों का चयन कर उन्हें कॉल के माध्यम से संपर्क करते हुए आयुष्मान कार्ड के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है। इस अभियान तहत सर्वेक्षण उपरांत पाए गए सभी पात्र वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाए जाएंगे, ताकि उन्हें आयुष्मान भारत योजना के तहत नि:शुल्क उपचार की सुविधा मिले। बैठक में DPC डा.कपिल सरोहा, DGM अंकित उज्जवल, DISM नवनीत कुमार आदि मौजूद रहे।



# नई दिल्ली से पीएम व लखनऊ से सीएम के संबोधन का हुआ लाइव प्रसारण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लखनऊ से हुए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। वर्ष 1875 में राष्ट्रवाद के अग्रदूत बंकिमचंद्र चटोपाध्याय द्वारा रचित इस गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर प्रदेशभर में वंदे मातरम् के सामूहिक वाचन एवं स्वदेशी अपनाने के संकल्प के साथ भावनात्मक वातावरण निर्मित हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन, लखनऊ में आयोजित मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 'वंदे मातरम' केवल एक गीत नहीं, भारत की स्वतंत्रता संग्राम की आत्मा और संकल्प का घोष है। इस अवसर पर सामूहिक गान हुआ और स्वदेशी के प्रसार का दृढ़ संकल्प लिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय समारोह का प्रसारण भी देखा गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को वंदे मातरम् से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों को जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा विकसित भारत का निर्माण छोटे-छोटे प्रयासों से होता है। पौधारोपण, जल-संरक्षण, स्वच्छता, राष्ट्रीय प्रतीकों और शहीदों के सम्मान जैसी पहलें जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल की जानी चाहिए। उन्होंने 'विकसित यूपी समर्थ यूपी' अभियान के तहत 15 नवंबर तक नागरिकों से सुझाव भेजने का आहवान किया। इस दौरान सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों द्वारा वंदे मातरम् का सामूहिक वाचन किया गया तथा स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि लाभ वास्तव में पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे तथा सुशासन की मिसाल प्रस्तुत करे। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, ज्योति शर्मा, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी नवीन कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी सहित आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक सरधना चर्च मेला

# सरधना के ऐतिहासिक चर्च मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**शाहीन मिर्जा/शाह टाइम्स**

**सरधना।** सरधना नगर में प्रत्येक वर्ष नवंबर माह के दूसरे शनिवार व रविवार को लगने वाले ऐतिहासिक चर्च मेले में शुक्रवार को हजारों की तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं से मेले में रौनक बढ़ गई। मेले की पूर्व संध्या पर चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेले में लगाई गई दुकानों पर भी ग्राहकों की जमकर भीड उमड़ी रही, मेले को लेकर प्रशासन भी चौकसी बनाएं हुए है। मेले में लगाएं गए नि:शुल्क भोजन वितरण में भी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### 1809 में शुरू हुआ था चर्च का निर्माण

सरधना को ऐतिहासिक चर्च को बनने में करीब 13 वर्ष का समय लगा था। इस चर्च को निर्माण बेगम समरू ने 1809 में शुरू कराया था, जो 1822 ई0 में जाकर पूर्ण हुआ था। मेरठ मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर सरधना में चर्च सौहार्द, आस्था और कलात्मक इतिहास का भव्य नमूना है। यहां पर हर साल दुनिया भर से विभिन्न जाति-धर्मों के लोगों को माता मरियम और प्रभु यीशु की आस्था खींच लाती है।

### प्यार में 'फरजाना' से बेगम समरू तक का सफर

ब्रिटिश काल बागपत के कोताना गांव में लतीफ खां के परिवार में जन्मी फरजाना बेगम अपने सौतेले भाइयों के जुल्म से परेशान होकर मां

**■ मेले की पूर्व संध्या पर दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु**

के साथ दिल्ली चली गई थीं। उन्होंने नृत्य को अपना पेशा बना लिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात सरधना रियासत के हुक्मरान वाल्टर रेनार्ड समरू से हुई। रेनार्ड समरू और फरजाना प्रेम प्रसंग शुरू होने के बाद एक-दूसरे के हो गए। फरजाना नर्तकी से बेगम समरू बन गईं। बेगम समरू ने इस्लाम धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाकर रेनार्ड समरू से शादी कर ली थी, लेकिन दोनों की कोई संतान पैदा नही हो सकी थी।

### सरधना चर्च को हासिल है माइनर बसिलिका का दर्जा

सरधना चर्च को पोप जान (23वें) ने 1961 में माइनर बसिलिका का दर्जा प्रदान किया था। इसमें चर्च की भव्यता का काफी योगदान है। ऐतिहासिक और भव्य गिरिजाघरों को ही यह दर्जा मिलता है। यहां लगी कृपाओं की माता की चमत्कारी तस्वीर के कारण हर वर्ष इस चर्च में विशेष प्रार्थना और मेले की परंपरा शुरू हुई।

### नगर पालिका व प्रशासन मेले की कर रहे देखरेख

इस ऐतिहासिक मेले की देख रेख के लिए प्रशासन पूरी तैयारी में है चप्पे चप्पे पे पुलिस मौजूद है वही नगर पालिका की तरफ से भी ईओ इस मेले को सकुशल सम्पन्न करने के लिए मेहनत कर रही है वही चेयरपर्सन पुत्र शाहवेज अंसारी भी इस में लगे हुए है।



चर्च मेला का निरीक्षण करते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी।

### चमत्कारी तस्वीर से जुड़ी लाखों लोगों की आस्था



**सरधना।** सरधना चर्च में लगी माता मरियम की तस्वीर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र बनी हुई है, लाखों लोग प्रत्येक वर्ष तस्वीर के समक्ष दर्शन करने के लिए आतें है। बताया जाता है कि माता मरियम की तस्वीर के सामने सच्चे दिल से प्रार्थना करने पर हर मुराद पूरी होती है। इस तस्वीर को इंग्लैंड से लाया गया था। तस्वीर को जिस दिन चर्च में स्थापित किया गया, उसी एक महिला ने अपने बीमार बच्चे के साथ प्रार्थना की। इसके बाद बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो गया। तभी से यह चमत्कारिक तस्वीर श्रद्धालुओं पर कृपा बरसा रही है। इस तीर्थस्थान की खूबसूरती देखने के लिए नवंबर से जनवरी माह के बीच का समय सबसे बेहतर है। नवंबर के दूसरे शनिवार व रविवार को होने वाले कृपाओं की माता महोत्सव में देश, विदेश से आए लाखों श्रद्धालु आकर मन्नत मांगते हैं। इसमें प्रभु यीशु को क्रूस पर लटकाए जाने की घटना को प्रतिमाओं के माध्यम से दर्शाया गया है।

## आवारा कुत्तों, बंदरों व बेसहारा गोवंश के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सड़को पर विचरण कर रहे बेसहारा गौवंश, आवारा कुत्ते व बंदरों से निजात दिलाने की मांग को लेकर नगर निगम के खिलाफ कलेक्ट्रेट में शिव सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदेश महासचिव धर्मेन्द्र तोमर ने कहा कि भ्रष्ट नगर निगम अधिकारियों व कर्मचारियों के नक्कारेपन के कारण जनता सड़को पर धूम रहे आवारा आतंक से खौफजदा है। सड़को पर इन बेसहारा गौवंश के कारण दुर्घटनाएं हो रही है आवारा कुत्ते व बंदर आम-जन को काट कर घायल कर रहे है। कुत्तों के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नगर निगम को जो आदेश दिये गये है उन आदेशो का पालन मेरठ नगर निगम ने अभी तक भी नही किया है। जिला प्रमुख संदीप गर्ग ने कहा कि गौवंश को सड़कों पर छोड़ने वाले गौवंश पालकों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन कराते नगर निगम विभाग को बंदरों की नसबंदी कराने का काम शीघ्र करना चाहिये।

## वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर मवाना में निकली तिरंगा रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर में शुक्रवार को नगर पालिका परिषद मवाना द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ व जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में यह कार्यक्रम मवाना नगर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने एक स्वर में वंदे मातरम गीत गाकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम के पश्चात डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क से थाना तिराहे तक तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी व जनप्रतिनिधि शामिल हुए। रैली में देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक, पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, जिला मंत्री समीर चौहान, जिला महामंत्री अंकुर मुखिया, क्षेत्रीय अध्यक्ष अजीत चौधरी, प्रमुख मवाना योगेश, नितिन पोसवाल, हरिओम शर्मा, पूर्व चेयरमैन किला परीक्षितगढ़ अमित मोहन गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य विकास उपाध्याय, सुनील पोसवाल, ग्राम प्रधान परीक्षितगढ़ बाबूराम, सभासद मुकेश रानी, पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार, लिपिक लाखन सिंह सहित पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम मवाना के उत्सव मंडप में भी आयोजित किया गया, जहां राज्य मंत्री दिनेश खटीक विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने उपस्थित जनसमूह को वंदे मातरम की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता पर संबोधित किया।

# 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे, मेरठ पुलिस ने मनाया अनोखा उत्सव

### मेरठ के सभी थानों व पुलिस कार्यालयों पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेरठ पुलिस कार्यालय में एक भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस राष्ट्रीय गीत के सम्मान में आयोजित समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने एक स्वर में वंदे मातरम् का गायन कर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। पूरे परिसर में वंदे मातरम की गूंज ने वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि हमारी

**■ देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश**

आत्मा का स्वर है, जो देश के प्रति समर्पण और सम्मान की भावना को प्रकट करता है। इसी क्रम में जनपद मेरठ के सभी थानों एवं पुलिस कार्यालयों पर भी सामूहिक वंदे मातरम गायन का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ भागीदारी कर राष्ट्रभक्ति, एकता और गौरव का संदेश दिया। पूरे जिले में एक साथ गूंजे वंदे मातरम ने जनपद को एक नई ऊर्जा और देशप्रेम की भावना से भर दिया सचमुच, मेरठ पुलिस ने आज साबित कर दिया कि वर्दी के भीतर भी एक सच्चा देशभक्त दिल धड़कता है।




## थाना प्रभारी ने मीट व्यापारी व सड़क किनारे रेड़ी ठेले वालों के साथ की मीटिंग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना परिसर में थाना प्रभारी ने क्षेत्र के मीट व्यापारियों व सड़क किनारे रेड़ी ठेले लगाने वालों के साथ बैठक की। बैठक में स्वच्छता, यातायात व्यवस्था, और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई।

थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे निर्धारित स्थानों पर ही दुकान लगाएं और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण या गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही मीट दुकानों में सफाई व्यवस्था और मीट लाइसेंस ओर मांस की क्वालिटी पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं है, बल्कि क्षेत्र में शांति, सफाई और सुव्यवस्थित माहौल बनाए रखना है। व्यापारियों ने भी सहयोग का आश्वासन दिया और अपनी समस्याएं थाना प्रभारी के सामने रखीं। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

# नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थियों में मौत

**■ पति सहित आधा दर्जन के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गडीना में नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सैफपुर कर्मचन्द पुर निवासी तेजपाल की पुत्री आशा की शादी 6 माह पूर्व 18 अप्रैल 2025 को ग्राम गडीना निवासी कुलदीप पुत्र इलम सिंह से हिन्दू रीति रिवाज के साथ हुई थी।

आशा एमए तक पढ़ी लिखीं थीं जबकि उसका पति बीटीसी करके चार वर्ष से संभल में सरकारी स्कूल में अध्यापक के पद पर तैनात है। बताया गया है कि शुक्रवार दोपहर आशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की ससुराल वाले




विवाहिता को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में डाक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। तत्पश्चात वह विवाहिता के शव को लेकर गांव गडीना लौट गए। किसी ने इसकी सूचना मृतका के भाई मनोज को दे दी। विवाहिता आशा की ससुराल में मौत होने की खबर से उसके परिवार में कोहराम सा मच गया। ग्रामीणों के साथ मायके वाले मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी ब्रह्मकुमार त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका की ससुराल वाले फरार हो



गए। मृतका आशा के बड़े भाई सनोज ने बताया कि वह कल गुरुवार को अपनी बहन की ससुराल आया था। उसका पति कुलदीप छुट्टी लेकर घर पर आया हुआ था उसकी बहन को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। वह आशा की ससुराल वालों को समझा बुझाकर देर शाम अपनी बहन को साथ ले जाना चाहता था। सनोज ने बताया कि आशा की ससुराल वालों ने समझाने पर उसके साथ भी बदसुलूकी की। उन्होंने अपनी बहन की शादी में 7. 50 लाख रुपए नगद दिए थे और सात लाख रुपए का चेक अलग से दिया था दहेज के समान सहित शादी में करीब 26 लाख रुपए खर्च किया था। आरोप है कि दहेज में और नगदी की मांग को लेकर आशा की फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। घटना के संबंध में थाने पर मृतका महिला के भाई मनोज द्वारा दर्ज कराए गए मुक. दमें में पति शिक्षक कुलदीप, देवर अमरदीप, व सोनित, सास महेंद्री, ससुर इलम सिंह, ननदोई उदय सिंह को नामजद किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में भैंस की मौत, पड़ोसी पर जहर देने का आरोप

**■ शाहजहांपुर कस्बे के होली चौक मोहल्ले की है घटना, जांच में जुटी पुलिस**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाना किठौर क्षेत्र के कस्बा शाहजहांपुर स्थित होली चौक मोहल्ले में शुक्रवार सुबह एक भैंस की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। भैंस के मालिक रियाजुद्दीन पुत्र रईस अहमद ने अपने पड़ोसी असलम और उसकी पत्नी नगमा पर भैंस को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। पीड़ित रियाजुद्दीन के अनुसार, सुबह उसका भाई अर्शलान रोज की तरह दूध निकालने के लिए भैंस शाला गया, तो उसने देखा कि भैंस मृत अवस्था में पड़ी हुई है। परिवार ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर 112 नंबर की पुलिस टीम पहुंची और जांच शुरू कर दी। रियाजुद्दीन का कहना है कि पड़ोसी असलम और उसकी पत्नी नगमा से पहले से विवाद चल रहा था। उसे शक है कि इसी रंजिश के चलते उसकी भैंस को जहर देकर मारा गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पशु चिकित्सक को बुलाकर भैंस के आर्गेन्स को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### मेरठ में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में...

## अलीना रिजवी ने किया द्वितीय स्थान प्राप्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में दौराला मसूरी रोड पर स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज 11जी की छात्रा अलीना रिजवी ने माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपदीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान हासिल कर राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज लावड़ का नाम रोशन किया। जिस पर कॉलेज की प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने छात्रा को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य सुनीता भारती ने जानक. ारी देते हुए बताया कि मेरठ के सनातन धर्म इंटर कॉलेज सदर में बृहस्पतिवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपदीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के काफी स्कूलों से छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में उनके स्कूल से कक्षा 11 की छात्रा अलीना रिजवी पुत्री आरिफ उर्फ बाबू रिजवी कस्बा लावड़ ने अध्यापिका प्राची व रंजना के निर्देशन में प्रतिभाग किया। जिसमें अलीना रिजवी ने मानव सुरक्षा के लिए इलैक्ट्रिक प्रोजेक्ट तैयार किया। जिसे द्वितीय स्थान दिया गया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि शुक्रवार को एसडी इंटर कॉलेज में अलीना रिजवी को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा की सफलता पर प्रधानाचार्य सुनीता भारती के अलावा अध्यापिका प्राची, रंजना, बीना, अंकिता आदि के साथ साथ समस्त कॉलेज स्टाफ ने आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भाई को झूठे मुकदमे में फंसाने के मामले में आरोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** पुलिस ने सगे भाई को झूठे मुकदमे में फंसाने के लिए फर्जी आधार कार्ड बनवाने के आरोपी के एक जमानती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस मामले में दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं। यह कार्रवाई धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े के एक बड़े प्रकरण से जुड़ी है। बहरोड़ा निवासी नौशेर ने अपने भाई शमशेर और उसकी पत्नी नगमा को गौकशी के झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश रची थी। इसके लिए उसने पहले शमशेर का फर्जी आधार कार्ड बनवाया। बाद में नौशेर ने गौकशी की घटना को अंजाम दिया और पकड़े जाने पर अपना नाम शमशेर बताया। नौशेर के जमानतियों, जिनमें बहरोड़ा निवासी सोदान पुत्र मोमराज और रब्बानी पुत्र चंदा, तथा राधना इनायतपुर निवासी शेरजमा व शहजादा पुत्र हामिद शामिल थे, ने सब कुछ जानते हुए भी उसकी जमानत ले ली थी। मामला सामने आने पर दारोगा गौरव चौधरी ने नौशेर और सभी जमानतियों के खिलाफ धोखाधड़ी व फर्जीवाड़े का मुकदमा



दर्ज कराया। इस प्रकरण में पुलिस ने पिछले महीने नौशेर और उसके साले शहजादा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार सुबह पुलिस ने जमानती रब्बानी को भी उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, इस मामले में अभी भी दो आरोपी फरार हैं जिनकी तलाश जारी है।

## मुख्य मार्ग के बीच में लगे ट्रांसफार्मर व खंभे हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में अटल चौक से लेकर पुराने बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग के बीच में ऊर्जा निगम द्वारा लगाए गए ट्रांसफार्मर व खम्भों को हटाने के लिए उच्च अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देने के बाद भी एक साल से सुनवाई नहीं हो रही है। उक्त संबंध में चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उन्हें हटाने की मांग दोहराई है।

चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने बताया कि अटल चौक से लेकर पुराने बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग पर मना करने के बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत खंबे लगा दिए थे जिस कारण आए दिन खंभों में वाहन टकराने से दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं। इस मुख्य मार्ग से किसानों के गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्रालियों गुजरती है। लेकिन मुख्य मार्ग पर विद्युत विभाग ने खंभे लगाकर मार्ग को अवरुद्ध कर रखा है। जिससे किसानों को अपने वाहन निकालने में बहुत भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कस्बा स्थित अटल चौक स्थल से लेकर कस्बे के पुराने बस स्टैंड तक मुख्य मार्ग पर ऊर्जा निगम द्वारा कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर व खंभे लगाए गए थे। उन्हें हटाने के लिए तभी से अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए गए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। चेयरमैन अशोक कुमार सैनी एवं अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार भी अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई उक्त



संबंध में चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री एवं उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर ट्रांसफार्मर एवं खंभों से हुए अवैध कब्जे को हटाने की मांग की गई है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी की अगर यह ट्रांसफार्मर जल्द नहीं हटाए गए तो आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में विद्युत विभाग के अवर अभियंता अशोक कुमार का कहना है कि मुख्य मार्ग पर लगे ट्रांसफार्मर और विद्युत खम्भों का सर्वे कराया गया है, जल्द ही उच्च अधिकारियों का आदेश मिलते ही मुख्य मार्ग पर लग रहे ट्रांसफार्मर विद्युत खंभे हटा दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आईसीसी बैठक में पहुंचे पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन

**दुबई, वार्ता।** सभी तरह की अटकलों को विराम देते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आज हो रही बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे। एशिया कप में विजेता भारतीय टीम को ट्रॉफी नहीं सौंपने के मुद्दे के बीच आज मो. हसिन नकवी दुबई में स्थिति आईसीसी के मुख्यालय पहुंचे। नकवी हाल ही में आईसीसी बैठक से दूर रहे हैं, जिसमें जुलाई में सिगापुर में हुई सालाना कॉन्फ्रेंस भी शामिल है। इसलिए इस बार भी उनके आने को लेकर संदेह था। पीसीबी के प्रमुख पर हाल ही में भारत द्वारा जीती गई एशिया कप ट्रॉफी अपने पास रखने का आरोप है। वह आज अपरान्ह आखिरी मिनट में आईसीसी की बैठक में पहुंचे। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक में अनसुलझे मुद्दे पर चर्चा चल रही थी।

### स्पोर्ट्स मिनिस्टर इलेवन ने जीता प्रदर्शनी मुकाबला

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुए प्रदर्शनी मुकाबले में स्पोर्ट्स मिनिस्टर इलेवन ने हॉकी इंडिया इलेवन को 3-1 से हराया। यहां आयोजित समारोह के दौरान में पुरुष एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 टूर्नामेंट की ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह टूर्नामेंट 28 नवम्बर से 10 दिसंबर तक तमिलनाडु के चेन्नई और मदुरै शहरों में खेला जाएगा। इस अवसर पर तमिलनाडु के खेल मंत्री उदय निधि मारन, केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया , अंतर्राष्ट्रीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम मौजूद थे।

# ब्रिस्बेन में सीरीज कब्जाने उतरेगा भारत

**● भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने के आसार**




**ब्रिस्बेन, वार्ता।** शनिवार को गाबा में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का आखिरी मैच धमाकेदार होने वाला है, जहां भारत 2-1 की मामूली बढ़त के साथ उतरेगा। दांव आसमान छू रहे हैं, और जहां ऑस्ट्रेलिया सीरीज बराबर करने के लिए पूरी ताकत झोंक देगा, वहीं भारत आत्मविश्वास के साथ इस निर्णायक मैच में सीरीज कब्जाने उतरेगा।

ऑस्ट्रेलिया के सामने एक कठिन चुनौती है। ट्रैविस हेड और जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में उनकी आक्रामक क्षमता कमज़ोर पड़ गई है। मिशेल मार्श को मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल के साथ मिलकर भारत के खिलाफ आक्रमण की कमान संभालनी होगी। गेंदबाज़ी में, नाथन एलिस और एडम जम्पा पर भारत की मजबूत लाइन. अप को ध्वस्त करने की ज़िम्मेदारी होगी। गाबा में यह एक जानी-पहचानी कहानी है। घरेलू मैदान का फायदा मायने रखता है, लेकिन भारत इस दौरे में किसी भी तरह का समझौता नहीं कर रहा है। इस बीच, भारत लय में है। अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है, जबकि शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव क्रीज पर संयम बनाए हुए हैं। वाशिगटन सुंदर और जितेश शर्मा जैसे निचले क्रम के बल्लेबाज जरूरत पड़ने पर अपनी रणनीति बदल सकते हैं। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह अगुआ बने हुए हैं और किसी भी साझेदारी को ध्वस्त करने में सक्षम हैं। इतिहास बताता है कि गाबा लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम के पक्ष में है। पिछले पांच घरेलू टी-20 मुक. ाबलों में सभी मैच बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम के नाम रहे हैं, और 180-190 के प्रतिस्पर्धी स्कोर के साथ, टॉस निर्णायक हो सकता है। खासकर जब बादल छाए हों और गरज के साथ बारिश हो सकती हो। उम्मीद है कि कप्तान नई गेंद का इस्तेमाल करेंगे। अगर भारत पावरप्ले में अपनी क्षमता साबित कर सके और ऑस्ट्रेलियाई टीम को बैकफुट पर रख सके, तो उसके पास सीरीज़ 3-1 से अपने नाम करने का अच्छा मौका है। ऑस्ट्रेलिया को मैच में बने रहने के लिए शुरुआती सफलताओं और मार्श तथा डेविड के दमदार योगदान की जरूरत होगी। दोनों टीमें जीत की भूखी हैं, ऐसे में प्रशंसक ब्रिस्बेन की रोशनी में एक रोमांचक टी-20 मैच की उम्मीद कर सकते हैं।

**भारत:** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल, वाशिगटन सुंदर, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, रिकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, हर्षित ।

**ऑस्ट्रेलिया:** मिशेल मार्श, मैथ्यू शॉर्ट, जोश इंगलिस, टिम डेविड, जोश फिलिप, मार्कस स्टोइनिस, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शुइस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, एडम जम्पा, मिशेल ओवेन, मैथ्यू कुहनेमन, तनवीर संघा, महली बियर्डमैन।




# दीप्ति के इस्तकबाल के लिए ताज नगरी पलक पांवड़े बिछा कर तैयार

**● दीप्ति शर्मा आगरा के अवधपुरी की रहने वाली है वह अब अपने घर आने वाली हैं**

**आगरा, वार्ता।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑल राउंडर खिलाड़ी दीप्ति शर्मा के स्वागत के लिए घर में तैयारियां बहुत जोर शोर से चल रहीं हैं। दीप्ति के परिजन ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही घर को संवारने और सजाने का काम शुरू हो गया है। दीप्ति शर्मा आगरा के अवधपुरी की रहने वाली हैं।

वह अब घर आने वालीं हैं लिहाजा परिजन बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दीपावली पर घर की रंगाई पुताई नहीं हुई थी लेकिन दीप्ति के आगमन पर घर का रंग रोगन और सजाया जा रहा है। घर के आसपास भी सफाई की जा रही है यानी दीप्ति घर आएगी तो आलीशान स्वागत किया जाएगा।

दीप्ति शर्मा आगरा कब आयेगीं ये अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं है लेकिन आगरा शहर में अलग अलग संगठनों ने स्वागत में अभी से होर्डिंग लगाने शुरू कर दिए हैं। कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बताया है कि शहर के कई हिस्सों में दीप्ति का स्वागत किया जाएगा। महिला विश्व के फाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को करारी शिकस्त दी थी।

## टी-20 विश्व कप के लिए वेन्यू तय

**● भारत में पांच और श्रीलंका में तीन स्थानों पर होंगे मुकाबले**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और श्रीलंका में 2026 में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने अहमदाबाद, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोल. काता को भारत के पांच वेन्यू के तौर पर तय किया है।

कैंडी और कोलंबो श्रींलका के तीन में से दो वेन्यू होंगे जबकि एक अन्य वेन्यू अभी तय नहीं किया गया है। यह टूर्नामेंट संभावित तौर पर 7 फरवरी से शुरू होगा जबकि इसका फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद में खेला जा सकता है। टूर्नामेंट शुरू होने में अब तीन महीनों का समय बचा है और आईसीसी अगले हफ्ते तक इसका कार्यक्रम जारी कर सकता है। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच पहले से तय समझौते के आधार पर पाकिस्तान अभी सभी मुक़ाबले श्रीलंका में खेलेगा। अगर पाकिस्तान फाइनल में पहुंचता है तो फाइनल श्रीलंका में खेला जाएगा। टी-20 विश्व कप पिछले संस्करण की तर्ज पर ही खेला जाएगा और सभी टीमों को पांच-पांच के चार ग्रुप में विभाजित किया जाएगा, जिसमें हर टीम अपने ग्रुप की हर दूसरी टीम के खिलाफ एक मुक़ाबला खेलेगी।

हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर-8 में प्रवेश करेंगी जिसमें टीमों को चार-चार के दो ग्रुप में विभाजित किया जाएगा। सुपर-8 में दोनों ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी और दोनों सेमीफाइनल के विजेता फाइनल खेलेंगे।

# भारत ने हांगकांग सिक्सर्स में पाक को हराया

**● रॉबिन उथप्पा 28, भरत चिप्ली 24 की शानदार पारी के दम पर भारत ने पूल सी में डीएलएस से पाक को रौंदा**





**हांगकांग, वार्ता।** रॉबिन उथप्पा (28), भरत चिप्ली (24 की शानदार बल्लेबाजी के दम पर भारत ने शुक्रवार को हांगकांग सिक्सर्स टूर्नामेंट 2025 के पूल सी के वर्षा बाधित मुक. ाबले में डकवर्थ-लुईस पद्धति से पाकिस्तान को दो रनों से शिकस्त दी।

यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह ओवर में चार विकेट पर 86 रन बनाए, जिसमें रॉबिन उथप्पा के 11 गेंदों में 28 रन और भरत चिप्ली के 13 गेंदों में 24 रनों का योगदान दिया। इसके अलावा कप्तान दिनेश कार्तिक ने छह गेंदों में नाबाद 17 रन बनाकर भारत को एक प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। वर्षा बाधित इस मैच में, भारत ने धैर्य बनाए रखते हुए करीबी जीत हासिल की। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद शहजाद ने दो विकेट लिये। अब्दुल समद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

पाकिस्तान की पारी की शुरुआत अच्छी रही और तीन ओवर के बाद जब उसका स्कोर एक विकेट पर 41 रन था, तभी भारी बारिश के कारण खेल रो. कना पड़ा। उसके बाद खेल नहीं हो सका और डीएलएस पद्धति के अनुसार पाकिस्तान को दो रन हार का सामना करना पड़ा। स्टुअर्ट बिन्नी की कसी हुई गें. दबाजी, जिसमें उन्होंने सिर्फ सात रन दिए और एक विकेट लिया। इस बीच, पूल बी में, ऑस्ट्रेलिया ने यूएई को 10 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने विस्फोटक बल्लेबाज का प्रदर्शन करते हुए मात्र तीन ओवर में 88 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

जैक वुड ने 11 गेंदों में 55 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि निक हॉब्सन सिर्फ पांच गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान ने पूल ए में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दक्षिण अफ्रीका पर 49 रन की शानदार जीत दर्ज की। यह टूर्नामेंट में उनकी दूसरी जीत थी। कप्तान गुलबदीन नैब ने 12 गेंदों में 50 रन बनाए, जबकि करीम जनत ने 11 गेंदों में 46 रन जोड़े, जिससे अफगानिस्तान ने छह ओवर में छह ओवरो में 148 रन बनाए। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका की टीम दो विकेट पर 99 रन ही बना सकी और मुक. ाबला हार गई। पूल डी में, बांग्लादेश ने श्रीलंका पर 14 रन से जीत दर्ज की। कप्तान अकबर अली ने नौ गेंदों में 32 रन बनाए।

# गॉफ को हराकर सबालेंका सेमीफाइनल में




**● सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स के स्टेफीग्राफ ग्रुप में क्लीन स्वीप किया**

**रियाद, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को गत विजेता अमेरिका की कोको गॉफ को 7-6 (5), 6-2 से हराकर 2025 डब्ल्यूटीए फाइनल्स के स्टेफी ग्राफ ग्रुप में क्लीन स्वीप किया और ग्रुप विजेता के रूप में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने आमने-सामने के मुक़ाबले में 6-5 की बढ़त बनाए रखी थी और इस साल के फ्रेंच ओपन फाइनल में अपनी पिछली भिड़ंत तीन सेटों में जीती थी, लेकिन सबालेंका ने शुरुआती सेट में शानदार प्रदर्शन और दूसरे सेट में दबदबे के साथ इस रुझान को पलट दिया।

पहला सेट उतार-चढ़ाव भरा रहा। गॉफ ने शुरुआती गेम में सर्विस तोड़ी, सबालेंका ने चौथे गेम में वापसी की लेकिन गॉफ ने फिर से बढ़त बना ली। 4-5 से पिछड़ने के बाद, सबालें. का ने सर्विस तोड़कर बराबरी हासिल की और गॉफ को टाईब्रेकर के लिए मजबूर किया। टाईब्रेकर में, सबालेंका ने 2-4 से लगातार चार अंक जीते और अपना दूसरा सेट आसानी से जीता। दूसरे सेट में गॉफ की गलतियां बढ़ने के साथ उनका स्तर गिर गया, जबकि सबालेंका ने 4-0 की बढ़त बना ली और मैच 6-2 से जीतकर लगातार तीसरी ग्रुप जीत हासिल की, जिससे दोनों के बीच का स्कोर 6-6 से बराबर हो गया। पहले सेट के बारे में बताते हुए, सबालें. का ने कहा कि सच कहूं तो, मैं दूसरे सेट के लिए पहले से ही मेहनत कर रही थी। कुछ हुआ और मैं ब्रेक हासिल करने में कामयाब रही। उस गेम ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया कि मैं इस सेट में भी जीत हासिल कर सकती हूं। और हां, लगातार सेट जीतकर मैं बहुत खुश हूं। गुरुवार को ग्रुप के दूसरे मैच में, पांचवीं वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमे. रिका की जेसिका पेगुला ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 6-2, 6-3 से हराकर दूसरा सेमीफाइनल स्थान हासिल किया। शुक्रवार के सेमीफाइनल में, पेगुला का सामना कज़ाकिस्तान की एलेना रयबा. कना से होगा, जो सेरेना विलियम्स ग्रुप विजेता हैं, जबकि सबालेंका का सामना अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा से होगा। अंगोला के खिलाफ मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे मेसी ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी 14 नवम्बर को लुआंडा में अंगोला के खिलाफ होने वाले मैत्री मैच में अर्जेंटीना की टीम की अगुवाई करेंगे। मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने गुरुवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें तीन नए खिलाड़ी शामिल हैं। बेनफिका के विगर जियानलुका, स्ट्रासबर्ग के फॉरवर्ड जोआक्विन और कोमो के मिडफील्डर मैक्सिमो पेरोन दक्षिण अमेरिकी चैंपियन के लिए चुने गए।

# विदित गुजराती ने फॉस्टिनो ओरो की उम्मीदें तोड़ी

**● प्रणव वी और प्रणेश एम भी रैपिड गेम के पहले सेट में जीतकर तीसरे दौर पहुंचे**

**पणजी।** भारत के ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने गुरुवार को दूसरे रैपिड गेम में अर्जेंटीना के वंडर किड फॉस्टिनो ओरो के डिफेंस को भेदने में कामयाबी हासिल की, जबकि प्रणव वी और प्रणेश एम ने भी रैपिड गेम के पहले सेट में अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया।

विदित पर 12 वर्षीय ओरो ने दो क्लासिकल गेम में दबाव बनाया था, लेकिन गुरुवार को 31 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए काले मोहरों से खेले गए दूसरे रैपिड गेम में 52 चालों में जीत हासिल की। प्रणव ने नॉर्वे के आर्यन तारी को हराया, जबकि प्रणेश ने जर्मनी के दिमित्रिज कोलार्स को हराकर खुद की अगले दौर में विश्व चैंपियन गुकेश डी, अर्जुन एरिगासी, पी हरिकृष्णा, कार्तिक वेंकटरमण और दिप्तायन घोष जैसे खिलाड़ियों की कतार में शामिल कर लिया है। प्रतियोगिता में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी को हराने के बाद की भावना के बारे में बात करते हुए विदित ने स्वीकार किया कि इस युवा खिलाड़ी के खिलाफ खेलना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि दबाव उन पर था। उन्होंने आगे कहा कि अगले दौर के लिए क्वालीफाई करके अच्छा लग रहा है। यह कोई आसान मैच नहीं था, इसलिए और भी अच्छा लग रहा है। विदित का सामना अब अमेरिका के सैम शैंकलैंड से होगा, जिन्होंने दूसरे दौर में ग्रैंडमास्टर वासिल इवानचुक को हराया था। दूसरे बोर्ड पर, विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव ने बुधवार को दूसरे क्लासिकल गेम में मिली हार को पीछे छोड़ते हुए रूक-पॉन के अंत में पहला रैपिड गेम 44 चालों में जीत लिया। इसके बाद उन्होंने दूसरे गेम में नॉर्वे के खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोककर आगे बढ़ने का मौका बनाया। प्रणव ने कहा कि आज मैंने बस अपना स्वाभाविक खेल खेलने की कोशिश की और पिछले दो गेमों के बारे में नहीं सोचा और मेरी तैयारियां कामयाब रहीं। अब प्रणव का सामना लिथुआनिया के टिटास स्ट्रेमाविसियस से होगा, जिन्होंने दूसरे राउंड में वेस्ली सो को हराया। प्रणेश और कोलार्स के बीच हुए मैच में, भारतीय खिलाड़ी ने काले मोहरों से खेलते हुए दूसरे रैपिड गेम में 24वीं चाल में बढ़त हासिल की और फिर लगातार बढ़त बनाते हुए 48 चालों में जीत हासिल की। अब उनका सामना जर्मन ग्रैंडमास्टर विसेंट कीमर से होगा। आर प्रज्ञानंदधा ने विश्व सर्किट पर अपने एक खतरनाक प्रतिद्वंद्वी होने का परिचय देते हुए दूसरे दौर के टाईब्रेक में तेमुर को हराकर शानदार जीत हासिल की।

## उपराष्ट्रपति ने पैरा खिलाड़ी श्रीमंत झा को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** छत्तीसगढ़ के अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक खिलाड़ी श्रीमंत झा को हाल ही में जर्मनी ओपन पैरा आर्मरेसलिग कप में स्वर्ण पदक जीतने की उपलब्धि पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति ने झा की खेल भावना, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें देश का गौरव बताया। श्रीमंत झा अब तक 58 अंतर्राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं। वे वर्तमान में विश्व रैंकिग में तीसरे स्थान तथा एशिया रैंकिग में प्रथम स्थान पर हैं। इस अवसर पर श्रीमंत झा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणाेत है और वे हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित होने वाली आगामी वर्ल्ड पैरा आर्मरेसलिग कप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने के लिए पूर्ण समर्पण से तैयारी कर रहे हैं।

# जहानारा ने चौंकाने वाले आरोपों पर बीसीबी ने बिठाई जांच

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज जहानारा आलम द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए एक कमेटी गठित करने का फैसला किया है। जहानारा ने यह आरोप लगाया है कि 2022 वनडे विश्व कप के दौरान एक पूर्व चयनकर्ता का बर्ताव उनके साथ ठीक नहीं था। बोर्ड ने समिति को यह स्पष्ट आदेश दिया है कि वह 15 कार्यदिवसों के अंदर अपनी पूरी जांच रिपोर्ट और सुझाव सौंप दे। बीसीबी ने कहा है कि जांच कमिटी के रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। बीसीबी ने अपने बयान में कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) मीडिया में आई उन रिपोर्ट्स को लेकर चिंतित है, जिसमें बांग्लादेश महिला टीम की एक पूर्व सदस्य ने टीम से जुड़े कुछ व्यक्तियों पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। मामला संवेदनशील होने के कारण, बीसीबी ने आरोपों की गहराई से जांच के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है। समिति 15 कार्यदिवसों के भीतर अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें सौंपेगी। बीसीबी सभी खिलाड़ियों और स्टाफ के लिए एक सुरक्षित, सम्मानजनक और पेशेवर माहौल बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बोर्ड इस तरह के मामलों को पूरी गंभीरता से लेता है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर उचित कदम उठाएगा। जहानारा अब ऑस्ट्रेलिया में रहती हैं। उन्होंने पत्रकार रियासद अज़ीम को दिए गए एक साक्षात्कार में एक पूर्व चयनकर्ता के बारे में कई बातें बताईं।

# हॉकी ने भारत को ओलंपिक में खास जगह दिलाई: मनसुख मांडविया



**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को हॉकी के शताब्दी समारोह में कहा कि ओलंपिक में हॉकी के जरिए ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। यहां भारतीय खेल प्राधिकरण और हॉकी इंडिया ने ऐतिहासिक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में एक भव्य शताब्दी समारोह के साथ भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर डा. मांडविया ने इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बनने पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि इस खेल ने कई दौर देखे हैं, और ओलंपिक में हॉकी के जरिए ही हमने दुनिया को दिखाया कि भारत खेलों में क्या हासिल कर सकता है। तब से हमने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारतीय हॉकी एक बार फिर से आगे बढ़ रही है और एक और ओलंपिक पदक की ओर बढ़ रही है। आज जब देश भर में एक हजार से अधिक मैच खेले जा रहे हैं, तो पूरा भारत इस गौरवपूर्ण पल का जश्न मना रहा है। भारत सरकार हमारे खिलाड़ियों और खेल को हर संभव तरीके से सपोर्ट करती रहेगी। मैं हॉकी इंडिया, खिलाड़ियों, कोचों और फैंस को इस शानदार सफर का हिस्सा बनने के लिए बधाई देता हूं। संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि इस खास मौके पर मैं खेल के दिग्गजों के बीच खड़ा हूं। भारतीय हॉकी के लिए यह एक लंबा और प्रेरणादायक सफर रहा है। मैं हॉकी इंडिया को हमारे महान खिलाड़ियों के साथ-साथ मौजूदा सितारों को सम्मानित करने, हमारे समृद्ध इतिहास को हमारे उज्ज्वल भविष्य के साथ जोड़ने के लिए बधाई देता हूं। इस अविश्वसनीय सफर का हिस्सा रहे सभी लोगों को बधाई। एफआईएच के अध्यक्ष दातो तैयब इकराम ने कहा कि भारतीय हॉकी के लिए इस ऐतिहासिक मील के पत्थर का हिस्सा बनना खुशी की बात है। आज हम अपने दिग्गजों, खिलाड़ियों, फैंस और प्रशासकों का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने इस सफर को आकार दिया है। भारत ने 100 साल के लचीलेपन और इनोवेशन के जरिए विश्व हॉकी में नेतृत्व किया है। मैं भारत सरकार और हॉकी इंडिया को उनके लगातार सपोर्ट के लिए धन्यवाद देता हूं। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की वापसी उसकी ताकत दिखाती है, और मुझे विश्वास है कि अगले 100 साल भारतीय हॉकी के लिए और भी शानदार होंगे। इस खास मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री,मांडविया, खेल राज्यमंत्री रक्षा, संसदीय और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू आदि रहे।

# दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को आठ विकेट से हराया

**फैसलाबाद।** नांद्रे बर्गर (चार विकेट) और एन पीटर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद क्विटन डी कॉक (नाबाद 123) रनों शतकीय और टोनी डीजॉर्जी (76) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान को 59 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। क्विटन डी कॉक को उनकी शानदार शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 269 का स्कोर बनाया। पाकिस्तान की शुरुआत खबरा रही और उसने पांच ओवर में 22 रन के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद आगा सलमान ने सैम अयूब के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट लिए 92 रनों की साझेदारी हुई। 25वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने सैम अयूब (53) को आउटकर पाकिस्तान को पांचवां झटका दिया। इसके हुसैन तलत 11 रन को एन पीटर ने आउट किया। मोहम्मद नवाज ने आगा सलमान के साथ 59 रन जोड़े। 41वें ओवर में कॉर्बिन बॉश ने ने आगा सलमान (69) को आउट किया। फहीम अशरफ (28) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तान का नौवां विकेट 50वें ओवर की पांचवीं गेद पर हसन नवाज के रूप में गिरा।


# सम्पादकीय

शनिवार, 8 नवम्बर 2025

## कुत्तों पर सुप्रीम आदेश

भारतीय इतिहास में कुत्ता सबसे वफादार जानवर बताया गया है। कई ऐसी सच्ची घटनाएं सामने आई हैं कि अपने मालिक को बचाने के लिए कुत्तों ने अपनी जान भी दे दी, लेकिन अब इन पर ही सर्वोच्च न्यायालय का आदेश आ गया है। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी राज्य 2 हफ्ते के अंदर ऐसे संस्थानों और परिसरों की लिस्ट तैयार करें, जो कोर्ट की तरफ से बताई गई श्रेणी में आते हैं। कोर्ट ने स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और दूसरी इमारतों को इस श्रेणी में रखा है। इसके अलावा हाईवे से गाय-बैल को हटाने के लिए भी कहा गया है। इस आदेश के बाद डॉग लवर को राहत मिली है क्योंकि किसी भी तरह उनका अपने पाले गए कुत्ते से मोह नहीं हट रहा है। हटे भी कैसे, उस कुत्ते को उन्होंने अपनी औलाद की तरह ही पाला है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एक महिला वकील तो कोर्ट में ही रोने लगी। शहरों में आम तौर पर हर चौथे घर में कुत्ता पालने की परंपरा रही है, जबकि गली-मौहल्ले के कुत्ते उस गली की सुरक्षा करते हैं, जिसमें वह रहते हैं। हालांकि सुप्रीम कोर्ट का आदेश ऐसे लोगों के लिए नहीं है, जिन्होंने कुत्ते पाल रखे हैं। कोर्ट का आदेश तो केवल उन सार्वजनिक स्थानों तक है, जहां का संबंध आम जन से जुड़ा हुआ है। कोर्ट ने सभी शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्पिटल, बस डिपो, रेलवे स्टेशन, सरकारी दफ्तरों और स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से आवारा कुत्तों को हटाने के लिए कहा है। इसके साथ ही कोर्ट ने हाईवे और एक्सप्रेसवे से आवारा गाय-बैल को भी हटाने के लिए कहा है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन वी अंजारिया की बेंच ने सभी राज्य सरकारों और संबंधित संस्थाओं से 8 हफ्ते में इस आदेश का पालन करने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई 13 जनवरी को होगी। कोर्ट का कहना था कि सड़क और हाईवे पर घूमने वाले आवारा पशुओं को हटाने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों की है। राज्य सरकारें इसके लिए गश्ती दल का गठन करें, जो लगातार सड़कों की निगरानी करे। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, जिसमें लोग सड़क पर आवारा पशुओं की जानकारी दे सकें। इन पशुओं के लिए गोशाला समेत दूसरे स्थायी आश्रय गृह बनाए जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन किया, जिसमें दिल्ली-एनसीआर के शेल्टर होम से आवारा कुत्तों को बाहर निकालने पर रोक लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में कुत्ते के काटने से रेबीज होने संबंधी मीडिया रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया और कहा कि इसमें कुछ चिंताजनक और परेशान करने वाले आंकड़े हैं। 11 अगस्त को आवारा कुत्तों के काटने से, खासकर बच्चों को उत्पन्न बेहद गंभीर स्थिति को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी आवारा कुत्तों को सड़कों से स्थायी रूप से शेल्टर होम में भेजने का निर्देश दिया।


## भाजपा-संघ ने वंदेमातरम से दूरी बनाए रखी



कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की गर्वित ध्वज वाहक है, वंदे मातरम ने ही देश की सामूहिक आत्मा को जगाया और देश की आजादी का बुलंद नारा बन गया, वंदे मातरम देश की एकता में अनेकता की भावना को दर्शाता है, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस वंदे मातरम की गर्वित ध्वजवाहक रही है, यह बहुत अजीब बात है कि जो लोग (भाजपा- आरएसएस) आज खुद को राष्ट्रवाद का स्वघोषित रक्षक बताते हैं, उन्होंने कभी भी अपनी शाखाओं या दफ्तरों में वंदे मातरम या हमारे राष्ट्रगान, जन गण मन नहीं गाया है। इसके बजाय, वे नमस्ते सदा वत्सले गाते रहते हैं, जो उनके संगठन की महिमा करने वाला गीत है, देश का नहीं, 1925 में अपनी स्थापना के बाद से आरएसएस ने इसकी सार्वभौमिक श्रद्धा के बावजूद वंदे मातरम से दूरी बनाए रखी है, इसके साहित्य में एक बार भी इस गीत का जिक्र नहीं मिलता। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# 25 वर्षों में बदली उत्तराखंड में शिक्षा की तस्वीर

### राष्ट्रीय औसत से भी ज्यादा सूबे का सकल नामांकन अनुपात, शिक्षा में सुधार को कई योजनाएं लागू, छात्रवृत्तियों का भी मिला लाभ



एस. आलम अंसारी

राज्य के गठन के बाद विगत 25 वर्षों में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था सीमित संसाधन, विषम भौगोलिक परिस्थितियां, विद्यालयों तक पहुंच और ड्राप आउट जैसी चुनौतियों के बावजूद न सिर्फ मजबूत हुई है बल्कि कई क्षेत्रों में मील के पत्थर भी स्थापित किए हैं। शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार ने कई सुधारात्मक कदम उठाए। इसके अलावा राज्य में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं सर्व शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान, साक्षर भारत कार्यक्रम, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, पीएम योजना, पीएम जनमन कार्यक्रम और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान आदि का सटीक क्रियान्वयन कर गांव-गांव तक शिक्षा का उजियारा फैलाया।

**बस्तियों तक बनी शिक्षा की पहुंच**

राज्य में आज 97 फीसदी बस्तियों में एक किलोमीटर की परिधि में प्राथमिक विद्यालय जबकि 98 फीसदी बस्तियों में तीन किलोमीटर की परिधि में उच्च प्राथमिक विद्यालय, 92 फीसदी बस्तियों में 5 किमी की परिधि में हाईस्कूल एवं 94 फसदी बस्तियों में 7 किमी की परिधि में इंटरमीडिएट विद्यालयों की पहुंच है। शेष बस्तियां मानक पूरे न होने के कारण विद्यालय खुलने से वंचित रह गई हैं। जबकि राज्य गठन के उपरांत प्राथमिक स्तर के 18 फीसदी एवं माध्यमिक स्तर पर 26 फीसदी नए विद्यालय खोले गए हैं।

**राष्ट्रीय औसत से अधिक प्रदेश की जीईआर**

राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों तक विद्यालय खोले जाने से राज्य गठन के बाद सकल नामांकन अनुपात द्धग्रॉस एनरॉलमेंट रेसियो-जीईआरऋ में अत्याधिक सुधार हुआ है। विशेषकर उच्च प्राथमिक स्तर पर यह अनुपात 80 से लेकर 104 प्रतिशत तथा माध्यमिक स्तर पर 56 से 93 प्रतिशत तक हो गया है। जो कि वर्तमान स्थितियों में शैक्षिक सूचकांकों के क्रम में राज्य का प्रदर्शन कुल राष्ट्रीय औसत से अच्छा है।

**बोर्ड परीक्षा परिणामों में बढ़ा उत्तीर्ण प्रतिशत**

राज्य गठन के उपरांत विद्यालय शिक्षा की पहुंच आसान होने, जन जागरूकता, विद्यालयों में संसाधनों की प्रयाप्त उपलब्धता, शिक्षकों के प्रशिक्षण आदि के परिणाम स्वरूप छात्र-छात्राओं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में निरंतर सुधार हुआ है। जहां एक ओर राज्य गठन के समय हाईस्कूल स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत मात्र 32.6 फीसदी था वहीं वर्तमान में यह प्रतिशत 90.8 फीसदी हो गया है। इसी प्रकार इंटरमीडिएट स्तर पर बोर्ड परीक्षा में छात्रों का तत्कालीन उत्तीर्ण प्रतिशत 61.2 था जो अब 83.3 फीसदी हो गया है।

**भौतिक संसाधन सम्पन्न बने विद्यालय**

राज्य गठन के बाद विद्यालयों में भौतिक संसाधनों का चरणवद्ध ढंग से विकास किया गया। जिसके परिणाम स्वरूप वनभूमि क्षेत्रांतर्गत आने वाले 0।5 फीसदी विद्यालयों को छोड़कर शेष सभी विद्यालयों में भवन निर्माण कराए गए। जहां पर शत प्रतिशत विद्यालयों में बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर उपलब्ध है। करीब 98 फीसदी विद्यालयों में बालक-बालिकों के लिए शौचालय, 99 फीसदी विद्यालयों में पेयजल सुविधा तथा 95 फीसदी विद्यालयों में विद्युतीकरण आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। ढांचागत विकास में प्रगति के लिए राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर विद्यालई शिक्षा के बजट में वृद्धि की जाती रही है। जहां राज्य गठन के समय प्रारम्भिक स्तर पर 342 करोड़ का बजट स्वीकृत था वहीं वर्तमान में 4384 करोड़ हो गया है। इसी प्रकार माध्यमिक स्तर पर बजट 323 करोड़ से बढ़कर 7017 करोड़ हो गया है।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार को योजनाएं लागू**

राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए राज्य गठन के बाद समय-समय पर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों का क्रियान्वयन किया गया। जिसके संतोषजनक परिणाम मिले हैं। उदाहरण स्वरूप वर्ष 2003-04 में राज्य के दूर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभावान बालक-बालिकों को गुणवतापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक-एक आवासीय विद्यालय राजीव गांधी नवोदय विद्यालय नाम से स्थापित किए गए। जिसका सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसी प्रकार वर्ष 2015-16 में राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में 4 राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय व प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मॉडल स्कूल विकसित किए गए। जिनकी वर्तमान में कुल संख्या 190 हो चुकी है। जिनके सफल संचालन के लिए 22 करोड़ 44 लाख रुपये का बजट आवंटित है। इसी प्रकार एनईपी-2020 की अनुसंशा के आधार पर विद्यालयों को शिक्षा के उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में विकसित किए जाने, भौतिक एवं मानव संसाधनों के अभीष्टतम उपयोग, छात्र-छात्राओं को गुणवतपूर्ण शिक्षा प्रदान करने के समान अवसर दिए जाने के दृष्टिगत वर्ष 2023-24 में कलस्टर विद्यालयों का शुभारम्भ किया गया। इस योजना के अंतर्गत माध्यमिक स्तर पर 559 विद्यालयों चयन कलस्टर स्कूल के लिए किया गया है, जिसके तहत अभी तक 86 करोड़ 6 लाख रूपये आंवटित किए जा चुके हैं। जबकि प्राथमिक स्तर पर 679 स्कूलों चयन कलस्टर विद्यालय के लिए किया गया है। जिनके लिए शीघ्र बजट आंवटित किया जाना प्रस्तावित है।

**बालिका शिक्षा को मिला प्रोत्साहन**

राज्य में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के दृष्टिगत 39 कस्तूरबा गांधी आवासीय छात्रावास स्थापित किए गए। जिनमें कक्षा-6 से 12 तक की 4300 बालिकाओं के लिए नि:शुल्क आवासीय सुविधाएं उपलब्ध है।

**छात्र-छात्राओं को मिला विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ**

प्रदेश के कमजोर एवं अपवंचित वर्ग के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2023-24 में मुख्यमंत्री छात्र प्रोत्साहन योजना शुरू की गई। जिसके तहत छात्रवृत्ति परीक्षा में बैठने वाले कुल छात्रों के 10 फीसदी छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जा रही है। जिसके तहत कक्षा-6 के छात्रों को 600 रुपये प्रतिमाह से शुरूकर कक्षा-12 के छात्रों को 1200 रुपये प्रतिमाह दी जा रही है। इसी प्रकार हाईस्कूल एवं इंटर बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों एवं प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने के लिए वर्ष 2029 में पंडित दीन दयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार प्रारम्भ किए गए है। जिसके तहत इंटरमीडिएट स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 10 लाख, 5 लाख व 3 लाख रुपये तथा हाईस्कूल स्तर पर श्रेष्ठ तीन विद्यालयों को क्रमश: 8 लाख, 4 लाख व 2 लाख रुपये का पुरस्कार दिया जा रहा है। इसी प्रकार इंटर स्तर पर श्रेष्ठ तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमश: 21 हजार, 15 हजार व 11 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसी प्रकार हाईस्कूल स्तर पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 15 हजार, 11 हजार व 8 हजार तथा चौथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 2100 का नकद पुरस्कार दिया जा रहा है।

**विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना**

प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने के दृष्टिगत रियल टाइम आंकड़ों के संग्रहण के लिए वर्ष 2023-24 में केन्द्र सरकार के सहयोग से विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई, जो देश का दूसरा विद्या समीक्षा केन्द्र स्थापित किया गया। जिससे सभी विद्यालयों, छात्रों एवं शिक्षकों को जोड़ा गया। वर्तमान में छात्रों एवं शिक्षकों की ऑनलाइन रियल टाइम उपस्थिति ली जा रही है तथा छात्रों के रियल टाइम आंकलन के लिए परख कार्यक्रम भी इसी के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से शिक्षकों हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। राज्य के विद्यालय समीक्षा केन्द्र को राष्ट्रीय विद्या समीक्षा केन्द्र से भी जोड़ा गया है।



राज्य सरकार विद्यालई शिक्षा को उत्कृष्ट, रोजगारपरक और मूल्यपरक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन किया जा रहा है, ताकि शिक्षा को व्यवहारिक और जीवनोपयोगी बनाया जा सके। साथ ही छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु खेल, कला और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। केंद्र सरकार से वित्त पोषित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए, राज्य में शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य सतत जारी है।

**डॉ. धन सिंह रावत,**
**विद्यालई शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# परीक्षा देने का सबसे अच्छा समय क्या है

कामेंलो विकारियो एवं उनके साथियों ने फ्रंटियर्स इन साइकोलॉजी पत्रिका के जुलाई 2025 के अंक मी एक शोधपत्र प्रकाशित किया था, जिसका शीर्षक था 'Timing Matters. Academic assessment changes throughout the day (समय मायने रखता है। शैक्षणिक मूल्यांकन दिन भर बदलता रहता है)। इस अध्ययन में उन्होंने संपूर्ण इटली के 1,04,552 विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन का विश्लेषण प्रस्तुत किया है, जो कहता है कि परीक्षा का समय मायने रखता है। अध्ययन में पाया गया कि सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम बहुत अच्छे आए थे, और उनमें मध्यान्ह (12 बजे) के आसपास आयोजित परीक्षाएं सबसे अच्छी रहीं। जबकि सुबह 8 से 9 बजे के बीच और दोपहर 2 से 5 बजे के बीच आयोजित परीक्षाओं के परिणाम खराब रहे।

यानी नतीजों पर इस बात का असर पड़ता है कि महत्वपूर्ण निर्णय दिन के किस समय लिए गए हैं। ग्राफ पर परीक्षा में सफलता दर घंटाकार वक्र रेखा के रूप में प्रदर्शित हुई थी, जिसके शिखर पर मध्यान्ह 12 बजे का समय था। अर्थात यदि सुबह 11 बजे या दोपहर 1 बजे परीक्षा हो तो उत्तीर्ण होने की संभावना में कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन यदि परीक्षा सुबह 8-9 बजे या दोपहर 3-4 बजे ली जाती है तो उत्तीर्ण होने की संभावना अपेक्षाकृत कम हो जाएगी। उत्तीर्ण होने की संभावना सुबह और देर दोपहर में बराबर थी। इस अध्ययन के एक सह लेखक बोलोग्ना विश्वविद्यालय के प्रोफसर एलेसियो एवेनंती का कहना है कि ह्इन निष्कर्षों के व्यापक निहितार्थ हैं। ये नतीजे इस बात पर प्रकाश डालते हैं कि कैसे जैविक लय (biological rhythms) महत्वपूर्ण मूल्यांकन परिणाम को सूक्ष्म रूप से लेकिन काफी प्रभावित कर सकती है जबकि इस बात को अक्सर निर्णय लेने के संदर्भ में अनदेखा कर दिया जाता है। हालांकि अध्ययन में इस पैटर्न के पीछे के क्रियाविधि का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन दोपहर के समय उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अधिकता इस बात के प्रमाण के समान है कि संज्ञानात्मक प्रदर्शन सुबह के दौरान बेहतर होने लगता है और दोपहर के दौरान कम होता जाता है। देर-दोपहर में विद्यार्थियों के ऊर्जा स्तर में गिरावट के कारण उनकी एकाग्रता कम हो सकती है, जिससे उनका प्रदर्शन प्रभावित हो सकता है। प्रोफेसर/शिक्षक भी (जांच के दौरान) निर्णय लेने में थकान का अनुभव कर सकते हैं, जिसके कारण उत्तरों मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है। वहीं, सुबह के समय में खराब परिणाम क्रोनोटाइप या जैविक घड़ी की विविधता के कारण हो सकते हैं। 20 की उम्र के लोग आम तौर पर रात में जागने वाले होते हैं, जबकि 40 या उससे ज्यादा उम्र के लोग सुबह जल्दी उठने वाले होते हैं। यानी जब प्रोफेसर शिक्षक सबसे ज्यादा चेतन फुर्तीले हैं तब विद्यार्थी उनींदे से होते हैं नतीजा होता है संज्ञानात्मक प्रदर्शन में गिरावट।




इटली के मेसिना विश्वविद्यालय के डॉ. विकारियो का सुझाव है कि दिन के समय के प्रभावों का मुकाबला करने के लिए, विद्यार्थियों को अच्छी नींद लेना चाहिए, दिन के जिस समय वे खुद को सबसे कम ऊर्जावान महसूस करते हैं उस दौरान महत्वपूर्ण परीक्षाओंध्साक्षात्कार रखने से बचना चाहिए, परीक्षा से पहले दिमाग को आराम देने जैसी रणनीतियां अपनाना चाहिएय और संस्थानों द्वारा सत्र देर-सुबह शुरू करने या प्रमुख मूल्यांकन देर-सुबह रखने से परिणाम में सुधार हो सकता है, लेकिन शैक्षणिक प्रदर्शन पर दिन के समय के प्रभाव को पूरी तरह से समझने और वाजिब मूल्यांकन सुनिश्चित करने के तरीके विकसित करने के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है। शोध पत्र के वरिष्ठ लेखक मेस्सिना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मासिमो मुच्चियार्डी का कहना है कि अध्ययन में ह्हम अन्य कारकों को पूरी तरह से शामिल नहीं कर पाए हैं। जैसे हम विद्यार्थियों या परीक्षकों के विस्तृत डैटा (जैसे सोने-जागने की आदतें, तनाव या जैविक लय सम्बंधी जानकारी) नहीं हासिल कर पाए। यही कारण है कि हम अंतर्निहित तंत्रों को उजागर करने के लिए शारीरिक या व्यवहारिक कारकों को शामिल कर आगे के अध्ययनों का सुझाव देते हैं। हालांकि यह शोध इटली में हुआ है, लेकिन इसके निष्कर्ष भारत में भी भलीभांति लागू हो सकते हैं। भारत में भी कई प्रवेश परीक्षाएं आम तौर पर सुबह और दोपहर के समय में आयोजित की जाती हैं।

साभार स्रोत फीचर्स

# इसरो की नई छलांग, आसमान में चमका भारत का बाहुबली



योगेश कुमार गोयल

पिछले दिनों हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम 3-एम 5 ने भारत के अब तक के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-3 को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में पहुंचाया और उसी के साथ भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। यह प्रक्षेपण न केवल भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नई छलांग है बल्कि यह उस आत्मनिर्भरता का प्रतीक भी है, जिसकी परिकल्पना आज का भारत अपने वैज्ञानिक संकल्प से साकार कर रहा है। करीब 4,410 किलोग्राम वजनी सीएमएस-3 उपग्रह को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (जीटीओ) में स्थापित किया गया है। यह भारत की धरती से अब तक छोड़ा गया सबसे भारी संचार उपग्रह है। यह उपग्रह भारत तथा आसपास के समुद्री क्षेत्रों में मल्टी-बैंड संचार सेवाएं प्रदान करेगा और अगले 15 वर्षों तक देश की संचार प्रणाली की रीढ़ साबित होगा। इस मिशन की सफलता ने एक बार फिर इसरो की वैज्ञानिक दक्षता, तकनीकी परिपक्वता और अडिग संकल्प का प्रमाण दिया है।

'बाहुबली' नाम अपने आप में इस रॉकेट की क्षमता का परिचायक है। एलवीएम 3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) इसरो का सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है, जो लगभग 43.5 मीटर ऊंचा और तीन चरणों में कार्य करने वाला रॉकेट है। इसकी भार वहन क्षमता ही इसे 'बाहुबली' का दर्जा देती है। यह रॉकेट लगभग 4,000 किलोग्राम वजन तक के उपग्रहों को जीटीओ में और 8,000 किलोग्राम तक के उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (लो अर्थ ऑर्बिट) तक पहुंचाने में सक्षम है। यह वही रॉकेट है, जिसने भारत को विश्व पटल पर गौरव दिलाने वाला ऐतिहासिक चंद्रयान-3 मिशन लॉन्च किया था, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारत का झंडा लहराया। एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट तीन चरणों में कार्य करता है। पहले चरण में इसके दो ठोस बूस्टर रॉकेट एस-200 प्रारंभिक लिफ्ट ऑफ के लिए भारी थ्रस्ट उत्पन्न करते हैं। दूसरे चरण में एल-110 लिक्विड प्रोपल्शन स्टेज आता है, जिसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में विकसित किया गया है। तीसरे और अंतिम चरण में क्रायोजेनिक इंजन सी-25 कार्य करता है, जो सैटेलाइट को सटीक रूप से उसकी कक्षा में स्थापित करने की अंतिम जिम्मेदारी निभाता है। यह जटिल प्रणाली और उसकी सटीक कार्यप्रणाली भारत की उस इंजीनियरिंग दक्षता की परिचायक है, जिसने आज विश्व की शीर्ष चार अंतरिक्ष शक्तियों में भारत को स्थापित किया है।

इसरो के इस मिशन की सबसे बड़ी सफलता यह है कि यह भारत को भारी उपग्रह प्रक्षेपण में पूर्ण आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करता है। इससे पहले इसरो को अपने भारी उपग्रहों के लिए विदेशी लॉन्च सेवाओं का सहारा लेना पड़ता था, जैसे कि दिसंबर 2018 में जीएसएटी-11 को फ्रैंच गयाना से एरिएन-5 रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था। उस समय जीएसएटी-11 (5854 किलोग्राम) इसरो का सबसे भारी उपग्रह था परंतु वह भारत से लॉन्च नहीं हो सका था। आज सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण के साथ भारत ने यह उपलब्धि अपने दम पर हासिल कर ली है। सीएमएस-03 को इसरो के वैज्ञानिकों ने आधुनिक संचार अवसंरचना की बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। यह एक मल्टी-बैंड कम्युनिकेशन सैटेलाइट है, जो देश के दूरस्थ और समुद्री इलाकों में तेज और विश्वसनीय संचार सेवाएं सुनिश्चित करेगा। इस उपग्रह के माध्यम से रक्षा क्षेत्र, नौसेना, आपदा प्रबंधन, नागरिक संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी सुधार होगा। विशेष रूप से यह नौसेना के लिए समुद्री क्षेत्रों में सुरक्षित और निर्बाध संचार नेटवर्क प्रदान करेगा, जिससे भारत की समुद्री सुरक्षा क्षमताएं कई गुना बढ़ जाएंगी।

भारत की समुद्री सीमाएं लगभग 7,500 किलोमीटर लंबी हैं और उसके पास व्यापक आर्थिक क्षेत्र है। ऐसे में सुदूर समुद्री इलाकों में संचार का सशक्त नेटवर्क आवश्यक है। सीएमएस-03 इस दिशा में एक बड़ा कदम है, जो भारतीय नौसेना को रणनीतिक रूप से अधिक सशक्त और आत्मनिर्भर बनाएगा। इसके अलावा, यह देश के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में डिजिटल पहुंच को भी सुदृढ़ करेगा। एलवीएम 3-एम 5 मिशन की सफलता इस बात का भी प्रमाण है कि भारत अब न केवल वैज्ञानिक तकनीक का उपभोक्ता देश है बल्कि वह तकनीक निर्माता और नवोन्मेषी शक्ति के रूप में भी उभर चुका है। इसरो के वैज्ञानिकों ने खराब मौसम की चुनौतियों और अत्यधिक जटिल तकनीकी परिस्थितियों में भी इस मिशन को सफलता तक पहुंचाया। इसरो प्रमुख वी। नारायणन के शब्दों में, 'यह बाहुबली रॉकेट की ताकत का एक और प्रमाण है। उपग्रह को सटीक रूप से कक्षा में स्थापित किया गया है और यह हमारे वैज्ञानिकों की अथक मेहनत का परिणाम है।' एलवीएम 3-एम 5 रॉकेट की अब तक की सभी आठ उड़ानें 100 प्रतिशत सफल रही हैं। यह सफलता दर किसी भी विकसित अंतरिक्ष एजेंसी के मानकों पर श्रेष्ठ मानी जा सकती है। भारत के लिए यह मिशन केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उस दृष्टि का विस्तार है, जो प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प से जुड़ी है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत ने हाल के वर्षों में जो प्रगति की है, उसने न केवल विश्व को चकित किया है बल्कि निजी उद्योगों और स्टार्टअप्स के लिए भी अंतरिक्ष तकनीक में नए अवसर खोले हैं। सीएमएस-3 मिशन भारत की उस अंतरिक्ष नीति को भी मजबूत करता है, जिसके तहत देश आने वाले वर्षों में वाणिज्यिक प्रक्षेपण सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। भारत अब वैश्विक स्तर पर उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जो भारी उपग्रहों को स्वयं की तकनीक से अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम हैं। इससे न केवल विदेशी मुद्रा की बचत होगी बल्कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की वैश्विक विश्वसनीयता भी बढ़ेगी। इसरो के मिशनों की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसने हर उपलब्धि सीमित बजट में हासिल की है। एलवीएम 3 की संरचना और प्रदर्शन का स्तर यूरोपियन एरिएन-5 या अमेरिकी फाल्कन-9 जैसी श्रेणी के रॉकेटों के समान है जबकि इसकी लागत उन मिशनों की तुलना में बेहद कम है। यही भारतीय प्रतिभा और वैज्ञानिक अनुशासन की असली पहचान है। इस मिशन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि सीएमएस-3 से भारत की डिजिटल कनेक्टिविटी और रक्षा नेटवर्क दोनों को मजबूती मिलेगी। देश के सुदूरवर्ती द्वीपों, सीमांत इलाकों और समुद्री मार्गों पर निर्बाध संचार स्थापित करना अब अधिक आसान होगा। इस मिशन के जरिए भारत का संचार तंत्र और आपदा प्रबंधन प्रणाली भी अधिक सटीक और प्रभावी होगी। यह उपलब्धि भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आज जब विश्व अंतरिक्ष की नई प्रतिस्पर्धा में प्रवेश कर चुका है, जहां अमेरिका, रूस, चीन और यूरोप अपनी तकनीकी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ में हैं, भारत ने शांत, दृढ़ और सटीक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपनी अलग पहचान बनाई है। चंद्रयान-3 के बाद 'बाहुबली' की यह सफलता भारत की उसी निरंतर प्रगति का प्रतीक है, जिसने विज्ञान को राष्ट्रीय गौरव से जोड़ा है। कुल मिलाकर, भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम अब केवल खोज का नहीं बल्कि सशक्त राष्ट्र निर्माण का माध्यम बन चुका है। सीएमएस-03 केवल एक उपग्रह नहीं बल्कि भारत की तकनीकी क्षमता, आत्मविश्वास और दूरदृष्टि का प्रतीक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच फिर गोलीबारी

**काबुल/इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के कंधार प्रांत के एक सीमावर्ती जिले में पाकिस्तानी सेना ने भारी हथियारों का भी जमकर इस्तेमाल किया। अफगानिस्तान के स्थानीय मीडिया के अनुसार गोलीबारी स्थानीय समयानुसार गुरुवार शाम लगभग 5 बजे हुई। इसमें कहा गया है कि स्पिन बोल्डक जिले के एक व्यावसायिक बाज़ार पर मोर्टार के गोले दागे गए, जिससे निवासियों और व्यापारियों को इलाके से भागने पर मजबूर होना पड़ा।

### पाकिस्तान और इराक से 433 अफगानी कैदी रिहा

**काबुल।** पाकिस्तान और इराक की जेलों में बंद 433 अफगानी कैदियों को पिछले सप्ताह रिहा कर अफगानिस्तान भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार देर रात यह जानकारी दी। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि पाकिस्तान में हिरासत में लिए गए 430 लोग दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा के रास्ते देश में वापस आ गए। इसके अलावा छह महीने से इराक की जेलों में बंद तीन अन्य कैदी पश्चिमी निमरोज़ प्रांत में पुल-ए-अब्रेसिम सीमा पार करके वापस लौटे।

### वियतनाम में तूफान कालमेगी से पांच लोगों की मौत

**हनोई।** मध्य वियतनाम में तूफान कालमेगी के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय दैनिक लाओ डोंग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। तीन मौतें डाक लाक प्रांत में हुईं, जबकि अन्य दो गिया लाई प्रांत में हुईं। स्थानीय अधिकारियों की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार पूरे क्षेत्र में 52 घर ढह गए और 2593 अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय अधिकारी नुकसान का आकलन और राहत कार्य जारी रखे हुए हैं। वियतनाम के कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय ने कहा कि तूफान आज तड़के एक उष्णकटिबंधीय दबाव क्षेत्र में कमज़ोर हो गया और फिर दक्षिणी लाओस के ऊपर एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल गया।

### ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर वर्जिन के विमान में आग लगी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन हवाई अड्डे पर गुरुवार को वर्जिन ऑस्ट्रेलिया एयरलाइन के एक विमान के ब्रेक प्रणाली में आग लग गई। वर्जिन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को कहा कि विमान में सवार 178 यात्रियों और चालक दल के किसी भी सदस्य को कोई चोट नहीं आई। एयरलाइन कम्पनी ने कहा कि डार्विन से उड़ान भरने वाले बोइंग 737-800 के कल शाम स्थानीय समयानुसार लगभग सात बजे ब्रिस्बेन में उतरने के बाद उसके ब्रेक सिस्टम में आग लग गई।

# श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात

## न्यूनतम तापमान 0.2°C रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में हाड़ कंपाने वाली ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में रात का तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया जबकि श्रीनगर में मौसम की सबसे सर्द रात दर्ज की गई, जहां न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया तथा घाटी में औसत तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार कश्मीर के ऊपरी इलाकों में हाल ही में हुई हिमपात के कारण घाटी में तापमान में उल्लेखनीय गिरावट आई है और कई इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। अनंतनाग जिले के पर्वतीय रिसॉर्ट पहलगाम में शून्य से नीचे 3-0 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया जो कश्मीर का सबसे ठंडा स्थान रहा। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम की अब तक की सबसे सर्द रात थी। तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोकरनाग में 1.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



**तापमान सामान्य 1.9 से गिरकर 1.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।**

उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 2-6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान केन्द्र शासित प्रदेश में मुख्यत: मौसम शुष्क रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इसके साथ ही विभाग ने यह भी कहा है कि अगले दो दिनों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है, जिससे पूरे क्षेत्र में शुष्क और ठंडी स्थिति यथावत रहने का अनुमान है।

# डेमोक्रेटस की जीत का ओबामा ने मनाया जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हालिया चुनावों को लेकर डेमोक्रेटिक पार्टी में जश्न का माहौल है। इस बीच पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा वाशिंगटन में एक कार्यक्रम में अप्रत्याशित रूप से भाग लेते हुए नजर आए।

यहां उन्होंने कहा कि अमेरिकी वोटर्स अब ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे हैं। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि डेमोक्रेट्स के बीच जारी मतभेदों को दूर किया जा सकता है। ओबामा ने पाड सेव अमेरिका नाम के पाडकास्ट के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारा मंगलवार बहुत अच्छा रहा। उनके ये बोलते ही भीड़ ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा संकेत है कि अमेरिकी जनता ध्यान दे रही है। वे निर्दयता नहीं चाहते। वे ऐसे लोगों को नहीं देखना चाहते जो सत्ता में बने रहने के लिए हरसंभव कोशिश करते हैं। न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर और खुद को समाजवादी कहने वाले जोहरान ममदानी और वर्जीनिया और न्यू जर्सी के गवर्नर चुनावों में क्रमश: डेमोक्रेट्स एबिगेल स्पैनबर्गर और मिकी शेरिल की जीत हुई थी। इसके बाद से ही यह चर्चा तेज हो गई है कि 2026 के मध्यावधि चुनावों की तैयारी के दौरान पार्टी अपने प्रगतिशील और मध्यमार्गी गुटों के बीच मतभेदों को कैसे सुलझाएगी। एसोसिएटेड प्रेस के वोटर पोल, जिसमें न्यूयार्क सिटी, वर्जीनिया, न्यू जर्सी और कैलिफोर्निया के 17,000 से अधिक मतदाताओं से राय ली गई है, के मुताबिक अधिकांश मतदाताओं ने तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रदर्शन को अस्वीकार किया और माना कि उनकी कठोर आव्रजन नीति हद पार कर गई। ओबामा ने स्वीकार किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी में अभी काफी काम किया जाना बाकी है, लेकिन कहा कि पार्टी के अलग-अलग गुट एक-दूसरे के साथ चल रहे हैं न कि किसी दिखावे या बनावटी तरीके से। डेमोक्रेटिक पार्टी के समाजवादी नेता और ममदानी के समर्थक सीनेटर बर्नी सैंडर्स ने इस हफ्ते की शुरुआत में कहा था कि डेमोक्रेट्स के बीच मतभेद हैं, लेकिन उन्हें दूर किया जा सकता है।



**पूर्व राष्ट्रपति ने कहा: अमेरिकी वोटर्स अब राष्ट्रपति ट्रम्प के एजेंडे को खारिज कर रहे**

# पाक एटमी हथियारों की तस्करी कर रहा: भारत

## विदेश मंत्रालय ने कहा: हमने हमेशा इस बारे में बताया, ट्रम्प ने कहा था-पाक न्यूक्लियर टेस्ट कर रहा

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान सालों से सीक्रेट तरीके से न्यूक्लियर एक्टिविटी करता रहा है। इसमें तस्करी, नियम तोड़ना, सीक्रेट साझेदारी और एक्यू खान नेटवर्क शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है। इसी वजह से हमने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पाकिस्तान के न्यूक्लियर टेस्ट वाले बयान पर भी गौर किया है।

दरअसल ट्रम्प ने रविवार को एक इंटरव्यू में कहा था कि पाकिस्तान सीक्रेट तरीके से परमाणु परीक्षण कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने साप्ताहिक प्रेस कान्फ्रेंस में इसी बयान पर प्रतिक्रिया दी है। एक्यू खान नेटवर्क एक सीक्रेट अंतर्राष्ट्रीय परमाणु तस्करी नेटवर्क था, जिसे पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक डा. अब्दुल कदीर खान ने बनाया था। यह नेटवर्क 1970 के दशक से लेकर 2000 के शुरुआती सालों तक एक्टिव रहा। कदीर खान को पाकिस्तान के परमाणु बम के जनक कहा जाता है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए यूरेनियम संवर्धन तकनीक डेवलप की थी, जिससे पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया। हालांकि बाद में सामने आया कि डा. खान ने यही तकनीक दूसरे देशों तक भी पहुंचाई। इसे ही एक्यू खान नेटवर्क कहा गया। यह नेटवर्क कोई औपचारिक संस्था नहीं था, बल्कि वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और कंपनियों का एक सीक्रेट नेटवर्क था जो अलग-अलग देशों में फैला था। इनके जरिए एटमी प्रोग्राम के लिए जरूरी पुर्जे, मशीनें और डिजाइन चुपचाप ईरान, उत्तर कोरिया और लीबिया जैसे देशों तक पहुंचाए गए।



**भारत हमेशा दुनिया को इसकी याद दिलाता रहा है**

साल 2003 में इस सीक्रेट का पर्दाफाश तब हुआ जब लीबिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों को दी। जांच में यह पता चला कि लीबिया को तकनीक पाकिस्तान से मिली थी। इसके बाद 2004 में डा. कदीर खान ने टीवी पर आकर स्वीकार किया कि उन्होंने इन देशों की मदद की थी, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने यह काम अपनी मर्जी से किया, सरकार के आदेश पर नहीं। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद पाकिस्तान ने खान को गृह नजरबंद कर दिया और कहा कि नेटवर्क को खत्म कर दिया गया है। ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका को फिर से परमाणु परीक्षण शुरू करने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका के पास इतने परमाणु हथियार हैं कि दुनिया को 150 बार नष्ट किया जा सकता है, लेकिन रूस और चीन की गतिविधियों के चलते टेस्ट करना जरूरी है। जब ट्रम्प से पूछा गया कि नार्थ कोरिया के अलावा कोई भी परमाणु टेस्ट नहीं कर रहा तो आप क्यों कर रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने कहा कि रूस, पाकिस्तान और चीन भी गुप्त परीक्षण कर रहे हैं, बस दुनिया को पता नहीं चलता।

## पीओके में पाक के विरुद्ध सड़कों पर जेन-जी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में एक बार फिर शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भड़क उठा है। नेपाल की तरह ही अब पीओके में भी आंदोलन की कमान जेन-जी ने संभाल ली है। हालांकि, शुरू में छात्रों का शांतिपूर्ण प्रदर्शन शिक्षा सुधार और फीस कटौती पर केंद्रित था लेकिन उनकी मांगों को सुनने के बजाय सेना-पुलिस की मदद से उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की गई तो हालात बेकाबू हो गए। सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जिसमें मुजफ्फराबाद के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सड़कों पर उतरे छात्रों को नारेबाजी, तोड़फोड़ करते और टायर आदि जलाते देखा जा सकता है। शहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ बड़े आंदोलन में बदले विरोध-प्रदर्शन को पाकिस्तान के कब्जे वाले क्षेत्र में युवा पीढ़ी के बीच गहराते असंतोष के तौर पर देखा जा रहा है। कई सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा जा रहा है कि नेपाल के बाद अब पीओके में जेन-जी के आंदोलन ने पाकिस्तान की सरकार और सेना के लिए हालात मुश्किल बना दिए हैं। प्रदर्शन मुजफ्फराबाद की एक प्रमुख यूनिवर्सिटी में भारी-भरकम फीस और सुविधाओं के अभाव पर विरोध जताने के लिए शुरू हुआ था। प्रदर्शन शांतिपूर्ण जारी था लेकिन प्रशासन ने यूनिवर्सिटी में सभी राजनीतिक गतिविधियों पर रोक लगा दी। स्थिति तब बिगड़ गई जब एक अज्ञात बंदूकधारी ने छात्रों के एक समूह पर गोली चलाई। एक महीने पहले भी पीओके में इसी तरह अशांति हुई थी।

**प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर फायरिंग से बढ़ा बवाल, पिछली बार प्रदर्शन के दौरान हिंसा में गई थीं कई जानें**

# गाजा की सुरंग में फंसे 200 हमास लड़ाके

**गाजा।** गाजा के राफा बार्डर के पास करीब 200 हमास लड़ाके एक सुरंग में फंस गए हैं और वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ये लड़ाके मार्च 2025 से यहां फंसे हुए हैं। इजरायली सेना ने इनके बाहर निकलने का रास्ता बंद कर दिया है। इजरायली अधिकारियों के मुताबिक, ये लड़ाके गाजा के उस हिस्से में मौजूद हैं, जो इजरायल के नियंत्रण में है।

वे सुरंगों के अंदर छिपे हैं, लेकिन अगर पीछे हटने की कोशिश करेंगे तो सीधे इजरायली सैनिकों (आईडीएफ) के हाथों पकड़े जाने का खतरा है। वाईनेट न्यूज के मुताबिक इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने साफ कहा है कि उन्हें सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। वहीं, इजरायली सेना के चीफ आफ स्टाफ एयाल जमीर ने कहा कि लड़ाकों को निकालने के लिए हमास से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हम उन्हें अंडरवियर में सैन्य ठिकाने ले जाएंगे। कुछ इजरायली मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि अगर हमास के लड़ाके अपने हथियार डाल दें, तो उन्हें बाहर निकलने दिया जा सकता है। हालांकि, नेतन्याहू के दफ्तर ने इस दावे को झूठा बताया और साफ किया कि किसी भी हमास सदस्य को माफी या सुरक्षित निकलने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

सदे तेइमान एक सैन्य ठिकाना है जो इजरायल के नेगेव रेगिस्तान में गाजा की सीमा के नजदीक है और अक्टूबर 2023 के बाद इसे गाजा से पकड़े गए लोगों को रखने और पूछताछ करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां पर हजारों फिलिस्तीन कैदी हैं। जमीर ने सरकार को सलाह दी कि जब तक सभी बंधक और शहीद सैनिकों के शव वापस नहीं आ जाते, तब तक सीजफायर समझौते के अगले चरण पर नहीं बढ़ना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा को पूरी तरह से हथियारों से मुक्त किए बिना वहां किसी तरह का कामकाज शुरू नहीं होना चाहिए।

**इजरायल ने निकलने का रास्ता बंद किया, इजरायली सेना बोली: इन्हें अंडरवियर में आर्मी कैंप ले जाएंगे**

# अमेरिका में 40 एयरपोर्ट्स पर 700 उड़ानें बंद

## ट्रम्प के शटडाउन की वजह से स्टाफ नहीं मिल रहा, बिना वेतन काम कर रहे कर्मचारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन हुए 37 दिन बीत चुके हैं। इसका सबसे ज्यादा असर हवाई यात्रा पर पड़ रहा है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने 40 बड़े हवाई अड्डों पर उड़ानों में कटौती का ऐलान किया है। शुक्रवार सुबह से यह कटौती शुरू हो गई है। इसमें न्यूयॉर्क और वाशिंगटन डीसी के बड़े एयरपोर्ट्स शामिल हैं। कुल 40 में से ज्यादातर देश के सबसे व्यस्त हब हैं।

इससे थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं। रायटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई बड़े एयरलाइंस पहले ही उड़ानें कैंसिल कर चुके हैं। अब तक कुल 700 से ज्यादा उड़ानें कैंसिल हो चुकी हैं। इसमें रीजनल और मुख्य उड़ानें शामिल हैं। हालांकि, अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें इससे बचेंगीं। एफएए के मुताबिक यह कदम एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की कमी को कम करने के लिए उठाया गया है। ये कंट्रोलर्स एक महीने से ज्यादा समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। उड़ानों में कटौती के बाद कई बड़े एयरलाइंस उड़ानें कैंसिल कर रहे हैं। रोजाना 1,800 उड़ानें कैंसिल होने का खतरा, 2.68 लाख लोग प्रभावित, यह कटौती धीरे-धीरे बढ़ेगी। शुक्रवार से 4 प्रतिशत उड़ानें कम होंगी, 14 नवम्बर तक यह 10 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। यह सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा। इससे घरेलू उड़ानें प्रभावित होंगी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इससे रोजाना 1,800 उड़ानें रद्द हो सकती हैं। वहीं, करीब 2.68 लाख लोग प्रभावित होंगे। डेल्टा एयर लाइंस ने शुक्रवार के लिए 170 उड़ानें रद्द कीं। यूनाइटेड एयरलाइंस ने 200 उड़ानें कैंसिल कीं। यह उनके शुक्रवार के शेडयूल का 4 प्रतिशत है। वही, अमेरिकन एयरलाइंस ने 220 उड़ानें कम कीं। साउथवेस्ट एयरलाइंस ने 100 उड़ानें रद्द कीं। एयरलाइंस फार अमेरिका ने कहा कि हम सरकार के साथ मिलकर यात्रियों की परेशानी कम करने की कोशिश कर रहे हैं। एफएए ने कहा कि एयरलाइंस खुद तय करेंगी कि कौन सी उड़ानें रद्द करनी है। फ्रंटियर समेत कई बड़ी एयरलाइंस ने अगले 10 दिनों के भीतर ट्रैवल करने वाले यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। फ्रंटियर एयरलाइंस के सीईओ बैरी बिफल ने इंस्टाग्राम पर कहा कि अगर आप शुक्रवार या अगले 10 दिनों में उड़ान भरने वाले हैं। तो बैकअप टिकट बुक करें। दूसरी एयरलाइन पर इकोनामी टिकट लें।




**थैंक्स गिविंग वीक की छुट्टियों से पहले यात्रा करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गई हैं**




श्रीनगर। नशा विरोधी रैली में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

# ट्रम्प नीति को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की मुहर

## पासपोर्ट पर लिंग पहचान सीमित, ट्रांसजेंडर समुदाय में नाराजगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रम्प प्रशासन को ऐसी नीति लागू करने की मंजूरी दे दी है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोग (ऐसे लोग जो खुद को केवल पुरुष या महिला के रूप में नहीं पहचानते हैं) अब अपने पासपोर्ट पर अपनी लैंगिक पहचान खुद नहीं चुन पाएंगे।

इस फैसले से पहले एक निचली अदालत ने आदेश दिया था कि सरकार लोगों को पासपोर्ट पर पुरुष, महिला या अन्य लिंग में से अपनी पहचान चुनने की अनुमति देती रहे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट के छह जजों की बहुमत वाली बेंच ने कहा कि पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है। यह देश के जन्मस्थान दिखाने जैसा ही है, सिर्फ एक तथ्यात्मक विवरण। तीन लिबरल जजों ने इस फैसले का विरोध किया। जस्टिस केतानजी ब्राउन जैक्सन ने कहा कि यह नीति ट्रांसजेंडर लोगों को 'हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव' के खतरे में डालती है। उन्होंने लिखा कि यह अदालत एक बार फिर ऐसे कदम को मंजूरी दे रही है जिससे लोगों को तुरंत नुकसान पहुंचेगा, बिना किसी ठोस कारण के। जैक्सन ने यह भी कहा कि यह नीति ट्रम्प के उस कार्यकारी आदेश से निकली है, जिसमें ट्रांसजेंडर पहचान को झूठा और विनाशकारी बताया गया था। अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) के वकील जान डेविडसन ने कहा कि यह फैसला बेहद दुखद है। यह लोगों को अपनी असली पहचान से दूर करने की कोशिश है और ट्रांसजेंडर समुदाय के खिलाफ सरकार के अभियान को और बढ़ावा देगा। कई ट्रांसजेंडर और नानबाइनरी लोगों ने अदालत में बताया था कि जब उनके पासपोर्ट पर उनकी पहचान गलत होती है, तो उन्हें हवाई अड्डों और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर अपमान, तलाशी और हिंसा का सामना करना पड़ता है। ट्रम्प प्रशासन ने दलील दी कि पासपोर्ट विदेशी मामलों का हिस्सा हैं और यह पूरी तरह से कार्यपालिका (राष्ट्रपति) के अधिकार में आता है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अन्ना केली ने इस फैसले को 'कामन सेंस और राष्ट्रपति ट्रम्प की विचारधारा की जीत' बताया। अटार्नी जनरल पैम बान्डी ने कहा कि सिर्फ दो ही लिंग हैं, पुरुष और महिला। न्याय विभाग इस सच्चाई की रक्षा करता रहेगा।



**पासपोर्ट पर जन्म के समय का लिंग दिखाना, समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है: अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट**

# न्यूयॉर्क की कहानी, प्यूर्टो रिको के बिना अधूरी: ममदानी

**सैन जुआन।** न्यूयार्क सिटी के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी ने चुनाव जीतने के बाद प्यूर्टो रिको का दौरा किया, जहां हर साल न्यूयार्क के राजनेता और लाबिस्ट जमा होते हैं। यह वार्षिक सम्मेलन श्सोमोसश के नाम से जाना जाता है और राजनीतिक रणनीति, चर्चाओं और मेलजोल का केंद्र माना जाता है।

समुद्र तट पर आयोजित स्वागत समारोह में जोहरान ममदानी का जोरदार स्वागत किया गया। वहां मौजूद भीड़ ने तालियों बजाकर उनका स्वागत किया, और न्यूयार्क की अटार्नी जनरल लेटिशिया जेम्स ने मंच से सबको 'ममदानी, वो-ओ-ओ-ओ' गीत गाने के लिए प्रेरित किया, पुराना मशहूर गीत 'वोलेरे' की धुन पर। जोहरान ममदानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सोमोस में आकर बहुत खुश हूं। न्यूयॉर्क सिटी की कहानी आप प्यूर्टो रिको की कहानी के बिना नहीं बता सकते। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने यहां का पारंपरिक पकवान 'मोफोंगो' खाया और उसकी तारीफ की। इस सम्मेलन के दौरान 'राइजिंग कम्युनिटीज के जरिए वर्कफोर्स डेवलपमेंट' और 'ह्यूमन सर्विसेज का जश्न' जैसे विषयों पर कार्यक्रम रखे गए हैं। इसके अलावा कई विधाई कार्यशालाएं भी होंगी। आमतौर पर यह सम्मेलन चुनाव के बाद नेताओं के लिए आराम, बातचीत और नेटवर्किंग का मौका होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108